नई दिल्ली

मंगलवार, 30 सितंबर 2025

अश्विन मास शुक्ल पक्ष,
अष्टमी वर्ष : 29, अंक : 167
पृष्ठ 12 मूल्य 2.00


**मौसम**

अधि. 36.0
न्यून. 27.0

# हरिभूमि


दिल्ली, हरियाणा, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com


**बाजार का हाल**

| मार्केट | बंद | गिरावट |
|---|---|---|
| सेंसेक्स | 80,364.94 | 61.52 ▼ |
| निफ्टी | 24,634.90 | 19.80 ▼ |

| धातु | कीमत | उछाल |
|---|---|---|
| सोना | 1,19,500/- | 1500/- ▲ |
| चांदी | 1,50,000/- | 7000/- ▲ |

(सोना प्रति 10 ग्राम और चांदी प्रति किलो रु. में)

| मुद्रा | प्रति डॉलर | नीचे |
|---|---|---|
| रुपया | 88.79 | 7 पैसे ▼ |
| क्रूड ऑयल 69.17 बैरल | | 1.37% ▼ |

पेट्रोल दिल्ली में 94.72 रु. लीटर और डीजल 87.62 रु. लीटर बिक रहा है।






## अष्टमी-मां महागौरी



श्वेते वृषे समरूढा श्वेताम्बराधरा शुचिः।
महागौरी शुभं दद्यान्महादेवप्रमोददा।।






## आरबीआई के डिप्टी गवर्नर बने शिरीष चंद्र मुर्मू



**नई दिल्ली।** भारतीय रिजर्व बैंक को नया डिप्टी गवर्नर मिल गया है। केंद्र सरकार ने शिरीष चंद्र मुर्मू को आरबीआई का नया डिप्टी गवर्नर नियुक्त किया है। उनकी नियुक्ति तीन साल के लिए की गई है और उनकी जिम्मेदारी 9 अक्टूबर 2025 से शुरू होगी। कैबिनेट की अपॉइंटमेंट कमेटी (एसीसी) ने उनकी नियुक्ति को मंजूरी दी है। वह एम. राजेश्वर राव की जगह लेंगे, जिनका कार्यकाल 8 अक्टूबर को खत्म हो रहा है। राजेश्वर राव ने अपने कार्यकाल में बैंकिंग रेगुलेशन और सुपरविजन समेत कई जिम्मेदारी संभाली।

**हमसे सीखो देशभक्ति :** सूर्यकुमार ने एशिया कप के सभी मैचों की अपनी फीस पहलगाम आतंकी हमले में मारे गए लोगों के परिजनों और सशस्त्र बलों को देने का ऐलान किया

एशिया कप में लगभग कुचल दी गई पाक की टीम गरम तवे पर जा बैठी, आतंकियों की हिमायत में उतरी

# पाक क्रिकेटर 'सिंदूर' में मारे गए आतंकियों को देंगे मैच फीस, ट्रॉफी लेकर भागा नकवी

टीम इंडिया ने कहा कि वे अमीरात क्रिकेट बोर्ड के पदाधिकारी के हाथों ट्रॉफी लेना पसंद करेंगे लेकिन, जिनके हाथ पहलगाम में निरपराध 26 भारतीयों के खून से रंगे हों, उनसे ट्रॉफी नहीं लेंगे



एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

एशिया कप के तीसरे मैच में जबरदस्त शिकस्त खाने वाली पाक टीम के खिलाड़ी भी आतंकियों के प्रेम से ग्रस्त निकले। मैदान पर तो उन्होंने जेट गिराने के आपत्तिजनक एक्शन किए ही पर जब वे मैदान में पूरी तरह से गिरे तो बौखला गए। फाइनल मैच में इनामी राशि 75 हजार डॉलर का चेक पाक टीम कप्तान सलमान आगा ने जमीन पर फेंक दिया।

बाद में प्रेस कांफ्रेस कर कहा कि पाक टीम ऑपरेशन सिंदूर में मारे गए आतंकियों को अपनी मैच फीस देगी। गौर हो कि एशिया कप में टीम इंडिया ने पाक खिलाड़ियों से कभी हैंडशेक नहीं किया। साथ ही एशिया क्रिकेट परिषद (एसीसी) व पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) के अध्यक्ष अध्यक्ष मोहसिन नकवी से हाथों ट्रॉफी लेने से इंकार कर दिया था। 20 मिनट तक नकवी ने इंतजार किया पर टीम इंडिया ने कहा कि वे अमीरात क्रिकेट बोर्ड के पदाधिकारी के ⏩ शेष पेज 5 पर

**बौखलाया नकवी मैदान से मेडल व ट्रॉफी लेकर ही भाग खड़ा हुआ**

**बीसीसीआई के सचिव देवजीत सैकिया ने कहा- आईसीसी से शिकायत करेंगे**

बीसीसीआई ने दी चेतावनी- जल्द वापस करें ट्रॉफी, वो पीसीबी की प्रॉपर्टी नहीं



ट्रॉफी ले जाने की एक्टिंग करते कप्तान सूर्यकुमार

### पीएम के बयान पर बोले सूर्या

## अच्छा लगता है जब देश का लीडर फ्रंट फुट पर बल्लेबाजी करता है



सूर्यकुमार ने पीएम नरेंद्र मोदी के ट्वीट पर कहा कि अच्छा लगता है जब देश का लीडर फ्रंट फुट पर बल्लेबाजी करता है। यह ऐसा है जैसे वह खुद स्ट्राइक लेकर रन बना रहे हैं। यह देखकर बहुत अच्छा लगा और जब सर सामने खड़े हों तो निश्चित रूप से खिलाड़ी खुलकर खेलेंगे। मोदी ने इसे ऑपरेशन सिंदूर से जोड़ा था और भारतीय क्रिकेटरों को बधाई दी थी। मोदी ने एक्स पर लिखा था- खेल के मैदान पर भी ऑपरेशन सिंदूर। यहां भी नतीजा वही- भारत जीता। हमारे क्रिकेटरों को इसके लिए बधाई।

### *पाकिस्तान इस सजा का हकदार: रिजिजू*

*किरेन रिजिजू ने रऊफ को आउट करने के बाद बुमराह ने जो इशारा किया उसका स्क्रीनशॉट शेयर किया है। दरअसल, बुमराह ने रऊफ को औकात दिखाते हुए उनका बीच मैदान मजाक उड़ाया था। रिजिजू ने पोस्ट शेयर कर कैप्शन में लिखा- पाकिस्तान इस सजा का हकदार था।*

### दिल जीतना ही असली ट्रॉफी

नकवी के हाथों से ट्रॉफी नहीं लेने पर सूर्यकुमार ने कहा कि मैं इसे विवाद नहीं कहूंगा। अगर आपने देखा हो, तो लोगों ने ट्रॉफी की तस्वीरें इधर-उधर पोस्ट की हैं। लेकिन असली ट्रॉफी तो तब मिलती है जब आप लोगों का, खिलाड़ियों का, अपने द्वारा अर्जित विश्वास का, सपोर्ट स्टाफ का, उनके द्वारा दिखाए गए विश्वास का और पर्दे के पीछे काम करने वाले लोगों का दिल जीतते हैं। वही असली ट्रॉफी होती है। असली ट्रॉफी मैदान पर मौजूद इतने सारे लोगों की मेहनत होती है।

### नकवी ने हताशा में बोला ऐसा झूठ

भारत की जीत पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारतीय टीम को बधाई दी थी। जवाब में नकवी ने ट्वीट कर एक चौंकाने वाला और झूठा बयान दिया। उन्होंने लिखा-अगर गर्व का पैमाना युद्ध है, तो इतिहास पहले ही आपकी शर्मनाक हार को पाकिस्तान के हाथों दर्ज कर चुका है। कोई भी क्रिकेट मैच इस सच को नहीं बदल सकता। खेल में युद्ध घसीटना केवल हताशा दिखाता है और खेल की आत्मा का अपमान है।

## अब भूटान तक दौड़ेगी भारत की रेल...



## दोनों देशों की आम-जनता की आवाजाही के साथ ही माल ढुलाई में भी मददगार होगा ये रेल नेटवर्क

जुड़ेंगे 2 शहर, 90 किलोमीटर का ट्रैक, 4033 करोड़ की लागत, 7 साल में पूरी होगी परियोजना


हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

घरेलू और वैश्विक स्तर पर बनी हुई चुनौतियों के बीच अब वो दिन दूर नहीं जब भारत की रेल भूटान तक दौड़ेगी। दोनों देशों के बीच यह पहली बड़ी रेल परियोजना है। जिसे लेकर समझौते पर हस्ताक्षर हो गए हैं। जल्द ही धरातल पर निर्माण कार्य का श्रीगणेश किया जाएगा।

परियोजना के तहत भारत के असम के कोकराझार और बानरहाट से भूटान के दो शहरों गेलेफू और समत्से को जोड़ा जाएगा। ट्रैक की कुल लंबाई 90 किलोमीटर की होगी, परियोजना पर आने वाली कुल लागत 4 हजार 33 हजार करोड़ रुपए है और इसे पूरा होने में सात साल का समय लगेगा। परियोजना पर आने वाला पूरा खर्च भारत वहन करेगा। ट्रेन की तकनीक से लेकर कोच, सिग्नल सिस्टम सब कुछ शत-प्रतिशत स्वदेशी होगा। इस रेल नेटवर्क के जरिए उत्तर-पूर्व के साथ ही भूटानी ⏩ शेष पेज 5 पर

### *पीएम के नेतृत्व का परिणाम*

*मिस्री ने बताया कि भारत-भूटान के बीच रेल संपर्क स्थापित करने की एक बड़ी और नई पहल हुई है। जो दोनों के बीच असाधारण विश्वास, आपसी सम्मान और समझ को प्रदर्शित करता है। यह संबंध सांस्कृतिक-सभ्यतागत संबंधों से लेकर व्यापक जन संबंधों और हमारे साझा विकासात्मक, सुरक्षा हितों पर आधारित हैं। परियोजना में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विजनरी नेतृत्व की महत्वपूर्ण भूमिका है। बीते वर्ष 2024 के मध्य में पीएम की भूटान यात्रा के दौरान इस परियोजना को लेकर न केवल सहमति बनी थी। बल्कि एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर भी हस्ताक्षर किए गए थे। जिसके बाद अब भारत द्वारा इस परियोजना को धरातल पर अमलीजामा पहनाने का औपचारिक रूप से ऐलान किया गया है। 2024 वही साल था जब भूटान ने अपने सर्वोच्च नागरिक पुरस्कार से भारत के प्रधानमंत्री को सम्मानित किया था।*



भारत पर भी पड़ेगा अमेरिका के राष्ट्रपति के फैसले का असर

# ट्रंप का नया धमाका, अब अमेरिका से बाहर बनी फिल्मों पर लगेगा 100% टैरिफ

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

टैरिफ को लेकर डोनाल्ड ट्रंप ने एक नया धमाका किया है। जिसमें अब उन्होंने अमेरिका से बाहर यानी विदेशों में बनने वाली सभी फिल्मों पर 100 फीसदी टैरिफ लगाने की घोषणा की है। दुनियाभर के देशों के साथ ही भारत पर भी इसका प्रभाव पड़ेगा। क्योंकि हर साल भारतीय सिनेमा उद्योग द्वारा न केवल बड़ी तादाद में अमेरिका में फिल्मों की शूटिंग की जाती है।

बल्कि देश के अंदर भी विदेशी फिल्मों के कई रीमेक भी बनने के बाद देखने को मिलते हैं। इसके अलावा बीते कुछ सालों में भारतीय फिल्म उद्योग के अमेरिका में जा पहुंचे कारोबार की बात करें तो यह करीब 20 मिलियन डॉलर तक जा पहुंचा है। अमेरिकी राष्ट्रपति ने सोमवार को टुथ सोशल पर एक पोस्ट साझा कर अपने इस फैसले का ऐलान किया है। जिसमें उन्होंने कहा कि अमेरिकी फिल्म उद्योग अन्य देशों द्वारा ठग लिया गया है। ये ठीक एक बच्चे ⏩ शेष पेज 5 पर

भविष्य में टैरिफ की रडार पर रहेगा फर्नीचर उद्योग, जल्द होगी इसे लेकर बड़ी घोषणा



### भारत पर चौथी बार पड़ी टैरिफ की मार

उल्लेखनीय है कि अमेरिका के राष्ट्रपति द्वारा बीते कुछ वक्त में भारत पर करीब चार बार टैरिफ लगाया गया है। सबसे पहले रूस से जारी कच्चे तेल की खरीद को लेकर दुनिया में सबसे ज्यादा 50 फीसदी टैरिफ लगाया गया था। जिसमें 25 फीसदी भाग जुर्माने का है। इसके बाद ईरान स्थित चाबहार बंदरगाह को लेकर जारी विकास परियोजनाओं के संदर्भ में प्रतिबंध लगाए गए। फिर 1 अक्टूबर से ब्रांडेड और पेटेंटेड दवाओं पर 100 फीसदी टैरिफ की घोषणा की गई और अब फिल्मों पर भी शत-प्रतिशत लागू करने का फरमान ट्रंप ने सुना दिया है।

## राष्ट्रीय हितों को प्राथमिकता देगा भारत

अमेरिका की टैरिफ की धमकियों के बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने स्वयं सार्वजनिक रूप से मामले को लेकर भारत का पक्ष पूरी दुनिया के सामने रखा है। जिसमें उन्होंने साफ किया है कि देश की तेल खरीद पूरी तरह से घरेलू आम जनता की ऊर्जा जरूरतों की हर हाल में पूर्ति को ध्यान में रखते हुए की जा रही है। जिसमें वैश्विक बाजारों की स्थिति और आंतरिक आकलन को महत्व दिया जाता है। राष्ट्रीय हितों के साथ किसी तरह का कोई समझौता नहीं किया जाएगा। भारत के किसानों और सूक्ष्म एवं लघु उद्योगों (एमएसएमई) के हितों पर सरकार किसी तरह की कोई आंच नहीं आने देगी। वहीं, विदेश मंत्रालय ने भी अपने एक पूर्व ⏩ शेष पेज 5 पर




### बाप-बेटे और पोते की मौत से परिवार में मचा कोहराम

# बाइक सवार को अज्ञात वाहन ने मारी टक्कर, परिवार के तीन सदस्यों की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



जहांगीरपुरी थानाक्षेत्र के मुकुंदपुर फ्लाईओवर पर रविवार आधी रात एक दर्दनाक सड़क हादसे में 10 वर्षीय बच्चे सहित तीन लोगों की मौत हो गई। मृतकों में पिता पुत्र और पोता शामिल है। सभी के शवों को मोर्चरी भिजवाया गया है। मृतकों के नाम मोहम्मद शाहिद (60) निवासी गली नंबर 8, उत्तरी घोंडा, बेटा फैज (28) और शाहिद का पोता हमजा (12) बताये गये हैं। प्रारंभिक जांच में पता चला है कि बाइक सवार मुकुंदपुर से बुराड़ी की तरफ जा रहे थे, तभी किसी अज्ञात वाहन ने उन्हें टक्कर मार दी। हादसे के बाद आरोपी चालक वाहन समेत फरार हो गया। पुलिस के अनुसार 29 सितंबर लगभग 12:05 बजे, जहांगीरपुरी थाने में मुकुंदपुर फ्लाईओवर, आउटर रिंग रोड के पास एक सड़क दुर्घटना की सूचना मिली। पुलिस घटनास्थल पर पहुंची पाया कि स्प्लेंडर मोटरसाइकिल सवार तीन लोगों की एक हिट-एंड-रन दुर्घटना में मृत्यु हो गई थी। दुर्घटनास्थल के आसपास कोई सीसीटीवी कैमरा नहीं मिला। हालांकि उपलब्ध फुटेज व अन्य सुरागों के लिए मार्ग की गहन जांच की जा रही है। घटनास्थल पर कोई प्रत्यक्षदर्शी भी नहीं मिला। जहांगीरपुरी थाने में धारा 281/106(1) बीएनएस के तहत एफआईआर दर्ज की गई है।

■ जहांगीरपुरी थानाक्षेत्र के मुकुंदपुर फ्लाईओवर पर हुआ हादसा

पुलिस ने बताया कि बाइक सवार तीनों लोग मुकुंदपुर से बुराड़ी की ओर जा रहे थे तभी यह हादसा पेश आया। आशंका है कि किसी भारी वाहन ने बाइक को टक्कर मारी। मृतकों के एक जानकार ने बताया कि हादसे में जान गंवाने वाला परिवार घोंडा क्षेत्र में रहता था। फैजान की बहन द्वारका में रहती है। रविवार को बहन के यहां दावत थी। फैजान अपने पिता व पोते के साथ बहन के घर गए हुए थे। रात को वहां से लौट रहे थे। शाहिद बाइक चला रहा था। मुकुंदपुर फ्लाईओवर पर पीछे से किसी वाहन ने टक्कर मारी, जिससे शाहिद की बाइक अनियंत्रित हो गई और हादसे में बाइक सवार तीनों लोगों की मौत हो गई।

## महिलाओं से धोखाधड़ी का आरोपी नाइजीरियाई अरेस्ट



हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

पश्चिमी दिल्ली के तिलक नगर से 29 वर्षीय एक नाइजीरियाई नागरिक को गिरफ्तार किया गया है। इस पर एप के जरिये सैंकड़ों महिलाओं को चूना लगाने का आरोप है। एप पर आरोपी खुद को ब्रिटिश कोरियाई व्यवसायी बताता था। आरोपी का नाम स्टीफन उर्फ के सी डोमिनिक बताया गया है।

पुलिस ने डोमिनिक एक ऐसे एप का इस्तेमाल करता था जो दुनिया भर के मूल भाषियों से चैट करके उपयोगकर्ताओं को भाषाओं का अभ्यास करने में मदद करता है। इस एप के जरिये वह अविवाहित महिलाओं को निशाना बनाता था। उनका विश्वास जीतने के बाद वह बड़ी राशि के चेक या दस्तावेज मंजूरी के लिए आव्रजन विभाग में फंसे होने का दावा करता था। पुलिस ने बताया कि उसके साथी पैसे की मांग करने के लिए अधिकारी बनकर फोन कॉल करते थे, जिसे पीड़ित डिजिटल रूप से हस्तांतरित कर देते थे।

डोमिनिक कथित तौर पर खुद को ब्रिटेन में बसे एक कोरियाई आभूषण व्यवसायी डक यंग के रूप में पेश करता था और महिलाओं को व्यक्तिगत संबंधों और व्यावसायिक साझेदारी के झूठे वादों से फंसाता था। यह मामला तब प्रकाश में आया जब अंजलि नामक महिला ने 24 सितंबर को शिकायत दर्ज कराई कि उसके साथ 48,500 रुपये की ठगी हुई है।

## हिट एंड रन मामले में 19 वर्षीय युवक गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



पहाड़गंज में हिट एंड रन मामले में एक पैदल यात्री को टक्कर मारने के आरोप में 19 वर्षीय युवक को गिरफ्तार किया गया है। घटना 25 सितंबर को सदर थाना रोड पर नबी करीम निवासी आरोपी विष्णु ने मोटरसाइकिल चलाते हुए एक पैदल यात्री को टक्कर मारी थी।

डीसीपी निधि वलसन के अनुसार घायल शख्स को गंभीर हालत में लेडी हार्डिंग अस्पताल ले जाया गया था। घटनास्थल या अस्पताल में कोई प्रत्यक्षदर्शी नहीं मिला, जिसके बाद पहाड़गंज थाने में मामला दर्ज किया गया। एक टीम गठित की गई और सीसीटीवी फुटेज की जांच की गई। पुलिस को नबी करीम में एक लावारिस मोटरसाइकिल मिली, जिसकी पहचान टक्कर मारने वाले वाहन के रूप में हुई। डीसीपी के अनुसार बाइक मालिक ने बताया कि इसका इस्तेमाल विष्णु कर रहा था, जिसे पकड़ लिया गया है। पूछताछ के दौरान उसने पुलिस को बताया कि पीड़ित अचानक उसके वाहन के सामने आ गया था, जिसके बाद उसने नियंत्रण खो दिया और उसे टक्कर लग गई थी। डर के मारे वह मौके से भाग गया था। पुलिस ने मोटरसाइकिल जब्त कर ली है।

## प्रॉपर्टी डीलर से जबरन वसूली और फायरिंग केस में आठ लोग पहुंचे सलाखों के पीछे

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



लॉरेंस बिश्नोई गिरोह के नाम पर एक प्रॉपर्टी डीलर से पांच करोड़ रुपये की रंगदारी की मांग करने के सिलसिले में आठ लोगों को गिरफ्तार किया गया है। बाहरी उत्तरी जिले के डीसीपी हरेश्वर स्वामी ने सोमवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि 14 सितंबर को इलाके में रहने वाले एक प्रॉपर्टी डीलर को अंतरराष्ट्रीय नंबर से कॉल आया था। कॉल करने वाले ने खुद को बिश्नोई गैंग से बताया और पांच करोड़ रुपये की मांग की। इसके बाद धमकी देने वालों ने प्रॉपर्टी डीलर के ऑफिस पर गोली भी चलाई गई थी। डीसीपी ने बताया कि मुख्य हमलावर, हथियार आपूर्तिकर्ता और वित्तीय सहायक सहित आठ आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। दिनेश, हिमांशु और गौरव गोलीबारी में शामिल थे।

आशीष त्यागी और कुणाल द्वारा हथियार आपूर्ति की गई। गोलीबारी और हथियार आपूर्ति के लिए इस्तेमाल की गई दो मोटरसाइकिल भी जब्त कर ली गई है। डीसीपी ने बताया कि 14 सितंबर को नरेला थाने में सूचना मिली कि दो लड़के सफेद रंग की बाइक से डीलर के ऑफिस के बाहर पहुंचे और फायरिंग करके हरियाणा की तरफ भाग गए थे। पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची और पाया कि घटना में राजेश कौशिक पुत्र श्रीनिवास कौशिक नामक शख्स घायल हुआ था। जय भवानी बिल्डकॉन के बाहर से चार खाली कारतूस भी बरामद किए गए। इसके बाद डीलर के पास पांच करोड़ की रंगदारी मांगी गई। 18 सितंबर को दिनेश, सौरव और हेमंत उर्फ अक्षय नामक तीन व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया। तीनों गोली चलाने के आरोपी थे। 26 सितंबर को आशीष त्यागी उर्फ काला, वंश मलिक और राहुल उर्फ पिस्तौल को पकड़ा गया। इन पर आरोपियों को बाइक और हथियारों से मदद करने का आरोप है। उसी दिन दो और आरोपियों संदीप उर्फ सन्नी उर्फ चानी और संदीप को गिरफ्तार किया गया, जिन्होंने सह-आरोपियों की आर्थिक मदद की थी। पूछताछ में पता चला कि पूरी साजिश जोरा नामक व्यक्ति ने रची थी, जो कथित तौर पर खुद को लॉरेंस बिश्नोई का भाई बताता है।


**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

धारा 82 Cr. P.C. देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया है अभियुक्त नामः **खालिद उर्फ पप्पू, पुत्रः निशार अहमद, निवासीः मकान नं. 105, गली नंबर 03, ए–1 ब्लॉक, नेहरू विहार, दिल्ली** ने अपराध किया है (या किए जाने का संदेह है) **FIR No.225/2012 U/S. 323/377 IPC** के तहत एक मामला **थाना खजूरी खास, उत्तर–पूर्वी जिला, दिल्ली** में दर्ज किया गया है और उसके बाद जारी गिरफ्तारी वारंट को यह कहते हुए वापस कर दिया गया है कि अभियुक्त **खालिद उर्फ पप्पू** नहीं मिला या मेरी संतुष्टि के लिए दिखाया गया है कि अभियुक्त **खालिद उर्फ पप्पू** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा कि **FIR No.225/2012 U/S. 323/377 IPC, थाना खजूरी खास, उत्तर–पूर्वी जिला, दिल्ली** के अभियुक्त **खालिद उर्फ पप्पू** को उक्त शिकायत का जवाब देने के लिए दिनांक **01.11.2025** को या उससे पहले अदालत के समक्ष उपस्थित होना आवश्यक है।

आदेशानुसार, सुश्री कनिका अग्रवाल
न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी–03,
उत्तर–पूर्वी जिला,
कमरा नंगर–22, पहली मंजिल,
कड़कड़डूमा न्यायालय, दिल्ली

DP/13083/NE/2025
(अदालती मामला)


## पूर्व डूसू अध्यक्ष रौनक खत्री को धमकी

**नई दिल्ली।** दिल्ली विश्वविद्यालय छात्र संघ (डूसू) के पूर्व अध्यक्ष रौनक खत्री से गैंगस्टर रोहित गोदारा के नाम पर पांच करोड़ की वसूली की डिमांड की गई है। रौनक ने इस संबंध में बाहरी उत्तरी जिले की पुलिस को ईमेल के जरिये शिकायत भेजी है। पुलिस का कहना है कि शिकायत पर जांच शुरू कर दी गई है। वाट्सएप चैट के जरिए रौनक को धमकी दी गई। उनसे कहा गया कि पांच करोड़ दो वरना गोली मार देंगे। डूसू के पूर्व अध्यक्ष को वाट्सएप पर मैसेज भेजकर कहा गया कि रोहित गोदारा बोल रहा हूं तेरी नेतागीरी अब खत्म हुई। तू हमारा फोन कब तक नहीं उठाएगा, हमारी बात का जवाब अब गोली ही देगी। पांच करोड़ से नीचे में हमारे पास कोई समझौता नहीं है। रौनक खत्री ने दिल्ली पुलिस को इसकी शिकायत दी है। साथ ही यह भी कहा कि वह ऐसे गैंगस्टरों की धमकी से डरने वाले नहीं हैं। पुलिस फिलहाल मामले की जांच कर रही है। उल्लेखनीय है कि कांग्रेस समर्थित भारतीय राष्ट्रीय छात्र संघ (एनएसयूआई) के सदस्य रौनक खत्री ने 2024 के डूसू चुनाव में अध्यक्ष पद पर जीत दर्ज की थी।

## बड़े ड्रग्स कार्टेल का पर्दाफाश, एक करोड़ की ड्रग्स के साथ तीन पकड़े

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



क्राइम ब्रांच ने दिल्ली-एनसीआर में सक्रिय एक ड्रग्स कार्टेल का भंडाफोड़ कर तीन तस्करों को गिरफ्तार किया है। इनके कब्जे से करीब एक करोड़ रुपये की मेथमफेटामाइन और एमडीएमए नामक ड्रग्स बरामद बरामद की गई। पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि वह पहले अलग-अलग पेशे में थे, लेकिन कोरोना महामारी के बाद ड्रग्स के धंधे में शामिल हो गए थे।

डीसीपी संजीव कुमार यादव के अनुसार गिरफ्तार किये गये लोगों से 32 ग्राम मेथामफेटामाइन और 7 ग्राम एमडीएमए (टैबलेट) बरामद हुई है। इसकी अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत लगभग 1 करोड़ आंकी गई है। यादव ने बताया कि 2 सितंबर को एएसआई नरेश कुमार को वसंत कुंज स्थित मसूदपुर गांव में मादक पदार्थों की एक खेप के बारे में विश्वसनीय सूचना मिली थी। त्वरित कार्रवाई करते हुए मसूदपुर गांव में जाल बिछाया। दो व्यक्तियों तजिंदरपाल सिंह उर्फ हैप्पी (30) और विक्रम सिंह भदौरिया (29) को 24 ग्राम मेथामफेटामाइन के साथ गिरफ्तार किया गया। आरोपी हैप्पी की पीसी रिमांड और छापों के दौरान 4 सितंबर को वसंत कुंज से कुंदन सिंह बिष्ट उर्फ केडी को गिरफ्तार किया गया। उसके कब्जे से 8 ग्राम मेथामफेटामाइन और 7 ग्राम एमडीएमए गोलियों के रूप में बरामद हुई।

## कोर्ट ने जामा मस्जिद दंगा मामले में 16 आरोपियों को किया बरी

**नई दिल्ली।** दिल्ली की एक अदालत ने 2012 के एक मामले में अभियोजन पक्ष के आरोपों के संबंध में गंभीर संदेह को रेखांकित करते हुए 16 आरोपियों को दंगा, आगजनी और गैरकानूनी ढंग से एकत्र होने समेत विभिन्न आरोपों से बरी कर दिया है। अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश वीरेंद्र कुमार खरता एक मामले की सुनवाई कर रहे थे, जिसमें आरोपियों पर 21-22 जुलाई, 2012 की मध्यरात्रि को जामा मस्जिद के पास उर्दू बाजार इलाके में गैरकानूनी ढंग से एकत्र होने, पथराव करने, दंगा और आगजनी करने, थाने में आग लगाने और चोरी करने का आरोप लगाया गया था। अदालत ने 24 सितंबर को कहा कि अभियोजन पक्ष के कई गवाहों में से कोई भी किसी भी आरोपी की पहचान नहीं कर पाया, न ही उन्होंने अपनी व्यक्तिगत भूमिका के बारे में बताया, जिससे अभियोजन पक्ष के आरोपों पर गंभीर संदेह पैदा होता है। अदालत ने कहा, अभियोजन पक्ष के अनुसार, कथित घटना लंबे समय तक जारी रही और कई थाना प्रभारी और अन्य वरिष्ठ पुलिस अधिकारी भी घटनास्थल पर पहुंचे, लेकिन किसी भी पुलिस अधिकारी ने अपने मोबाइल फोन से घटना की वीडियोग्राफी नहीं की, जिसके माध्यम से आरोपी व्यक्तियों के चेहरों का मिलान या पहचान की जा सकती थी। लिहाजा इससे अभियोजन पक्ष के आरोपों पर गंभीर संदेह पैदा होता है।


**SAINIK FINANCE & INDUSTRIES LIMITED**

Regd. Office- 129, Transport Centre, Rohtak Road, Punjabi Bagh, New Delhi - 110035
Corporate Office: 7th Floor, Corporate Office Tower, Ambience Mall, N.H.48, Gurugram-122002
E-mail: info@sainik.org Website: www.sainikfinance.com
CIN: L26912DL1991PLC045449
Telephone No.-011-28315036/0124-2719000 Fax No.-011-28315044/ 0124-2719100

**NOTICE OF SPECIAL WINDOW FOR RE·LODGEMENT OF TRANSFER REQUEST OF PHYSICAL SHARES**

Pursuant to SEBI Circular No. SEBI/HO/MIRSD/MIRSD-PoD/P/CIR/2025/97 dated 2nd July, 2025, Shareholders are hereby informed that a Special Window has been opened only for relodgement of transfer deeds which were lodged prior to the deadline of 1st April, 2019 and rejected/returned/not attended, due to deficiency in the documents/ process or other reasons. This relodgement window shall remain open for a period of six months i.e. from 7th July, 2025 till 6th January, 2026.

During this period, the shares/securities that are re-lodged for transfer including those requests that are pending with the Company shall be processed and issued only in dematerialized form, subject to verification and approval of all documents by the Company and the Registrar and Share Transfer Agent, Indus Shareshree Private Limited ('RTA').

The lodger must have a demat account and provide its Client Master List ('CML'), along with the transfer documents and share certificate, while lodging the documents for transfer with RTA. Transfer requests submitted after 6th January, 2026 will not be accepted by the Company/RTA.

Shareholders are requested to send their transfer requests along with the required documents at the following address:

Indus Shareshree Private Limited
G-65, Bali Nagar New Delhi-110015
Tel. No.: 91 -11-47671200; Toll Free No.: 1800 3094001
Email Id: ippl@indusinvest.com

For Sainik Finance & Industries Limited
Sd/-
Piyush Garg
Company Secretary

Place: Gurugram
Date: 29.09.2025


### 30 साल पुरानी लंबित मांगों का नहीं हो रहा पक्का समाधान

# निगम मुख्यालय पर अनिश्चितकालीन हड़ताल पर बैठे निगम कर्मी

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



दिल्ली नगर निगम के जन स्वास्थ्य विभाग के अंतर्गत डीबीसी, एमटीएस, सीएफडबल्यू कर्मचारी एंटी मलेरिया एकता कर्मचारी यूनियन के बैनर तले अपने बच्चों सहित निगम मुख्यालय सिविक सेंटर के गेट नंबर 5 पर निश्चितकाल के लिए हड़ताल पर बैठ गए। यूनियन के महासचिव देवानंद शर्मा ने सोमवार को बताया कि उनकी जायज मांगों को हल करने के लिए प्रशासन द्वारा बार-बार केवल समय मांगा जा रहा है, लेकिन कोई निश्चित समय सीमा तय नहीं की जा रही है, इसलिए इस हड़ताल को विवश है।

उन्होंने कहा कि हम अपनी 30 साल पुरानी लंबित मांगों के समाधान के लिए सैकड़ों बार आवाज उठा चुके हैं। वहीं, इन हड़ताली कर्मियों के समर्थन में सोमवार को विपक्षी दल आम आदमी पार्टी, इंद्रप्रस्थ विकास पार्टी और कांग्रेस इनके साथ नजर आई। एमसीडी में नेता विपक्ष अंकुश नारंग ने हड़ताल पर बैठे कर्मियों से मुलाकात कर कहा कि भाजपा सरकार को कर्मियों की सारी मांगे तत्काल पूरी करनी चाहिए। कर्मियों की समान वेतन, मेडिकल अर्न लीव और अनुकंपा के आधार परिवार के एक सदस्य को नौकरी देने की मांग जायज है। मैने इनकी मांग पूरी करने के लिए महापौर को कई बार पत्र लिखा है, सदन में भी यह मुद्दा उठाया। लेकिन महापौर ने कोई कार्रवाई नहीं की। दिल्ली में मौसमी बीमारियां कहर बरसा रही हैं। 5 हजार से अधिक कर्मियों के हड़ताल पर जाने से हालात और खराब होंगे। वहीं, इंद्रप्रस्थ विकास पार्टी के नेता एवं दिल्ली नगर निगम में वरिष्ठ निगम पार्षद मुकेश गोयल ने एमसीडी के एमटीएस (पब्लिक हेल्थ) कर्मचारियों के अनिश्चित कालीन हड़ताल पर जाने पर गहरी चिंता व्यक्त की है। उन्होंने निगम आयुक्त अश्विनी कुमार और दिल्ली के महापौर राजा इकबाल सिंह से मांग की है कि इन कर्मचारियों की मांगों पर सहानुभूति पूर्वक विचार करते हुए तुरंत समस्या का निदान करना चाहिए।जबकि प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष देवेंद्र यादव ने कहा कि दिल्ली कांग्रेस दिल्ली नगर निगम के एंटी मलेरिया और एमटीएस कर्मचारियों की हड़ताल का पूर्ण समर्थन करती है और यदि इनकी मांगे जल्द पूरी नही हुई तो कांग्रेस उनकी लड़ाई को अंजाम तक लेकर जाएगी।


**प्रतिभा इंडस्ट्रीज लिमिटेड (परिसमापन में)**

लिक्विडेटर का पता – 106, प्रथम तल, कनकिया एट्रियम 2, क्रॉस रोड ए, कोर्टयार्ड मैरियट के पीछे, चकाला, अंधेरी ईस्ट, मुंबई – 400093
संपर्कः +91 88793 99177, ईमेल : liquidator.pratibha@gmail.com

ई-नीलामी – आईबीसी के तहत परिसंपत्तियों की बिक्री, 2016
ई-नीलामी की तिथि और समयः 30 अक्टूबर 2025 (गुरुवार) अप. 01:00 बजे से अप. 02:00 बजे तक (प्रत्येक 5 मिनट के असीमित विस्तार के साथ)

प्रतिभा इंडस्ट्रीज लिमिटेड (परिसमापन में) के स्वामित्व वाली संपत्तियों की बिक्री, जो आईबीसी 2016 की धारा 35(एफ) के तहत परिसमापन प्रक्रिया विनियमों के विनियमन 33 के साथ परिसमापन संपत्ति का हिस्सा है। ई-नीलामी "जहां है, जैसा है", "जो है, जैसा है" के आधार पर, "जो कुछ भी है" और "कोई वापसी नहीं" के आधार पर आयोजित की जाएगी।

ई नीलामी बिक्री ई नीलामी सेवा प्रदाता के माध्यम से ई विक्रय नीलामी मंच वेबसाइट https://ibbi.baanknet.com/eauction-ibbi/home के माध्यम से हस्ताक्षरकर्ता द्वारा की जाएगी।

भारतीय राशि में

| क्र. सं. | विवरण | आरक्षित मूल्य | ईएमडी | बोली वृद्धि राशि |
|---|---|---|---|---|
| पार्सल में संपत्तियों की बिक्री | | | | |
| नीलामी की तिथि और समयः 30 अक्टूबर 2025, गुरुवार, दोपहर 1:00 बजे से दोपहर 2:00 बजे तक | | | | |
| 1. | मर्सिडीज बेंज -350 (MH04 HD 0006) | 30,11,500 | 3,01,150 | 30,200 |
| 2. | BMW 7 सीरीज 730 Ld एमिनेंस (MH04GR9009) | 13,24,184 | 132,420 | 13,250 |
| | कुल राशि | 43,35,684 | 4,33,570 | 43,450 |

नोटः
1. बोली लगाने की अनुमति ईएमडी जमा करने पर दी जाएगी।
2. परिसमापक बिना कोई कारण बताए और बिना किसी दायित्व के प्रक्रिया को रद्द या संशोधित करने का अधिकार सुरक्षित रखता है। यह एक गैर-बाध्यकारी प्रक्रिया है और परिसमापक/हितधारक परामर्श समिति के विवेक के अधीन होगी। अधिक जानकारी के लिए प्रक्रिया ज्ञापन देखें।
3. संभावित बोलीदाताओं को यह वचन देना होगा कि वे संहिता की धारा 29ए के अंतर्गत किसी भी प्रकार की अयोग्यता से ग्रस्त नहीं हैं, जहां तक लागू हो और यदि किसी भी स्तर पर अयोग्य पाए जाते हैं, तो जमा की गई बयाना राशि जब्त कर ली जाएगी।

रुचि की अभिव्यक्ति/स्थल निरीक्षण/ईएमडी जमा करने की अंतिम तिथिः 27 अक्टूबर 2025 (सोमवार) रात 8:00 बजे तक
ई-नीलामी की तिथि और समयः 30 अक्टूबर 2025 (गुरुवार) दोपहर 1:00 बजे से दोपहर 2:00 बजे तक

नोटः विस्तृत नियम व शर्तें, ई-नीलामी बोली दस्तावेज, घोषणा और ऑनलाइन नीलामी बिक्री के अन्य विवरण https://ibbi.baanknet.com/eauction-ibbi/home और प्रतिभा इंडस्ट्रीज लिमिटेड की वेबसाइट https://www.pratibhagroup.com पर उपलब्ध हैं।

किसी भी स्पष्टीकरण के लिए, कृपया नीचे दिए गए हस्ताक्षरकर्ता से liquidator.pratibha@gmail.com पर संपर्क करें।

हस्ता/–
एविल मेनेजेस
प्रतिभा इंडस्ट्रीज लिमिटेड के परिसमापक के रूप में
असाइनमेंट के लिए प्राधिकरण 31 दिसंबर 2025 तक वैधता
पंजीकरण संख्या IBBI/IPA-001/IP-P00017/2016-17/10041
पंजीकृत पताः 106, प्रथम तल, कनकिया एट्रियम 2, क्रॉस रोड ए, कोर्टयार्ड मैरियट के पीछे, चकाला, अंधेरी ईस्ट, मुंबई – 400093
ईमेलः liquidator.pratibha@gmail.com

दिनांक 30.09.2025
स्थानः मुम्बई

## ‘सत्ता के लिए नहीं बल्कि सेवा के लिए सरकार में है भाजपा’

# मोदी ने किया दिल्ली भाजपा के नए कार्यालय का उद्घाटन

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



हमारे लिए कोई भी भाजपा कार्यालय किसी मंदिर से कम नहीं है। इस नये कार्यालय में बैठकर लिए गए फैसलों में जितनी संवेदना और सेवा भाव होगा उतना ही दिल्ली के लोगों का हित होगा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को दीनदयाल उपाध्याय मार्ग स्थित दिल्ली प्रदेश भाजपा के नवनिर्मित प्रदेश कार्यालय के उद्घाटन के अवसर पर संबोधित करते हुए यह बातें कही। उन्होंने कहा कि कोई भी भाजपा कार्यालय सिर्फ इमारत नहीं है बल्कि मजबूत कड़ियां है जो पार्टी को जमीन से जनअपेक्षाओं से जोड़े रखती है । भाजपा सत्ता के लिए नहीं बल्कि सेवा के लिए सरकार में है और यह कार्यालय इसी चेतना को जागृत रखते हैं। इसलिए हमें निरंतर प्रयास करते रहना होगा कि दिल्ली भाजपा की पहचान यहां की सुविधाओं से नहीं बल्कि जनसुनवाई और जनसेवा से होनी चाहिए।

इस अवसर पर भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जे.पी. नड्डा, दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता, प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा सहित अनेक केंद्रीय मंत्री, सांसद व प्रदेश नेताओं की उपस्थिति रही। बता दें कि करीब 45 वर्षों से संगठन के पास अपना कार्यालय न होने की कमी सोमवार को शारदीय नवरात्र के बीच पूरी हुई।

### जरूरतमंदों की उम्मीदों पर खरा उतरने का सामूहिक प्रयास करें : मोदी

पीएम मोदी ने कहा कि हमें हमेशा याद रखना होगा कि इस कार्यालय में हमारा कार्यकर्ता किसी ना किसी जरुरतमंद की उम्मीदे लेकर आएगा और हम उन उम्मीदों पर खरा उतरने का सामूहिक प्रयास करें। इस नये कार्यालय में बैठकर लिए गए फैसलों में जितनी संवेदना और सेवा भाव होगा उतना ही दिल्ली के लोगों का हित होगा।

### प्रधानमंत्री हमेशा देश के बारे में सोचते हैं : नड्डा

भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा ने कहा कि एक लंबे अंतराल और इंतजार के बाद दिल्ली भाजपा का कार्यालय बनकर सुसज्जित है और प्रधानमंत्री के कर कमलों द्वारा उसका गणेश हुआ है। उन्होंने प्रधानमंत्री का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि पीएम मोदी ने अपने व्यस्तम कार्यक्रम में से अपना समय निकाला और आज हम सब के बीच उपस्थित है। नड्डा ने कहा कि प्रधानमंत्री हमेशा देश के बारे में सोचते हैं कि देश के 140 करोड़ देशवासियों का जीवन स्तर कैसे ऊंचा स्तर हो सकता है, कैसे खुशहाली आ सकती है, उसके लिए काम करते हुए हमने उन्हे देखा है।

### जनसंघ के समय से आवाज बनता रहा हमारा संगठन : सचदेवा

दिल्ली भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा ने कहा कि भारतीय जनसंघ के समय से हमारा संगठन दिल्ली वालों के लिए आवाज बनता रहा है। उन्होंने उन सभी कार्यकर्ताओं का स्वागत किया जिन्होंने दिल्ली भाजपा को सींचने में अपनी पूरी जिंदगी दी जिसके कारण आज दिल्ली में भाजपा की सरकार बनी है। सचदेवा ने अपने केन्द्रीय नेतृत्व का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उनके आशीर्वाद से हमें यानि दिल्ली भाजपा को नया पता मिला है। यह कार्यालय ही नहीं है बल्कि संस्कृति का केन्द्र है जो हमें कार्य और जनता की सेवा करना बताता है।

### हमारे कार्यालय का उद्घाटन होना खुशी का अवसर : रेखा गुप्ता

दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि यह खुशी का अवसर है जब हमारे कार्यालय का उद्घाटन हो रहा है और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के सेवा पखवाड़ा का समय चल रहा है इसलिए इस कार्यालय का उद्घाटन और भी खास हो जाता है। उन्होंने कहा कि हमारे शीर्ष नेतृत्व जिस प्रकार से अपना दायित्व निभा रहा है, उससे छोटा से छोटा कार्यकर्ता भी अपने आप को गर्वान्वित महसूस करता है। प्रधानमंत्री मोदी द्वारा जो संस्कार, प्रेरणा और एक सशक्त निर्णय लेने जैसे गुण जो हमें मिलते हैं उससे आगे निडर होकर बेहतर काम करने के लिए हम सब कार्यकर्ता प्रेरित होते हैं।

# यमुना के दोनों तरफ होगी छठ पूजा, हम करेंगे व्यवस्था : रेखा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



आस्था का छठ पर्व इस बार यमुना नदी के दोनों किनारों पर आयोजित किया जाएगा। यमुना के किनारों पर छठ पूजा को लेकर विशेष प्रबंध किए जाएंगे ताकि व्रतधारियों को किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। छठ पर्व की तैयारियों को लेकर सोमवार को मुख्यमंत्री ने दिल्ली सचिवालय में एक उच्चस्तरीय बैठक के दौरान अधिकारियों को यह निर्देश जारी किए। उन्होंने कहा कि यमुना नदी के अलावा जहां कहीं भी छठ पूजा का आयोजन होगा, सरकार वहां पूरी व्यवस्था की निगरानी करेगी। मुख्मयंत्री के अनुसार आस्था, प्रकृति और भावनाओं से जुड़े इस पर्व को सुरक्षित, स्वच्छ और सुव्यवस्थित ढंग से मनाना हमारी सरकार की प्राथमिकता है। बैठक में सरकार के कैबिनेट मंत्री आशीष सूद, कपिल मिश्रा, मुख्य सचिव धमेंद्र के अलावा संबंधित विभागों के आला अधिकारी उपस्थित थे।

मुख्यमंत्री ने बताया कि छठ पर्व की तैयारियों को लेकर मुख्यमंत्री ने विभिन्न विभागों के अधिकारियों से बातचीत की, जानकारी ली और आवश्यक निर्देश जारी किए। मुख्यमंत्री ने बताया कि नियमों के अनुसार यमुना नदी में विसर्जन की मनाही है और छठ पर्व के अनुष्ठानों में विसर्जन का कोई प्रावधान नहीं है। उन्होंने कहा कि राजधानी में पूर्वांचलवासियों की संख्या में लगातार इजाफा हो रहा है, इसलिए उनकी धार्मिक आस्था व सुविधा को ध्यान में रखते हुए दिल्ली में यमुना के प्रवेश स्थल पल्ला से लेकर अंतिम स्थल ओखला तक दोनों किनारों पर छठ पर्व का आयोजन किया जाएगा। इन दोनों किनारों पर जहां भी छठ पर्व के लिए समतल किनारे उपलब्ध होंगे, वहां सरकार की ओर से व्रत धारियों को समुचित सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएगी।

मुख्यमंत्री ने बताया कि इस बैठक में उन्होंने विभिन्न विभागों को निर्देश जारी कर दिए हैं। उन्होने कहा कि पल्ला से लेकर वजीराबाद तक के किनारों पर तो विशेष व्यवस्था की ही जाएगी, साथ ही आईटीओ, ओखला जैसे पुराने स्थलों पर भी व्यवस्थाएं और दुरुस्त की जाएंगी।




## अगले माह ‘स्वदेशी सेलिब्रेशन’ को आयोजित करेगी दिल्ली सरकार : सिरसा

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता की प्रेरणा से दिल्ली सरकार आगामी अक्टूबर के द्वितीय सप्ताह में मध्य दिल्ली में एक अनूठा ‘स्वदेशी सेलिब्रेशन’ आयोजित करने जा रही है। दिल्ली के पर्यावरण मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा ने सोमवार को यह जानकारी देते हुए बताया कि इस एकदिवसीय कार्यक्रम का उद्देश्य है कि दिल्लीवासी त्योहारों की ख़रीदारी के दौरान विदेशी वस्तुओं की बजाय भरोसेमंद स्थानीय उत्पादों को अपनाएं और “वोकल फ़ॉर लोकल” को वास्तविक गति प्रदान करें। इस समारोह में सूक्ष्म उद्यमियों, शिल्पकारों, महिला स्व-सहायता समूहों, स्टार्टअप्स, वन डिस्ट्रिक्ट वन प्रोडक्ट (ओडीओपी) निर्माताओं, निर्यातकों तथा तिहाड़ कारागार की इकाइयों द्वारा निर्मित वस्तुओं का प्रदर्शन होगा। घरेलू उपयोग की सामग्री से लेकर उपहार, हस्तशिल्प, खाद्य और सजावटी वस्तुओं तक, लगभग 100 प्रदर्शनी-स्टॉल प्रस्तावित हैं। नागरिकों को यहां सीधी खरीद का अवसर मिलेगा, साथ ही उत्पादों की लाइव प्रदर्शनी और उद्यमियों से संवाद करने का भी मौक़ा मिलेगा।

# फर्जी विकास की पोल खुलने से बौखलाई भाजपा : सौरभ

### भाजपा सरकार ने बिना शिलान्यास के ही कर दिया उद्घाटन



हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

‘लगता है डेढ़ से दो करोड़ रुपए का टेंडर कागजों में खर्च हो गया। जब घोघा गांव के युवा रवीश भारद्वाज ने फर्जीवाड़े की पोल खोली तो भाजपा बौखला गई और उनको गिरफ्तार करा दिया। इस तरह दिल्ली में झूठे विकास की कलई खुलने से भाजपा तानाशाही पर उतारू हो गई है’ दिल्ली देहात के घोघा गांव में लगे झूठे उद्घाटन बोर्ड को उखाड़ने वाले ग्रामीण रवीश की गिरफ्तारी के खिलाफ सोमवार को हुई पंचायत में आम आदमी पार्टी के दिल्ली प्रदेश संयोजक सौरभ भारद्वाज ने यह बातें कही। उन्होंने कहा कि पहले विकास कार्य का शिलान्यास होता है, फिर उदघाटन, यहां तो भाजपा सरकार ने बिना शिलान्यास के ही उदघाटन कर दिया। इस मौके पर विधायक संजीव झा ने कहा कि भाजपा सरकार दिल्ली में जहां भी फर्जी विकास के बोर्ड लगाएगी, आम आदमी पार्टी उसे ढूंढकर उखाड़ फेंकेगी। इस मौके पर बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।

## दिल्ली के ‘लोगो’ के लिए पोर्टल पर मिलें 1800 डिजाइन : सीएम

**नई दिल्ली।** दिल्ली सरकार पहली बार दिल्ली राज्य (राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली) का अपना आधिकारिक लोगो (स्वहव) तैयार कर रही है। यह लोगो दिल्ली की विशिष्ट पहचान, गौरवशाली इतिहास, संस्कृति, विकास और जनता की आकांक्षाओं का प्रतीक होगा। पोर्टल पर पूरे देश से कुल 1800 प्रविष्टियां/डिजाइन प्राप्त हो चुके हैं। इसको लेकर लगातार कवायद जारी है। लोगो को लेकर मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने अब एक विशेषज्ञ समिति का गठन किया है। मुख्यमंत्री ने बताया कि हमारी सरकार ने लोगो के डिजाइन व उसके चयन को लेकर विशेष प्रावधान किया था। इसके लिए माईजीओवीडॉटइन पोर्टल पर लोगो डिजाइन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसकी प्रविष्टियां जमा करने की अंतिम तिथि 26 सितंबर निर्धारित की गई थी। मुख्यमंत्री के अनुसार प्राप्त प्रविष्टियों का मूल्यांकन करने और उनमें से चयन/शॉर्टलिस्टिंग के लिए सामान्य प्रशासन विभाग के सचिव की अध्यक्षता में एक विशेषज्ञ समिति गठित का गठन किया गया है, जो पोर्टल पर प्राप्त सभी लोगो डिज़ाइन प्रविष्टियों का मूल्यांकन कर उन्हें अंतिम रूप देगी। समिति में विभिन्न यूनिवर्सिटीज से जुड़े एक्सपर्ट को सदस्य बनाया गया है। दिल्ली सरकार के सामान्य प्रशासन विभाग के संयुक्त सचिव इसक सदस्य सचिव होंगे।

## विकसित भारत : 2047 का संकल्प युवाओं की भागीदारी से होगा साकार : इन्द्राज

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का विकसित भारत : 2047 का विजन केवल एक सरकारी योजना नहीं, बल्कि 140 करोड़ देशवासियों का सामूहिक राष्ट्रीय संकल्प है। सेवा पखवाड़ा के अवसर पर दिल्ली विश्वविद्यालय के अदिति कॉलेज में सोमवार को आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर शामिल हुए दिल्ली सरकार के समाज कल्याण मंत्री रविन्द्र इन्द्राज सिंह ने छात्राओं को संबोधित करते हुए यह बाते कही। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में दिल्ली सरकार, वंचितों और दिव्यांगों के सशक्तिकरण और जनसहयोग से विकसित दिल्ली का संकल्प पूरा करेगी। कैबिनेट मंत्री ने इस अवसर पर रक्तदान करने वाली छात्राओं का उत्साह बढ़ाते हुए कहा कि रक्तदान सबसे बड़ा मानव सेवा का कार्य है, युवा पीढ़ी को इस दिशा में आगे आना चाहिए। उन्होंने छात्राओं द्वारा प्रस्तुत जल संरक्षण और अन्य हरित पहलों के मॉडलों का अवलोकन कर प्रशंसा की और पर्यावरण बचाने का संदेश दिया। रविंद्र इन्द्राज ने कहा कि वंचितों और दिव्यांगों के सशक्तिकरण से विकसित दिल्ली का संकल्प पूरा होगा। सेवा पखवाड़ा में तिमारपुर में दृष्टिबाधित कॉलेज जाने वाली छात्राओं के लिए हॉस्टल और नरेला में मानसिक रूप से दिव्यांगों के लिए शेल्टर होम का उपहार दिया गया है। रविन्द्र इन्द्राज ने कहा कि 100 गीगावाट उत्पादन के साथ सौर ऊर्जा के क्षेत्र में भारत अग्रणी बन चुका है। विकसित भारत और सामाजिक मुद्दों पर प्रस्तुत नुक्कड़ नाटक में रचनात्मकता और सामाजिक चेतना जगाने के प्रयास की सराहना करते हुए उन्होंने नशा मुक्त अभियान में भी लगातार योगदान का आग्रह किया। उन्होंने सभी से स्वच्छ भारत अभियान में योगदान, एक पेड़ मां के नाम अभियान में हिस्सा लेने और नशा मुक्ति अभियान को जन-आंदोलन बनाने का आह्वान किया, ताकि आने वाली पीढ़ी को स्वस्थ और सुरक्षित वातावरण मिले।





## खबर संक्षेप

### पाक्सो एक्ट में दोषी को 20 वर्ष का कठोर कारावास

**गाजियाबाद।** पाक्सो एक्ट के तहत दोषी एक शख्स को अदालत ने वर्ष का कठोर कारावास व



हजारों रुपए का जुर्माने की सजा सुनाई है। अभियोजन अधिकारी ने बताया कि विशेष न्यायाधीश पाक्सो एक्ट / अपर सत्र न्यायाधीश कोर्ट सं० 02में एक नाबालिग बच्ची के साथ यौन शोषण करने के मामले में एक भरतपाल के खिलाफ मुकदमा विचाराधीन था। मामले की सुनवाई के बाद अदालत ने आज अपना फैसला सुनाया। जिसमें दोषी को 20 वर्ष के कठोर कारावास व 50,000 रुपए के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया।

### थाना खेड़ी पुल पुलिस ने लगाया रक्तदान शिविर

**फरीदाबाद।** सेवा, सुरक्षा और सहयोग की भावना को साकार करते हुए थाना खेड़ी पुल पुलिस ने नवरात्रि के पावन अवसर पर



रक्तदान शिविर का आयोजन किया। थाना प्रभारी नरेश कुमार सहित पुलिस स्टाफ एवं क्षेत्र के सम्मानित नागरिकों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। जिसमें कुल 35 व्यक्तियों ने स्वेच्छा से रक्तदान किया। थाना प्रभारी निरीक्षक नरेश कुमार ने बताया कि यह आयोजन फरीदाबाद पुलिस आयुक्त सतेन्द्र कुमार के निर्देशन में किया गया। प्रत्येक स्वस्थ व्यक्ति को वर्ष में कम से कम तीन बार रक्तदान अवश्य करना चाहिए।

### युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या की

**गाजियाबाद।** मुरादनगर थाने की मलिक नगर कॉलोनी स्थित किराए के मकान में रह रहे एक युवक ने



फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। उसका शव सोमवार की सुबह को घर में हीफांसी के फंदे से लटका मिला। पुलिस ने मकान का दरवाजा तोड़कर युवक के शव को फांसी के फंदे से उतार कर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। मुरादनगर शहर की मालिक नगर कॉलोनी स्थित एक मकान में युवक का शव घर में ही लटका देख आसपास के लोगों ने इसकी सूचना पुलिस को दी ।

---

भाजपा सेवा पखवाड़ा अभियान के अंतर्गत दिव्यांगजन हुए लाभान्वित

# सेवा पखवाड़ा अभियान समाज के हर वर्ग तक सेवा और सहयोग का संदेश पहुंचा रहा हैः राज्यसभा सांसद बाजपेई

एजेंसी ⏭ गाज़ियाबाद

भारतीय जनता पार्टी के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष व राज्यसभा सांसद डॉ. लक्ष्मी कांत बाजपेई ने सोमवार को यहां कहा कि भाजपा सेवा पखवाड़ा अभियान के अंतर्गत दिव्यांगजन लाभान्वित हुए हैं।

उत्तर बाजपेई प्रदेश सरकार एवं जिला प्रशासन द्वारा सेवा पखवाड़ा अभियान के तहत सोमवार को विकास भवन प्रांगण, कलेक्ट्रेट राजनगर में दिव्यांगजनों को ट्राइसाइकिल वितरण कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि बोल रहे थे। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में भाजपा महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल,पूर्व महापौर आशु वर्मा, विधायक संजीव शर्मा उपस्थित रहे। अपने संबोधन में बाजपेई ने राज्यसभा सांसद लक्ष्मी कांत बाजपेई ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन से आरंभ हुआ यह सेवा पखवाड़ा अभियान समाज के हर वर्ग तक सेवा और सहयोग का संदेश पहुंचा रहा है। दिव्यांगजन हमारे समाज की शक्ति हैं और उन्हें आत्मनिर्भर बनाने हेतु भाजपा संकल्पित है। महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल ने कहा कि सेवा पखवाड़ा अभियान प्रधानमंत्री के आह्वान पर पूरे देश में चलाया जा रहा है। गाजियाबाद महानगर भाजपा ने संकल्प लिया है कि सेवा की इस श्रृंखला को लगातार आगे बढ़ाया जाएगा। दिव्यांग भाइयों-बहनों को ट्राइसाइकिल उपलब्ध कराना इसी सेवा संकल्प का हिस्सा है। ट्राइसाइकिल पाकर दिव्यांगजन प्रसन्न दिखे और उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तथा प्रशासन के प्रति आभार व्यक्त किया। उनका कहना था कि यह सहयोग उन्हें आत्मनिर्भर बनने की दिशा में एक बड़ी मदद है। कार्यक्रम में हुंडई वाइस प्रेसिडेंट पुनीत आनंद, हुंडई डायरेक्टर ली, जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार, सूचना अधिकारी योगेंद्र प्रताप सिंह सहित प्रशासनिक अधिकारी एवं भाजपा पदाधिकारी क्षेत्रीय सुशासन संयोजक तरुण शर्मा, मीडिया प्रभारी प्रदीप चौधरी, राम त्यागी, बलराम रावल आदि उपस्थित रहे। ट्राइसाइकिल वितरण में हुंडई कंपनी का सहयोग रहा, जिसने सेवा पखवाड़ा अभियान को गतिशील बनाने में योगदान दिया।

**खास बातें**

- दिव्यांगजनो को ट्राइसाइकिल वितरित किए
- ट्राइसाइकिल वितरण में हुंडई कंपनी का सहयोग रहा



---

सेक्टर-30 अर्बन हेल्थ सेंटर में स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार कार्यक्रम आयोजित

# महिलाओं का स्वास्थ्य और सशक्तिकरण विकसित भारत/2047 की आधारशिलाः मंत्री गुर्जर

*कृष्णपाल गुर्जर ने किया महिलाओं के स्वास्थ्य शिविर का निरीक्षण, बेहतर सुविधाएं सुनिश्चित करने का आह्वान*

एजेंसी ⏭ फरीदाबाद

भारत सरकार में केंद्रीय सहकारिता राज्य मंत्री कृष्ण पाल गुर्जर ने कहा कि महिलाओं का स्वास्थ्य और सशक्तिकरण हमारे परिवारों, समुदायों और समग्र राष्ट्र की प्रगति के लिए अत्यंत आवश्यक है ताकि विकसित भारत/2047 के विजन को साकार किया जा सके। केंद्रीय सहकारिता राज्य मंत्री कृष्ण पाल गुर्जर ने आज सेक्टर-30 स्थित अर्बन हेल्थ सेंटर के प्रागण में 17 सितम्बर से 2 अक्टूबर 2025 तक जिले में स्वस्थ नारी-सशक्त परिवार अभियान के तहत आयोजित कार्यक्रम में बतौर मुख्यातिथि शिरकत की।

कार्यक्रम की शुरुआत पौधरोपण से हुई, जिसके माध्यम से पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया। इसके उपरांत केंद्रीय सहकारिता राज्य मंत्री कृष्ण पाल गुर्जर ने अर्बन हेल्थ सेंटर का दौरा कर वहां आयोजित महिलाओं के स्वास्थ्य जांच शिविर का निरीक्षण किया। उन्होंने स्वास्थ्य सेवाओं की उपलब्धता और शिविर में दी जा रही सुविधाओं की विस्तार से जानकारी ली तथा महिलाओं को बेहतर स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहने का आह्वान किया। केंद्रीय राज्य मंत्री कृष्णपाल गुर्जर ने कहा कि 17 सितम्बर, जो देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जन्मदिवस है से लेकर 2 अक्टूबर महात्मा गांधी के जन्मदिवस तक पूरे देश में सेवा पखवाड़ा का आयोजन किया जा रहा है। इस अवधि के दौरान देशभर में स्वच्छता अभियान, रक्तदान शिविर, वृक्षारोपण, स्वास्थ्य परीक्षण शिविर, दिव्यांग सशक्तिकरण कार्यक्रम और विभिन्न सरकारी योजनाओं के प्रति जागरूकता से संबंधित गतिविधियां निरंतर आयोजित की जा रही हैं। उन्होंने कहा कि सेवा पखवाड़ा केवल एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि समाज को नई ऊर्जा देने और नागरिकों में सेवा की भावना जगाने का एक सशक्त माध्यम है। इसी क्रम में आज सेक्टर-30 स्थित अर्बन हेल्थ सेंटर में स्वस्थ नारी-सशक्त परिवार कार्यक्रम का आयोजन किया गया।



---

यूनिवर्सिटी में ऑपरेशन सिंदूर पर विचार गोष्ठी

# युवा ही हैं राष्ट्र की शक्ति, ऑपरेशन सिंदूर से लें प्रेरणाः मेजर जनरल बक्शी



एजेंसी ⏭ गुरुग्राम

गुरुग्राम यूनिवर्सिटी एवं मानस शिक्षा सदन के संयुक्त तत्वावधान में ऑपरेशन सिंदूर विषय पर विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य वक्ता के रूप में मेजर जनरल जीडी बक्शी, विशिष्ठ अतिथि के रूप में महामंडलेश्वर स्वामी धर्मदेव एवं विश्व हिन्दू परिषद के अखिल भारतीय प्रचार प्रमुख विजय शंकर तिवारी, मुख्य संरक्षक के रूप में कुलगुरु डॉ संजय कौशिक ने कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस मौके पर ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर चर्चा करते हुए बताया गया कि भारतीय सेना ने पहलगाम की घटना का बदला लेते हुए पाकिस्तान में घुसकर आतंक के खिलाफ कार्रवाई की और सेंकड़ो आतंकवादियों को मार गिराया। मुख्य वक्ता जीडी बक्शी ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर भारतीय सेना की वीरता, रणनीति और अदम्य साहस का जीवंत प्रमाण है। उन्होंने छात्रों और युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि यह अभियान केवल एक सैन्य कार्रवाई नहीं था।

---

साइबर थाना बल्लभगढ़ की टीम ने दो आरोपियों को किया गिरफ्तार

# टेलिग्राम टास्क के नाम पर 2 लाख 19 हजार रुपए की ठगी

एजेंसी ⏭ फरीदाबाद



साइबर थाना बल्लभगढ़ में आर्य नगर, फरीदाबाद निवासी एक व्यक्ति ने दी शिकायत में आरोप लगाया की उसके पास व्हाट्सएप पर घर बैठे पैसे कमाने बारे एक मैसेज आया जिस पर दिये गए लिंक के जरिये वह एक ग्रुप से जुड़ गया। फिर उसे टास्क करने को कहा गया जिनके लिए ठगों द्वारा उसे दो बार पैसे वापिस दिए गए। लालच में आकर उसने अधिक मुनाफे के लोभ में टास्क के नाम पर कुल 2,19,100 रुपए ठगों के खाता में भेज दिए और उसे कोई पैसा वापिस नहीं दिया गया। जिस शिकायत पर साइबर थाना बल्लभगढ़ में संबंधित धाराओं में मामला दर्ज किया गया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि साइबर थाना बल्लभगढ़ की टीम ने कार्रवाई करते हुए साहिल व सचिन निवासी गांव नूरपुरा जिला हनुमानगढ राजस्थान को गिरफ्तार किया है।

# पत्नी की गला घोटकर हत्या करने के बाद इंजीनियर ने की खुदकुशी

एजेंसी ⏭ गुरुग्राम

सेक्टर-10ए थाना एरिया की मिलेनियम सिटी सोसाइटी में रहने वाले दम्पति के बीच झगड़ा इतना बढ़ा कि पति ने पत्नी की गला दबाकर हत्या कर दी और इसके बाद आरोपी ने फंदा लगाकर खुदकुशी कर ली। दंपति दोनों पेशे से इंजीनियर थे और गुरुग्राम की एक आईटी कंपनी काम करते थे। रविवार की शाम को पुलिस को सूचना मिलने के बाद पुलिस ने दोनों के शवों को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी। पुलिस के अनुसार युवक ने सुसाइड करने की बात कह कर अपने एक दोस्त को वीडियो भेजा था। जिस सूचना के बाद पुलिस पहुंची फ्लैट के अंदर कमरे में दोनों मृत अवस्था में मिले। पुलिस के अनुसार दंपती की पहचान 30 वर्षीय अजय कुमार और 28 वर्षीय स्वीटी शर्मा की करीब तीन साल पहले अरेंज मैरिज हुई थी। अजय कुमार यूपी के प्रयागराज का रहने वाला जबकि स्वीटी बंगाल के आसनसोल की रहने वाली थी। स्वीटी का वर्क फ्रॉम होम चल रहा था। दंपती मिलेनियम सिटी सोसाइटी के टावर सात स्थित 13वें फ्लोर पर दो साल से किराए से रह रहे थे। अजय ने जिस दोस्त को वीडियो भेजा, उसने पुलिस को इसकी सूचना दी थी।

---


## अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

**धारा 82 Cr. P.C. देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया है अभियुक्त नामः **राज कुमार, निवासीः मकान नं. 2251, ख. नंबर 620/552/243/1/1, तीसरी मंजिल, गली नंबर 171, गणेश पुरा, त्री नगर, दिल्ली–110035** ने अपराध किया है (या किए जाने का संदेह है) **CT No.3663/2018 U/S 138 NI Act** के तहत एक मामला **थाना मॉडल टाउन, उत्तर–पश्चिम जिला, दिल्ली** में दर्ज किया गया है और उसके बाद जारी गिरफ्तारी वारंट को यह कहते हुए वापस कर दिया गया है कि अभियुक्त **राज कुमार** नहीं मिला या मेरी संतुष्टि के लिए दिखाया गया है कि अभियुक्त **राज कुमार** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा कि **CT No.3663/2018 U/S 138 NI Act, थाना मॉडल टाउन, उत्तर–पश्चिम जिला, दिल्ली** के अभियुक्त **राज कुमार** को उक्त शिकायत का जवाब देने के लिए दिनांक **04.11.2025** को या उससे पहले अदालत के समक्ष उपस्थित होना आवश्यक है।

आदेशानुसार, हिमांशु सहलोथ
न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी–03,
कोर्ट संख्या 213, उत्तरी जिला,
रोहिणी न्यायालय, दिल्ली

DP/12971/NW/2025
(अदालती मामला)


---

प्रांगण में सामूहिक रूप से हनुमान चालीसा का पाठ किया गया

# बजरंग दल दशहरा कमेटी द्वारा 25वीं दंडोत यात्रा निकाली

एजेंसी ⏭ फरीदाबाद

बजरंग दल दशहरा कमेटी द्वारा 25वीं दंडोत यात्रा ओल्ड फरीदाबाद की गोपी कालोनी स्थित श्री प्रेम प्रकाश आश्रम से बड़ी ही धूमधाम के साथ निकाली गई डंडोत परिक्रमा। यह परिक्रमा ओल्ड फरीदाबाद के बाजारों से होते हुए वापिस प्रेम प्रकाश आश्रम लौटकर समाप्त हुई।

दंडोत परिक्रमा शुरू होने से पहले प्रेम प्रकाश आश्रम में विधिवत रूप से पूजा पाठ किया गया। इस परिक्रमा में दंडोत करने वाले सभी सेवादार चालीस दिन पहले ही श्री प्रेम प्रकाश आश्रम में रहते है और चालीस दिन तक चलिया रख कड़े नियमों का पालन करते हुए व्रत रखते हैं। दंडोत परिक्रमा शुरू होने से पहले आश्रम के प्रांगण में सामूहिक रूप से हनुमान चालीसा का पाठ किया गया ओर हर हर महादेव के जय घोष के साथ रिबन काटकर ढोल नगाड़ों और बैंड बाजों के साथ दंडोत परिक्रमा की शुरुआत की।

इस मौके पर प्रधान सन्नी नारंग, कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे परविंदर मल्होत्रा, एवं सह अध्यक्ष सतीश आहूजा ने बताया कि महावीर स्वरूप में सेवादार विशेष दंडोत यात्रा ओल्ड फरीदाबाद शहर के बाजारों से होते हुए निकाली गई। यात्रा में मुख्य रुप से युवा जिला अध्यक्ष भाजपा सचिन ठाकुर एवं वशिष्ठ अतिथि के रूप में मार्केट कमेटी के चेयरमैन सुभाष आहूजा, पूर्व उपमहापौर बसंत विरमानी, समाजसेवी आर के चिलाना, के डी शर्मा, दीपक कपिल, विजय गुप्ता, चंदन गेरा, किशन नासा, भाजपा जिला उपाध्यक्ष शोभित अरोड़ा आदि विशेष अतिथिगणों ने कार्यक्रम में शिरकत की। सखी सरवर बिरादरी के प्रधान पवन डावर, समाजसेवी हंस आहूजा, अशोक ढींगड़ा, कार्यक्रम के कोषाध्यक्ष हेमंत खुराना, उपप्रधान संजय अरोड़ा, महासचिव पीयूष ग्रोवर, समाजसेवी पंकज नारंग, सह मेला मंत्री सचिन सैनी, शुभम अरोड़ा, रिंकू गर्ग एवं अन्य सेवादार दंडोत यात्रा में विशेष रूप से मौजूद रहे। इस मौके पर कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे परविन्द्र मल्होत्रा ने बताया कि हर साल की तरह इस साल भी दंडोत परिक्रमा का आयोजन किया गया है वहीं आगामी 2 अक्टूबर को दशहरा पर्व मनाया जायेगा और 3 तारीख को भारत मिलाप का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि जो दंडोत परिक्रमा निकाली जा रही है उसमें कमेटी के सभी युवा सदस्य अगले पांच दिनों तक शहर में श्री हनुमान जी की मूर्ति को धारण करके जायेंगे। उन्होंने बताया कि यह सभी सेवादार यात्रा के पहले चालीस दिनों तक चालीसा रखते हैं और बहुत कठिन व्रत रखते है और आश्रम में रहकर सादा जीवन जीते है।



# सर्व समाज का सम्मान करती है कांग्रेस पार्टीः सुमित गौड़

एजेंसी ⏭ फरीदाबाद

वाल्मीकि आश्रम धर्मार्थ सुधार ट्रस्ट गांधी कालोनी ओल्ड फरीदाबाद के प्रमुख लोगों ने आज कांग्रेस के प्रदेश प्रवक्ता सुमित गौड़ का उनके सेक्टर-10 स्थित जिला कांग्रेस भवन में पहुंचकर उनका फूल मालाओं से भव्य स्वागत किया और उनके समक्ष समाज तथा अपनी समस्याओं को रखा।

इस मौके पर मुख्य रुप से प्रधान दर्शनलाल, हरीश कुमार, राकेश पाल, शोभाराम, रमेश कुमार, कुंवरपाल, दिनेश चौहान, अश्वनी कुमार आदि मौजूद रहे। इस मौके पर प्रदेश प्रवक्ता सुमित गौड़ ने कहा कि कांग्रेस पार्टी सर्व समाज को साथ लेकर चलती है, पार्टी ने सदैव वाल्मीकि, दलित व पिछड़े समाज को मान-सम्मान देने का काम किया है। बेशक आज कांग्रेस सत्ता में नहीं है ।



### ठगी के मामले में दो आरोपी गिरफ्तार

**फरीदाबाद।** टेलिग्राम टास्क के नाम पर 8,88,497 रुपए की ठगी के मामले में पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। फरीदाबाद निवासी एक महिला ने साइबर थाना एनआईटी में दी शिकायत में आरोप लगाया कि ठगों ने उसे टेलिग्राम के माध्यम से संपर्क किया जहां उसे अधिक पैसे कमाने का लालच व झांसे में लेकर उससे टास्क करने के नाम पर 8,88,497 रुपए ऐठ लिए। जिस शिकायत पर साइबर थाना एनआईटी में संबंधित धाराओं में मामला दर्ज किया गया।

---


## महत्वपूर्ण सूचना

## दो नई अमृत भारत रेल सेवाओं का शुभारम्भ

रेलयात्रियों की सुविधा के लिए रेलवे द्वारा छपरा जं. – आनन्द विहार (ट.) एवं दरभंगा जं. – मदार जं. के बीच दो नई अमृत भारत एक्सप्रेस रेल सेवाएँ शुरू करने का निर्णय लिया गया है, जिनका विस्तृत विवरण निम्नानुसार है:–

**रेलगाड़ी संख्या 05133 छपरा जं. – आनन्द विहार (ट.) अमृत भारत एक्सप्रेस उद्घाटन विशेष ट्रेन**

| स्टेशन | रेलगाड़ी संख्या: 05133 | |
|---|---|---|
| | आगमन | प्रस्थान |
| छपरा जं. | - | 11:00 |
| बाराबंकी जं. | 20:00 | 20:05 |
| आनंद विहार (ट.) | 08:00 | – |

चलने का दिन: **05133 छपरा जं. से दिनांक 29.09.2025** (सोमवार) को

ठहराव: सीवान, थावे, तमकुही रोड, पडरौना, कप्तानगंज जं., गोरखपुर जं, खलीलाबाद, बस्ती, बभनान, मनकापुर जं., गोंडा जं., बाराबंकी जं., बादशाहनगर, ऐशबाग, कानपुर सेंट्रल एवं इटावा स्टेशन।

**रेलगाड़ी संख्या 05587 दरभंगा जं. – मदार जं. अमृत भारत एक्सप्रेस उद्घाटन विशेष ट्रेन**

| स्टेशन | रेलगाड़ी संख्या: 05587 | |
|---|---|---|
| | आगमन | प्रस्थान |
| दरभंगा जं. | -- | 11:00 |
| बाराबंकी जं. | 00:30 | 00:35 |
| मदार जं. | 18:30 | -- |

चलने का दिन: **05587 दरभंगा से दिनांक 29.09.2025** (सोमवार) को

ठहराव: कमतौल, जनकपुर रोड, सीतामढ़ी, बैरगनिया, रक्सौल जं, सिकटा, नरकटियागंज जं., बगहा, सिसवा बाजार, कप्तानगंज जं., गोरखपुर जं., बस्ती, मनकापुर जं., गोंडा जं., बाराबंकी जं.,गोमती नगर, बादशाहनगर, ऐशबाग, उन्नाव जं., कानपुर सेंट्रल, फफूंद, इटावा जं., टूण्डला जं., ईदगाह जं., भरतपुर जं, मण्डावर एम रोड, बाँदीकुई जं., गांधीनगर जयपुर, जयपुर जं. एवं किशनगढ़ स्टेशन।

रेलयात्रियों से अनुरोध है कि किसी भी अन्य सूचना और विस्तृत समय–सारणी की जानकारी के लिए रेलमदद हेल्पलाईन नं. 139 पर सम्पर्क करें अथवा रेलवे की वेबसाइट https://enquiry.indianrail.gov.in अथवा NTES App. देखें

पर हमें फॉलो करें

उत्तर रेलवे
आपकी सुविधा–हमारा ध्येय
हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें
3009/2025
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ


---

मरीज ने डॉक्टर के सम्मान में कविता भी प्रस्तुत की

डॉ.बत्रा ने मरीजो और उनके परिवारों को विस्तार से जानकारी दी

# बत्रा अस्पताल में दिल के मरीजों के लिए जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

एजेंसी ⏭ फरीदाबाद

सेक्टर-31 स्थित बत्रा अस्पताल में दिल के मरीजों और उनके परिजनों के लिए एक विशेष जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर अस्पताल के निदेशक डॉ. पंकज बत्रा ने दिल की सेहत बनाए रखने और हृदय रोगों से बचाव के उपायों के बारे में मरीजों और उनके परिवारों को विस्तार से जानकारी दी। कार्यक्रम में अस्पताल की वार्षिक वर्षगांठ भी मनाई गई। एक मरीज ने डॉक्टर के सम्मान में कविता भी प्रस्तुत की। इस अवसर पर अस्पताल के चेयरमैन रमेश कुमार बत्रा, निदेशक डा. पंकज बत्रा और डॉ. कुलभूषण भारतीया गोयल प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन मिस्टर पूरन पांडेय और दीपा ने किया। विभिन्न विभागों के डॉक्टर जैसे डॉ. आर.के. दुआ (जनरल सर्जरी), डॉ. हर्ष सिंह (ऑर्थोपेडिक), डॉ. क्रिति (गाइनैकोलॉजी), डॉ. अरुणाभ स्वामी (पीडियाट्रिक्स), डा. पारुल (इंटर्नल मेडिसिन), डॉ. नजीब उर रहमान (न्यूरोलॉजी), डा. सिंह (नेफ्रोलॉजी), डॉ. ईशान डॉ. शर्मा (यूरोलॉजी) और डॉ. संजय (गैस्ट्रोएंटरोलॉजी) भी मौजूद थे।




## अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

**धारा 84 भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता–2023 देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **छोटे लाल, पुत्रः राजीव नंदन, उम्रः 29 वर्ष, पताः गली नं. 5, जगतपुर एक्सटेंशन, दिल्ली, वजीराबाद, उत्तरी दिल्ली** ने **FIR No. 628/2022, U/s 188 IPC, पुलिस थाना वजीराबाद, दिल्ली** के अधीन दंडनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **छोटे लाल** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **छोटे लाल** फरार हो गया है (या उक्त वारंट कि तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR No. 628/2022, U/s 188 IPC, पुलिस थाना वजीराबाद, दिल्ली** के अभियुक्त **छोटे लाल** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **03.11.2025** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
सुश्री भारती बेनीवाल
न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी–12
केंद्रीय, कमरा नं. 264, द्वितीय तल
तीस हजारी कोर्ट, दिल्ली

DP/13071/N/2025

## 'आई लव मोहम्मद' पोस्टर लगाने पर बवाल

**हाजीपुर।** वैशाली जिले के हाजीपुर में आई लव मोहम्मद लिखे पोस्टर लगाए जाने के बाद इलाके में तनाव का माहौल उत्पन्न हो गया। इस दौरान पोस्टर लगाने वाले एक युवक को हिंदूवादी संगठन से जुड़े लोगों ने पकड़कर जमकर पिटाई कर दी। हाजीपुर नगर थाना क्षेत्र के जढुआ टोले में कई मकानों पर आई लव मोहम्मद और कुछ नारों वाले पोस्टर चस्पा कर दिए गए थे। पोस्टर देखकर कुछ लोग भड़क गए और पोस्टर लगाने वाले एक मुस्लिम युवक को भीड़ ने पकड़ लिया और उसकी पिटाई शुरू कर दी। पुलिस मौके पर पहुंची और युवक को भीड़ से छुड़ाकर हिरासत में ले लिया।

## पेज एक का शेष

### पाक क्रिकेटर 'सिंदूर'...

हाथों ट्रॉफी लेना पसंद करेंगे लेकिन, जिनके हाथ पहलगाम में निरपराध 26 भारतीयों के खून सं रंगे हों, उनसे ट्रॉफी नहीं लेंगे। नकवी पाक कैबिनेट में मंत्री भी रहा है। बैखलाया नकवी मैदान से मेडल व ट्रॉफी लेकर ही भाग खड़ा हुआ। भारतीय टीम ने ट्रॉफी नहीं उठाई और पुरस्कार समारोह वहीं खत्म कर दिया गया। इसके बाद भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) के सचिव देवजीत सैकिया ने बताया कि नकवी ट्रॉफी लेकर अपने होटल के कमरे में चले गए। बोर्ड आईसीसी से इसकी शिकायत करेगा। बीसीसीआई ने चेतावनी दी कि ट्रॉफी व मेडल पीसीबी के नहीं हैं। उन्हें तुरंत लौटाए। बता दें कि भारतीय टीम ने आभासी ट्रॉफी के साथ मैदान पर सेलीब्रेशन किया। मैच के बाद कप्तान सूर्यकुमार ने एशिया कप के सभी मैचों की अपनी फीस पहलगाम आतंकी हमले में मारे गए लोगों के परिजनों और सशस्त्र बलों को देने का ऐलान किया था। मैच के दौरान स्टैंड में बैठे दर्शकों और सोशल मीडिया पर भारतीय फैंस ने अपनी नाराजगी जाहिर की। दर्शकों ने तो भारत माता की जय और मोदी-मोदी के नारे तक लगाए। जैसे ही पाकिस्तान के कप्तान सलमान अली आगा स्टेज की ओर बढ़े, उन्हें हूटिंग का सामना करना पड़ा। दूसरी ओर, पाकिस्तान की टीम मैच खत्म होने के बाद लंबे समय तक ड्रेसिंग रूम में रही, जिससे नकवी काफी देर तक अकेले और असहज स्थिति में दिखे। यह किसी को समझ नहीं आ रहा है कि नकवी पीसीबी का प्रतिधित्व कर रहे हैं या एसीसी का।

### दोनों देशों की आम...

क्षेत्र के आम लोगों और माल ढुलाई में काफी फायदा मिलेगा। यह जानकारी सोमवार को राजधानी में 'इंडिया-भूटान रेल कनेक्टिविटी' विषय पर आयोजित किए गए एक संवाददाता सम्मेलन में विदेश सचिव विक्रम मिस्त्री ने दी। उनके साथ केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव और रेलवे बोर्ड के अध्यक्ष सतीश कुमार मौजूद थे। रेल मंत्री ने कहा कि भूटान में हम पूरी तरह से बिजली पर चलने वाली वंदेभारत जैसी एडवांस ट्रेन चलाएंगे। ये रेल लिंक दोनों देशों के बीच आम जनता के साथ-साथ माल की ढुलाई में भी मददगार साबित होगा। उन्होंने उदाहरण के साथ बताया कि आमतौर पर मिजोरम से सीमेंट का कोई ट्रक सड़क मार्ग से भूटान पहुंचने में करीब तीन से चार दिन लगते हैं। लेकिन इस रेल लिंक के स्थापित होने के बाद इस दूरी को महज तीन से चार घंटे में पूरा किया जा सकेगा।

**परियोजना से जुड़ेंगे रेल, विदेश मंत्रालय:** विदेश सचिव ने कहा कि इस परियोजना से भारत के दो केंद्रीय मंत्रालय रेल और विदेश मंत्रालय जुड़ेंगे। असम में किए जाने वाले निर्माण कार्य पर आने वाली लागत की जिम्मेदारी रेल मंत्रालय की होगी और उसके बाद भूटान के अंदर बनने वाली रेल लाइन पर पूरा खर्च विदेश मंत्रालय के बजट द्वारा किया जाएगा। कोकराझार से गेलेफू तक बनने वाले रेल ट्रैक के तहत भारत में 66.66 किलोमीटर और भूटान में 2.93 किलोमीटर तक रेल ट्रैक बनेगा। जबकि बानरहाट से सम्त्से तक बनने वाले ट्रैक में भारत में 17.4 किलोमीटर और भूटान में 2.13 किलोमीटर का रेल ट्रैक बनेगा। विदेश मंत्रालय ने 13वीं पंचवर्षीय योजना (2024 से 2029 तक) के तहत भूटान के लिए 10 हजार करोड़ रुपए का बजट निर्धारित किया है। जिसमें परियोजना से जुड़ी सहायता, उच्च-प्रभाव वाली सामुदायिक विकास परियोजनाएं, आर्थिक प्रोत्साहन कार्यक्रम और कार्यक्रम अनुदान शामिल हैं। उक्त बजटीय धनराशि 12वीं पंचवर्षीय योजना से 100 फीसदी अधिक है। परियोजना क्षेत्र में पर्यावरण से जुड़ी हुई संवेदनशीलता का पूरा ध्यान रखा जाएगा।

**चीन, विश्व बैंक-एडीबी की कोई भूमिका नहीं :** उन्होंने कहा कि भारत, भूटान का सबसे बड़ा विकास भागीदार है। जिसमें हमारा ध्यान भूटान के आधुनिकीकरण के साथ ही वहां पर तेजी से ढांचागत परियोजनाओं व उसके आर्थिक विकास पर केंद्रित है। चीन, विश्व बैंक या एशियाई विकास बैंक (एडीबी) की भूमिका को लेकर पूछे गए एक प्रश्न के जवाब में मिस्त्री ने कहा कि ये परियोजना पूरी तरह से द्विपक्षीय है। जिसमें किसी तीसरे पक्ष की कोई भूमिका नहीं है। 2016 में भारत-भूटान के बीच एक मुक्त व्यापार समझौता (एफटीए) हुआ था। जिसमें बिना किसी शुल्क के भारत के उत्पाद भूटान में और इसी तर्ज पर उनकी चीजें हमारे देश में आ सकती हैं। समझौते की खास बात ये है कि इसकी मदद से भूटान अपने सामान को भारत से होते हुए किसी तीसरे देश को भी भेज सकता है।

**नेपाल, बांग्लादेश में भारत का रेल नेटवर्क:** जानकारों की राय में भारत के लिए सामरिक दृष्टिकोण से भी ये परियोजना बेहद फायदेमंद है। क्योंकि ऐसे दौर में जब चीन, भूटान पर अपनी नजरें गड़ाए हुए है। तब भारत द्वारा रेल नेटवर्क से भूटान को जोड़ना एक बेहद सराहनीय कदम है। जो किसी भी आपात परिस्थिति में देश की राष्ट्रीय सुरक्षा के दृष्टिकोण से भी अत्यंत उपयोगी साबित हो सकता है। साथ ही वर्तमान में देश के पड़ोस में बने हुए चिंताजनक माहौल के बीच भूटान के साथ की गई इस पहल को सकारात्मक माना जाएगा। बताते चलें कि भारत के रेल नेटवर्क से भूटान से पहले नेपाल और बांग्लादेश जुड़े हुए हैं। नेपाल में भारत ने जयनगर-कुर्था और जोगबनी-विराटनगर जैसी सीमा पार रेल परियोजनाओं का निर्माण किया है। इसके अलावा केंद्र सरकार बिहार के रक्सौल से नेपाल के काठमांडू तक एक बड़ी रेल लाइन के निर्माण की योजना बना रही है। जबकि बांग्लादेश में भी भारत ने न केवल कई रेल परियोजनाओं पर काम किया है। बल्कि उन्हें पुनर्जीवित भी किया है। इनमें खुलना-मोंगला बंदरगाह रेल लाइन का निर्माण और हल्दीबाड़ी-चिल्हाटी रेल संपर्क का पुनरुद्धार शामिल है।

### ट्रंप का नया धमाका...

से उसकी कैंडी छीनने जैसा है। ट्रंप ने मुताबिक, केलिफोर्निया पर इसकी सबसे ज्यादा मार पड़ी है। क्योंकि वहां के गवर्नर कमजोर और अक्षम रहे हैं। इसलिए लंबे समय से चली आ रही इस समस्या को मैं हमेशा-हमेशा के लिए समाप्त करने जा रहा हूं। जिसमें अब मैं विदेशों में निर्मित सभी फिल्मों पर शत-प्रतिशत टैरिफ लागू करूंगा।

**कोविड बाद बढ़ा भारतीय फिल्म कारोबार:** कोरोना महामारी और इसके खत्म होने के दौर में अमेरिका में भारतीय फिल्म उद्योग का कारोबार मात्र 8 मिलियन डॉलर पर था। लेकिन इसके बाद इसमें काफी बढ़ोतरी हुई है और आज ये लगभग दोगुना से अधिक यानी 20 मिलियन डॉलर तक जा पहुंचा है।

**भविष्य में फर्नीचर उद्योग पर लगेगा टैरिफ:** फिल्मों से जुड़ी टैरिफ की पोस्ट के बाद अमेरिका के राष्ट्रपति ने ट्रुथ सोशल पर की गई अपनी एक अन्य पोस्ट में बताया कि फर्नीचर उद्योग को लेकर भी जल्द ही वो टैरिफ लगाएंगे। ट्रंप ने कहा कि उनके इस निर्णय के पीछे की मुख्य वजह उत्तरी कैरोलिना है। जिसने अपने समूचे फर्नीचर उद्योग को चीन और अन्य देशों के हवाले कर बर्बाद कर दिया है। अब मैं इसमें सुधार करूंगा और उन सभी देशों पर टैरिफ लगाऊंगा जो अमेरिका के अंदर अपना फर्नीचर उत्पादन नहीं करते हैं। इस संबंध में आगे जानकारी दी जाएगी।

### राष्ट्रीय हितों को...

बयान में देश का रुख साफ किया था। जिसमें उन्होंने अमेरिकी राष्ट्रपति के टैरिफ के निर्णय को पूरी तरह से अनुचित और अविवेकपूर्ण करार दिया था। साथ ही ये भी कहा था कि ऐसे समय में जब अमेरिका खुद रूस के साथ व्यापार कर रहा है। तब भारत पर टैरिफ की पाबंदियां समझ से परे हैं। चीन इस वक्त रूस से दुनिया में सबसे ज्यादा तेल खरीद रहा है।

## सीएम सैनी ने की राजस्व विभाग की चार नई परियोजनाओं की शुरुआत

# अब तहसीलों में पेपरलेस रजिस्ट्री

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कुरुक्षेत्र के बाबैन कस्बे की उप तहसील से प्रदेश के किसानों और आम नागरिकों को राज्य सरकार के राजस्व विभाग की नई पहल के साथ 4 परियोजनाओं की सौगात दी है। इन नई परियोजनाओं के तहत किसान और आम नागरिक अब घर बैठे रजिस्ट्री, पेपर रहित निशानदेही, व्हाट्सएप चैटबोट से घर बैठे राजस्व विभाग के अपने कार्यों की वास्तविक स्थिति की जानकारी के साथ-साथ राजस्व न्यायालय निगरानी प्रणाली से जमीन से सम्बन्धित मामलों का जल्द से जल्द निपटारा संभव हो सकेगा। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने बाबैन उप तहसील कार्यालय में राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग की तरफ से आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम में पेपरलेस रजिस्ट्रेशन, सीमांकन पोर्टल, व्हाटसअप चैटबोट और राजस्व न्यायालय प्रबंध प्रणाली व्यवस्था का शुभारंभ किया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने राजस्व विभाग की 4 नई योजनाओं को लेकर तैयार की गई पुस्तिका का विमोचन भी किया।




### भ्रष्टाचार की जड़ों पर किया प्रहार

मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार पेपरलेस रजिस्ट्रेशन करके राजस्व विभाग में भ्रष्टाचार की जड़ों पर सीधा प्रहार कर रही हैं। इस प्रणाली से मानवीय हस्तक्षेप न्यूनतम होगा तो भ्रष्टाचार की गुंजाइश कतई नहीं रहेगी। अब रजिस्ट्री का काम पूर्णतः डिजिटल होगी, जिसमें यह पहल मिनिमम गवर्नमेंट-मेक्सिमम गवर्नेंस की हमारी नीति का जीवंत उदाहरण है। इस पेपरलेस रजिस्ट्रेशन से पर्यावरण का भी बचाव होगा।

### नए सिस्टम से किसानों और आम लोगों को फायदा, बढ़ेगी पारदर्शिता

#### पेपरलेस रजिस्ट्रेशन

**सिर्फ हस्ताक्षर व फोटो खिंचवाने आना होगा**

पेपरलेस रजिस्ट्रेशन की इस पहल से रजिस्ट्री करवाने की दशकों से चली आ रही जटिल प्रक्रिया से मुक्ति मिलेगी। अब रजिस्ट्री करवाने में अनावश्यक देरी नहीं होगी। इससे नागरिकों को कार्यालयों के चक्कर लगाने की परेशानी से मुक्ति मिलेगी। उनको केवल एक बार फोटो खिंचवाने व हस्ताक्षर के लिए तहसील जाना होगा।

#### रेवेन्यू कोर्ट

**न्याय प्रक्रिया में आएगी तेजी**

चौथी पहल रेवेन्यू कोर्ट केस मैनेजमेंट सिस्टम की है। राजस्व न्यायालयों में लंबित मामले न्याय की राह में एक बड़ी चुनौती रहे हैं। अब राजस्व न्यायालयों में चल रहे मामलों की डिजिटल मॉनिटरिंग होगी। केस की स्थिति, तारीख और आदेश ऑनलाइन उपलब्ध होंगे। इस सिस्टम से छोटे-छोटे मामलों में बरसों की देरी खत्म होगी। इससे न्याय प्रक्रिया तेज और पारदर्शी होगी।

#### सीमांकन पोर्टल

**रोवर-जीपीएस तकनीक से निशानदेही**

**दूसरी पहल** सीमांकन (डिमार्केशन) पोर्टल के लिए की गई है। सीमांकन पोर्टल भूमि संबंधी विवाद की समस्या का एक स्थायी और तकनीकी समाधान है। पोर्टल के माध्यम से किसान अब अपनी भूमि की पैमाइश के लिए सीधे आवेदन कर सकते हैं। रोवर और आधुनिक जीपीएस तकनीक का उपयोग कर यह प्रक्रिया अब सटीकता, गति और निष्पक्षता के साथ पूरी होगी।

## मजदूरों पर गिरा खौलता हुआ लोहा, 3 झुलसे

**रांची।** झारखंड में दर्दनाक घटना सामने आई है। यहां के बोकारो स्टील प्लांट के स्टील मेल्टिंग शॉप-2 काम के दौरान हुए हादसे में तीन ठेका मजदूर झुलस गए। तीनों को पहले प्लांट के अस्पताल में ले जाया गया, जहां उनकी हालत गंभीर देखते हुए बोकारो जेनरल अस्पताल (बीजीएच) रेफर कर दिया गया। बीजीएच में तीनों मजदूरों को आईसीयू में भर्ती कराया गया है। घायलों में प्रवीण, ओमप्रकाश और ब्रजेश महथा शामिल हैं।

## डूब रही बच्चियों को बचाने गई मां भी डूबी, 3 की मौत

**मुजफ्फरपुर।** मुजफ्फरपुर जिले के गायघाट थाना क्षेत्र में एक दर्दनाक घटना हुई, जिसमें एक मां और उसकी दो बेटियों की नदी में डूबने से मौत हो गई। घटना के बाद पूरे गांव में मातम पसरा है। मृतकों की पहचान 23 वर्षीय आशा कुमारी और उसकी दो बेटियों, दो साल की सरस्वती कुमारी और एक साल की राधिका कुमारी के रूप में की गई है। आशा कुमारी अपने बच्चों को लेकर नदी के पास कपड़े धोने गई थीं। इसी दौरान उनकी बड़ी बेटी खेलते-खेलते नदी में गिर गई।




# हरिभूमि सहेली





विशेष: विजय दशमी-गांधी जयंती

श्रीराम के संपूर्ण जीवन से दृष्टिगत होता है कि वे स्त्रियों के मान-सम्मान के समर्थक-रक्षक थे। श्रीराम के अनन्य भक्त महात्मा गांधी उनके आदर्शों के अनुगामी थे, समाज में स्त्रियों को मान-सम्मान और समान अधिकार देने के पक्षधर थे। विजय दशमी-गांधी जयंती के अवसर पर स्त्रियों के संदर्भ में श्रीराम और महात्मा गांधी के आदर्शों का एक विवेचन।



## समाज में हो स्त्रियों का मान-सम्मान

आवरण कथा

डॉ. मोनिका शर्मा

मर्यादित जीवन और लोक कल्याणकारी नीतियों के लिए मान पाने वाले प्रभु श्रीराम की हर सीख स्त्रियों के लिए सुरक्षित परिवेश बनाती है। मानवीय संवेदनाओं से भरा श्रीराम का व्यवहार हर महिला को सम्मानजनक पारिवारिक माहौल देने की शिक्षा देता है। वहीं समानता और अहिंसा के समर्थक बापू का जीवन भी स्त्रियों की जिंदगी सहज करने वाले कई पाठ लिए है। असल में स्त्रियों के सपने और आशाएं सुरक्षा, सम्मान, समानता और मर्यादित माहौल में ही पूरे हो सकते हैं। महिलाओं का निर्भय मन ही कामयाबी की उड़ान भर सकता है। घर हो या दफ्तर, संयत-अनुशासित परिवेश ही सफलता की राह पर उन्हें कदम बढ़ाने का हौसला देता है। बराबरी के भाव से हर महिला का मनोबल बढ़ता है। प्रभु श्रीराम जैसे समर्पित जीवनसाथी हों या महात्मा गांधी के समान बहू-बेटियों को आगे बढ़ाने वाले वरिष्ठजन, जरूरी है कि समानता के भाव से भरा मर्यादित परिवेश बनाने के लिए समग्र समाज आगे आए।

**पारिवारिक अपनेपन का भाव:** प्रभु श्रीराम के व्यक्तित्व में परिवार से गहरा जुड़ाव दिखता है। सच्चे जननायक मर्यादा पुरुषोत्तम प्रभु श्रीराम का यह जुड़ाव मां कैकेयी द्वारा उनके लिए वनवास मांगे जाने पर भी बना रहा। सदाचारी सोच में समाई उनकी सहजता में अपनी माता के प्रति ही नहीं, मातृशक्ति के प्रति मान का भाव दिखता है। हमारे यहां आज भी महिलाओं को घर-परिवार में अपनेपन का माहौल नहीं मिलता। इन परिस्थितियों में महिलाएं अपनी योग्यता और क्षमता का सही इस्तेमाल नहीं कर पातीं। मन की पीड़ा कहने का अवसर नहीं मिलता। अपने सपनों को साकार करने की बात अपनों से कहने में भी हिचकिचाहट होती है। शारीरिक ही नहीं, बहुत-सी स्वास्थ्य समस्याएं भी अपनेपन के अभाव से ही घेरती हैं। ऐसे में पारिवारिक परिवेश में संवेदनाएं सींचने और संबंधों में निश्छल प्रेम को पोसने के लिए भगवान श्रीराम का जीवन सार्थक दिशा देता है। यह सकारात्मक दिशा, स्त्री जीवन की दशा बदलने के लिए बहुत आवश्यक है। इसी बदलाव की बदौलत समानता का भाव पनपता है। यही समान भाव रखने की सीख बापू ने भी दी है। महात्मा गांधी का कहना था, 'स्त्रियां पुरुषों की प्रतिद्वंद्वी नहीं हैं। महिलाओं और पुरुषों में आत्मा एक ही है और उनकी समस्याएं भी एक जैसी हैं। महिला और पुरुष एक-दूसरे के पूरक हैं।' परिवार में स्त्रियों के प्रति अपनत्व और आत्मीयता का यह बर्ताव, उनकी बेहतरी से गहराई से जुड़ा है।



### सम्मान और मर्यादित बर्ताव

**रावण के** अहंकार को अपनी विनम्रता से पराजित करने वाले भगवान श्रीराम ने नारी शक्ति को सदैव सम्मान दिया। रघुनंदन श्रीराम ने स्त्रियों के साथ मर्यादित व्यवहार करने के उपदेश ही नहीं दिए बल्कि अपने जीवन में भी अपनाया। जीवनसंगिनी सीता हों या माता कौशल्या, कैकेयी, सुमित्रा। प्रेम भाव रखने वालीं परम भक्त शबरी हों, पत्थर बनने का श्राप पाने वाली देवी अहिल्या हों या राक्षस कुल में जन्मी शूर्पनखा। उनके शब्दों और व्यवहार में सभी के प्रति आदरभाव ही प्रकट हुआ। नारी को सृजन शक्ति के रूप में देखने वाले प्रभु श्रीराम ने स्वयं मां आदिशक्ति की उपासना की।

**अहंकारी स्वभाव से बचने का संदेश:** श्रीराम की विजय और रावण की पराजय के रूप में दशहरे का पर्व अहंकारी स्वभाव से बचने का भी संदेश देता है। हमारे सामाजिक-पारिवारिक परिवेश में पुरुषों के अहंकार का दंश स्त्रियां ही सबसे अधिक झेलती हैं। यह दंभ महिलाओं के लिए बोली जाने वाली भाषा से लेकर उन्हें हर मामले में कम आंकने के बर्ताव तक अपनी मौजूदगी रखता है। यही वजह है कि महिलाओं के प्रति सभ्य बर्ताव की सीख महात्मा गांधी ने भी दी है। जैसे भगवान श्रीराम ने देवी अहिल्या को श्राप से मुक्त किया, वैसे ही बापू ने भी पर्दा प्रथा, अशिक्षा, बाल-विवाह और दहेज जैसी कुरीतियों के श्राप से महिलाओं को मुक्ति दिलाने का आह्वान किया। महात्मा गांधी ने पुरुषों के अभिमान को पोसने और दबकर रहने के बजाय स्त्रियों को अपनी शक्तियां पहचानने को प्रेरित किया। सशक्त और स्वतंत्र अस्तित्व गढ़ने की राह दिखाई। समझना आवश्यक है कि सम्मान और मर्यादित बर्ताव महिलाओं की बहुत-सी समस्याओं का हल है।

**स्त्रियों का साथ दे समाज:** किसी संकट, अपमानजनक स्थिति या आपराधिक घटना का शिकार होने पर स्त्रियां अकेली पड़ जाती हैं। अपने हों या पराए, सभी दोषारोपण करने लगते हैं। समग्र समाज महिलाओं पर ही सवाल उठाने लगता है। पीड़ादायी परिस्थितियों में जीवनसाथी तक मुंह मोड़ लेते हैं। ऐसे में असत्य पर सत्य की विजय का पर्व दशहरा स्त्रियों के मान को ठेस पहुंचाने वाले लोगों के विरुद्ध एकजुट होने का भी संदेश देता है। रावण द्वारा एक स्त्री यानी माता सीता के अपमान का दंड देने के लिए ही प्रभु श्रीराम ने रावण से युद्ध किया। सही और गलत का फर्क समझते हुए उनका साथ स्वयं रावण के भाई विभीषण ने भी दिया। पत्नी मंदोदरी ने भी रावण को सीता हरण के लिए अपनी गलती मानने और स्त्रीशक्ति के प्रति सम्मान का भाव रखने को ही कहा। व्यावहारिक रूप से समाज और परिवार में यह महिलाओं के समर्थन में खड़े होने की सोच नदारद ही रही है। घर हो या बाहर, स्त्रियां भी पीड़ित महिला के पक्ष में खड़ी नहीं होतीं। यह महिलाओं के मान को ठेस पहुंचाने वाला ही नहीं, उनका मनोबल तोड़ने वाला बर्ताव भी है। जबकि गांधीजी ने कहा था कि समाज की उन्नति महिलाओं के सम्मान-सुरक्षा पर निर्भर करती है। बापू ने न केवल महिलाओं के प्रति हिंसा और अन्याय का मुखर विरोध किया बल्कि समाज से भी आधी आबादी के समर्थन में आवाज उठाने का आह्वान किया। बापू का कहना था, 'स्त्री और पुरुष एक-दूसरे के पूरक हैं। आपसी सहयोग के बिना दोनों का अस्तित्व असंभव है।' इसका मतलब ही है कि हर परिस्थिति में स्त्रियों को जीवन साथी का सहयोग मिलना चाहिए। समाज को हर भेदभाव से परे उनकी भूमिका समझनी चाहिए। जीवन के हर उतार-चढ़ाव में परिजनों को उनका साझीदार बनना चाहिए। खासकर किसी परेशानी के दौर में 'जजमेंटल' हुए बिना स्त्रीमन को समझा जाना चाहिए।




## बच्चों को बताएं दशहरे का संदेश

हमारे पर्व हमें कोई ना कोई बड़ा संदेश जरूर देते हैं, हमें जीवन में सही मार्ग पर चलने के लिए प्रेरित करते हैं। दशहरा का पर्व भी हमें अन्याय ना सहने और सत्यता, नैतिकता के पथ पर चलने का संदेश देता है। हम अपने बच्चों को दशहरे का संदेश बताएं और उन्हें संस्कारवान बनाएं।

परवरिश

सरस्वती रमेश



दशहरा, बुराई पर अच्छाई की जीत का पर्व है। इसे मनाने के पीछे एक गहरा संदेश छिपा हुआ है- हम अच्छाई यानी सत्य के मूल्यों को अपने जीवन में उतारें ताकि हमारे जीवन में अच्छाई की रोशनी फैले। जीवन की शुरुआत बाल्यकाल से होती है। सवाल है कि अच्छाई के इस प्रकाश से अपने नन्हे-मुन्नों को कैसे परिचित कराएं? उनके जीवन में इस प्रकाश को कैसे उतारें? उन्हें रावण दहन और विजय दशमी के महत्व को कैसे बताएं? जानें-

**कहानी के माध्यम से बताएं:** बच्चों को कहानियां बहुत भाती हैं। इनसे वे बहुत प्रभावित होते हैं। कहानी के जरिए हम उन्हें कठिन से कठिन बात को सरलता से समझा सकते हैं। हम जानते हैं, महान लोगों की जीवनी से लेकर, महत्वपूर्ण घटनाओं तक को कहानी का रूप देकर बच्चों को उनकी पाठ्य-पुस्तकों में समझाया जाता है। बच्चे कहानी के पात्रों को अपना नायक समझने लगते हैं। उनसे प्रेरित होकर, उन जैसा बनने का प्रयास करते हैं। इसलिए कहा जाता है, बचपन में बच्चों को वीर और महान लोगों की कहानियां सुनानी चाहिए। दशहरे पर भी उन्हें श्रीराम के जीवन से जुड़ी प्रेरक कथाओं को सुनाएं। उन्हें बताएं कि श्रीराम एक आज्ञाकारी पुत्र थे। साथ ही वे धैर्यवान, वीर, साहसी थे, सभी से प्रेम भी करते थे। श्रीराम के साथ ही भरत, लक्ष्मण और हनुमान की कहानियां भी प्रेरणादाई हैं, इन्हें भी बच्चों को सुनाएं।



**दशहरे का मतलब समझाएं:** दशहरा तो हम सभी मनाते हैं, लेकिन अकसर यह देखा जाता है, माता-पिता अपने बच्चों को त्योहार को मनाने के पीछे का संदेश बताना भूल जाते हैं। इस बार जब दशहरा मनाएं तो अपने बच्चों को इसका महत्व जरूर बताएं। रावण बुराई का प्रतीक है। इसलिए हर वर्ष उसका पुतला दहन किया जाता है, लेकिन बुराई तो हम सबके भीतर भी रहती है। इसे कैसे नष्ट किया जाए। इस बारे में भी बच्चों को बताना जरूरी है। बच्चों को यह अहसास कराना जरूरी है कि अपने भीतर की बुराइयों को प्रयासपूर्वक ही समाप्त किया जा सकता है। एक अच्छा और नेक इंसान बना जा सकता है।

**बुराइयां खत्म करने के तरीके:** दशहरा हमारे भीतर की बुराइयों को खत्म करने का प्रतीक है। बच्चों को इन बुराइयों से बचाकर ही संस्कारवान बनाया जा सकता है। यदि बच्चों को संस्कारवान बनाना है तो बचपन से ही उनमें अच्छी आदतें डालनी होंगी। इसके लिए जरूरी है, पहले उनके अंदर की बुराइयों को बाहर किया जाए। इस दशहरे पर अपने बच्चों से पूछें कि उन्हें अपनी कौन-सी बुरी आदत से छुटकारा पाना है? उन्हें कागज पर लिखने के लिए कहें कि वे इन बुरी आदतों से क्यों छुटकारा पाना चाहते हैं? फिर उन्हें छुटकारे के तरीके सुझाएं और उस पर अमल करने को कहें। लिखने से उन्हें गलत बातों से होने वाले नुकसान के बारे में गहराई से पता चलेगा और वे उनसे बचने के उपाय भी अपनाएंगे। इसी तरह उनके भीतर अच्छी आदतों को भरने के लिए नए-नए आइडिया सुझाएं। समय-समय पर गलत आदतों से होने वाले नुकसान के बारे में भी सचेत करें।

याद रखिए, त्योहारों को मनाने की सार्थकता तभी है, जब उससे हमारा समाज बेहतर बन सके। समाज तभी अच्छा बनेगा, जब हमारे बच्चे संस्कारवान, ईमानदार और सच्चाई की राह पर चलेंगे।


---

फिटनेस फंडा

सोनल पंवार

इन दिनों एंड टीवी के शो 'हप्पू की उलटन-पलटन' में इंस्पेक्टर मलिका का किरदार निभा रहीं सोनल पंवार न सिर्फ एक्टिंग में माहिर हैं, बल्कि फिटनेस के मामले में भी पूरी तरह से डिसिप्लिन में रहती हैं। इसके लिए वह क्या करती हैं, सहेली को सोनल बता रही हैं अपनी जुबानी।

## जरूरी है वर्कआउट मेंटल वेलनेस में बैलेंस



मेरा मानना है कि एक एक्ट्रेस के लिए सिर्फ खूबसूरत दिखना ही नहीं, बल्कि अंदर से एनर्जेटिक और पॉजिटिव रहना भी बहुत जरूरी है।

इसके लिए मैं डेली वर्कआउट और अपनी डाइट पर फोकस करती हूं। हेल्दी लाइफस्टाइल के लिए टाइम निकालना मेरे लिए बहुत जरूरी है क्योंकि इससे मेरी मेंटल हेल्थ भी सही रहती है।

**फिटनेस है जरूरी:** मेरे विचार में अच्छी लाइफ के लिए हेल्दी और फिट रहना बहुत जरूरी है। फिटनेस मुझे पॉजिटिव सोच, कॉन्फिडेंस और जीवन का पूरा आनंद लेने की शक्ति देता है। लंबी शूटिंग और एक्शन सींस के दौरान एनर्जी बनाए रखना तभी मुमकिन है, जब आपकी बॉडी स्ट्रॉन्ग हो।

**फिटनेस आइडियल:** मेरा फिटनेस आइडियल मेरे पापा और भाई हैं, जो आर्मी बैकग्राउंड से हैं। बचपन से ही मैंने उन्हें फिटनेस, अनुशासन और



समय की पाबंदी के साथ रहते देखा है। उनका रूटीन और डेडिकेशन मुझे हमेशा मोटिवेट करता है। वो चाहे किसी भी कंडीशन में हों, उनका सेल्फ कंट्रोल और एनर्जी लेवल कमाल का होता है। मेरे लिए वही असली रोल मॉडल हैं।

**हेल्दी-एनर्जेटिक होना जरूरी:** मेरे लिए स्लिम-ट्रिम दिखने से ज्यादा इंपॉर्टेंट है खुद को हेल्दी, फिट और एनर्जेटिक महसूस करना। कैमरे पर तो मेकअप मदद कर देता है, लेकिन स्टेमिना और फुर्ती सिर्फ संतुलित आहार और ट्रेनिंग से आती है। जब आप अंदर से हेल्दी रहते हैं तो सेल्फ कॉन्फिडेंस अपने आप चेहरे पर झलकने लगता है।

**डाइट प्लान:** मैं दिन की शुरुआत भीगे हुए बादाम खाने से करती हूं। नाश्ते में आमतौर पर ऑमलेट-ब्रेड या ओट्स लेती हूं। मेरे लंच में चावल, दाल, हरी-सब्जी और सलाद शामिल होता है। रात का खाना हल्का लेती हूं, जैसे- रोटी, ग्रिल्ड पनीर, सूप या खिचड़ी। साथ ही दिनभर में ढाई-तीन लीटर पानी पीती हूं।

**वर्कआउट शेड्यूल:** मैं हफ्ते में चार दिन स्ट्रेंथ ट्रेनिंग और दो दिन कार्डियो करती हूं। सेशन से पहले 15 मिनट की डायनेमिक स्ट्रेचिंग जरूर करती हूं। रोज 20 मिनट कुछ योगासन और प्राणायाम कर लेती हूं। शूट वाले दिन अगर जिम नहीं जा पाती तो सेट पर ही 10,000 स्टेप्स वॉक और रेजिस्टेंस बैंड वर्कआउट कर लेती हूं।

**इन्हें भी करती हूं फॉलो:** वीक में एक दिन इंटरमिटेंट फास्टिंग रखती हूं, जिससे शरीर डिटॉक्स हो। अकसर लिफ्ट के बजाय सीढ़ियों से फ्लोर चढ़ती-उतरती हूं। आउटडोर सीन के बीच-बीच में स्क्वैट्स या प्लैंक्स कर लेती हूं। डांस वर्कशॉप्स भी जॉइन करती रहती हूं, क्योंकि म्यूजिक के साथ डांस तन-मन दोनों को तरोताजा कर देता है।

**मेंटली फिट:** मैं मेंटली फिट रहने के लिए दिन में कम से कम दस मिनट तक ध्यान करती हूं और शूट से पहले पांच गहरी सांसें लेकर माइंडफुलनेस प्रैक्टिस करती हूं। सोशल मीडिया ब्रेक और किताबें पढ़ना मेरे दिमाग को आराम देते हैं। परिवार के साथ समय बिताना भी मेरे लिए थेरेपी की तरह है।

**ग्लो पाने के लिए योगाभ्यास:** चेहरे की चमक बरकरार रखने के लिए रोजाना कपालभाती, भ्रामरी और फेस योगा करती हूं। सूर्य नमस्कार करने से शरीर में ब्लड सर्कुलेशन सही रहता है और त्वचा में नेचुरल ग्लो आता है। डेली पूरी नींद लेती हूं, क्योंकि अच्छी नींद से फेस ग्लो करता है।

प्रस्तुति: सहेली फीचर्स

---



हेयर केयर

शहनाज हुसैन, कॉस्मेटोलॉजिस्ट

## बालों की कई समस्याएं करे दूर मुलेठी



बालों का कमजोर होना, झड़ना, रूसी और उम्र से पहले बालों के सफेद होने जैसी समस्याओं को लेकर कई महिलाएं परेशान रहती हैं। कुछ घरेलू उपचार से इन सभी समस्याओं से छुटकारा पाया जा सकता है। आप चाहें तो बालों की इन समस्याओं के लिए मुलेठी पावडर को अलग-अलग तरीके से इस्तेमाल कर सकती हैं। इससे आपके बाल और भी ज्यादा हेल्दी और शाइनी हो जाएंगे।

**डेंड्रफ के लिए :** डेंड्रफ की प्रॉब्लम दूर करने के लिए सबसे पहले कांच के जार में एक चम्मच मुलेठी पावडर, आधा चम्मच नीबू का रस और एक चम्मच शहद को अच्छी तरह मिलाएं। इस तरह तैयार पेस्ट को अपने सिर और बालों में लगा लें। आप इसे हफ्ते में दो बार लगा सकती हैं। मुलेठी में एंटी बैक्टीरियल गुण होते है, जिसके कारण यह डेंड्रफ की प्रॉब्लम को दूर करता है।

**हेयर फॉलिंग :** बाल झड़ना यानी हेयर फॉल या बाल्डनेस की प्रॉब्लम के लिए भी आप मुलेठी पावडर को अप्लाई कर सकती हैं। सबसे पहले कांच के बर्तन में एक चम्मच मुलेठी पावडर, कुछ केसर के धागे और 1 कप दूध या दही डालकर इसे अच्छी तरह मिक्स कर लें। अब इसे रात के समय अपने बालों पर लगाएं और शॉवर कैप से बालों को कवर करके सो जाएं। सुबह आप अपने बालों को माइल्ड शैंपू से धो लें।

**हेल्दी हेयर के लिए:** हेल्दी हेयर के लिए हेयर मास्क काफी इफेक्टिव माना जाता है। इसे बनाने के लिए कांच के बाउल में आधा पका केला, 2 चम्मच मेहंदी पावडर और 1 चम्मच मुलेठी पावडर को अच्छे से मिलाकर पेस्ट बना लें। अब पेस्ट को बालों पर 45 मिनट तक लगाने के बाद बालों को माइल्ड शैंपू से धो लें। बेजान और कमजोर बालों के लिए एक कटोरे में पांच चम्मच



मुलेठी पावडर, 1 कप दही और 2 चम्मच जैतून का तेल डालकर इसे अच्छी तरह मिलाकर पेस्ट बना लें। अब पेस्ट को अपने सिर और बालों पर अच्छी तरह लगाकर, आधे घंटे बाद बालों को ताजे और साफ पानी से धो लें, इससे आपके बालों को भरपूर मजबूती मिलेगी।

**सफेद बाल:** असमय बालों की सफेदी रोकने के लिए मुलेठी पावडर और थोड़ी मात्रा में सरसों के तेल को मिलाकर, इसे अपने बालों पर लगा लें। यह आपके हेयर फॉल की प्रॉब्लम के साथ बालों में आई असमय सफेदी को भी कम करता है।

---

दायित्व

यशोधरा भटनागर

बुजुर्ग हमारे परिवार के मूलाधार होते हैं। बावजूद इसके बहुत से वृद्धजन उपेक्षित, एकाकी जीवन गुजारने को बाध्य होते हैं। जरूरी है, हम उनकी महत्ता को समझें, उनका सम्मान करें।

## परिवार की अनमोल धरोहर हैं हमारे बुजुर्ग

परिवार केवल चार दीवारों से बना मकान नहीं होता, बल्कि भावनाओं, रिश्तों और संस्कारों का जीवंत संसार होता है। इस घर-संसार की सबसे अनमोल धरोहर होते हैं परिवार के बुजुर्ग, जो अपने श्रम, त्याग और अनुभव से घर की नींव मजबूत करते हैं और आने वाली पीढ़ियों को संस्कारित करते हैं। अंतरराष्ट्रीय वृद्धजन दिवस (1 अक्टूबर) यह अवसर देता है कि हम उनकी स्थिति सुधारने की दिशा में विचार करें और प्रयास करें।

**अपनों के साथ को तरसते:** घर कितना भी सुंदर क्यों न हो, उसकी असली रौनक तो बड़े-बूढ़ों से ही होती है। दादा-दादी की कहानियां, नाना-नानी के संस्कार और माता-पिता के आशीर्वाद, यही तो वह पूंजी है, जो परिवार को संपूर्ण बनाती है। लेकिन आज का कटु सत्य यह है कि जिनके कंधों पर बैठकर हमने तारों से सजा आकाश देखा था, उन्हीं के लिए हमारे घरों में जगह कम पड़ गई है।



**बदलती जीवनशैली का प्रभाव:** आज की भाग-दौड़ भरी जिंदगी, दूर-दराज शहरों और विदेशों में बसे बच्चों की व्यस्तता, आर्थिक दबाव और व्यक्तिगत महत्वाकांक्षाएं बुजुर्गों में बढ़ते एकाकीपन के बड़े कारण हैं। बेटे-बेटियां अपनी जिम्मेदारियों में उलझे रहते हैं और वृद्ध माता-पिता का स्थान धीरे-धीरे घर की परिधि से हटकर वृद्धाश्रमों की दीवारों में सिमट जाता है। आंकड़े बताते हैं कि वृद्धाश्रमों की संख्या लगातार बढ़ रही है, यह हमारे सामाजिक ताने-बाने की कमजोरी का स्पष्ट संकेत है। जिनकी अंगुली पकड़कर चलना सीखा, जिनकी गोद में बैठकर दुनिया देखी, आज वही अपने जीवन के अंतिम पड़ाव में अकेलेपन से घिरकर प्रतीक्षा करते हैं उस पल की, जब कोई उनसे पूछे, 'आप कैसे हैं?'

**संस्कारों का क्षरण:** भारतीय संस्कृति में कहा गया है, 'मातृदेवो भव, पितृदेवो भव।' हमारे यहां बुजुर्गों को अनुभवों का अक्षय स्रोत माना गया है। लेकिन बदलती जीवनशैली में जब 'संस्कार' की जगह 'सुविधाएं' और 'परंपरा' की जगह 'प्रौद्योगिकी' ने ले ली, तब रिश्तों की ऊष्मा धीरे-धीरे कम होने लगी। हम भूलते जा रहे हैं कि वृद्धजनों के अनुभव संकट की घड़ी में हमारे मार्गदर्शक हो सकते हैं। हमारे बच्चे संस्कारों का सबसे ज्यादा ज्ञान, दादा-दादी और नाना-नानी से ही पाते हैं, लेकिन आज हम उन्हें बोझ मानने लगे हैं।

**हम समझें अपने दायित्व:** हमें स्वयं से पूछना चाहिए, क्या हम अपने बुजुर्गों को उचित सम्मान, संवाद और अपनापन दे पा रहे हैं? हम कभी ना भूलें कि एक दिन हम सबको भी वृद्ध होना है। याद रखें, वृद्धजन हमारे परिवार की जड़ें हैं। यदि जड़ें ही सूख जाएंगी, तो शाखाएं भला कैसे हरी रह पाएंगी? यही समय है कि हम उनके हाथ थाम लें और उनकी आंखों में झांककर कहें, 'आप अकेले नहीं हैं, हम आपके साथ हैं।'

### समाधान की राह

बुजुर्गों के समक्ष उपस्थित कई तरह की समस्याओं के समाधान के लिए आप यहां बताई जा रही कुछ बातों पर अमल कर सकते हैं।

- आप अपने वृद्ध माता-पिता से चाहे पास रहते हों या दूर, रोज कुछ पल बात करें। एक कॉल, एक संदेश ही उनके लिए जीवन का संबल बन सकता है।
- परिवार के बुजुर्ग सदस्य के अनुभवों को सुनें और उनकी उपस्थिति को महसूस कराएं।
- अपने बच्चों को शुरू से सिखाएं कि बुजुर्गों की सेवा करना सबसे बड़ा धर्म है।
- मोहल्लों और समाज में ऐसे केंद्र शुरू होने चाहिए, जहां बुजुर्ग मिल-जुलकर संवाद कर सकें और अकेलेपन से बाहर आ सकें।

खबर संक्षेप

## पुलिस को चकमा देने में 40 दिन में 13 होटल बदले

**नई दिल्ली।** दिल्ली के एक निजी संस्थान में 17 छात्राओं के कथित यौन उत्पीड़न के आरोपी स्वयंभू



बाबा चैतन्यानंद सरस्वती की चौंकाने वाली हरकतें सामने आई हैं। जांच में खुलासा हुआ कि वह गिरफ्तारी से बचने के लिए 40 दिनों में 13 होटल बदल चुका था और मथुरा-वृंदावन के साधुओं के आश्रमों में शरण लेता रहा। जुलाई में विदेश में रहने के बाद चैतन्यानंद 6 अगस्त 2025 को भारत लौटा।

## बौखलाए पाक के रक्षा मंत्री बोले-संवाद खत्म

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के रक्षामंत्री ख्वाजा आसिफ ने भारत के पीएम नरेंद्र मोदी पर बातचीत का रास्ता खत्म करने का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा है कि मोदी



क्रिकेट की संस्कृति और खेल भावना को नष्ट करके, शांति और समस्याओं के समाधान की संभावनाओं को खत्म कर रहे हैं। दरअसल, पीएम मोदी ने एक्स पर पोस्ट कर एशिया कप में भारत की जीत को खेल के मैदान पर ऑपरेशन सिंदूर बताया था।

## घाटी में लौटी रौनक खुले 12 पर्यटन स्थल

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर प्रशासन ने सोमवार को कश्मीर घाटी के उन सात प्रमुख पर्यटन स्थलों को दोबारा खोल दिया है, जिन्हें 22 अप्रैल को पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद एहतियातन बंद कर दिया गया था। यह निर्णय शुक्रवार को उपराज्यपाल मनोज सिन्हा की अध्यक्षता में हुई यूनिफाइड हेडक्वार्टर की बैठक के बाद लिया गया।

### प्रदर्शनकारियों ने पाक सेना के खिलाफ नारे लगाए, बढ़ा तनाव

# पीओके में चौतरफा हिंसाः सरकार के खिलाफ हजारों लोगों ने किया प्रदर्शन

**एएसी ने 38 सूत्री मांगपत्र पेश कर सुधारों की मांग की**

एजेंसी ▶▶ इस्लामाबाद



पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर, यानी पीओके में लोगों का प्रदर्शन हिंसा में बदल गया है। सेना की गोलीबारी के बाद आम लोगों ने हिंसक प्रदर्शन शुरू कर दिया है। हजारों नागरिक सड़कों पर उतरकर पाकिस्तान सरकार और प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ के खिलाफ प्रदर्शन कर रहे हैं। पीओके से आ रही रिपोर्ट्स के मुताबिक, पाकिस्तानी सुरक्षा बलों ने निहत्थे नागरिकों पर गोलीबारी भी की है, जिससे माहौल काफी बिगड़ गया है। प्रदर्शनकारियों का आरोप है कि उन्हें दशकों से राजनीतिक उपेक्षा, मानवाधिकार उल्लंघन और दूसरे दर्जे के नागरिक जैसा व्यवहार झेलना पड़ रहा है।इसके अलावा यह भी संभावना है कि अमेरिका, ब्रिटेन और पूरे यूरोप जैसे देशों में पीओके प्रवासी समुदाय भी इस मुद्दे का अंतर्राष्ट्रीयकरण करने के लिए विरोध प्रदर्शन कर सकते हैं। एएसी, जो एक नागरिक समाज गठबंधन है, उसका कहना है कि यह आंदोलन किसी संस्था के खिलाफ नहीं, बल्कि जनता के बुनियादी अधिकारों के लिए है, जिन्हें पिछले 70 सालों से छीन लिया गया है। पीओके से आने वाले वीडियो में पाकिस्तानी सेना को लोगों पर फायरिंग करते दिखे।

- **कोटली में पुलिस-प्रदर्शनकारियों की झड़प से हालात बिगड़े**

### पीओके के चार निर्दोष नागरिक गंभीर रूप से हुए घायल

वहीं पीओके के कुछ लोगों ने कहा कि पाकिस्तानी प्रधानमंत्री के खिलाफ प्रदर्शन के दौरान पाकिस्तानी सेना की गोलीबारी में पीओके के चार निर्दोष नागरिक घायल हो गये हैं। पीओके के लोग सरकारी भ्रष्टाचार, मंत्रियों को दिए जाने वाले अभिजात्य विशेषाधिकार, खाद्य पदार्थों की बढ़ती कीमतों और सत्ता की कमी और राजनीतिक प्रतिनिधित्व के अभाव से तंग आ चुके हैं। वहीं, एएसी नेता शौकत नवाज मीर ने साफ कहा कि अब बहुत हो चुका। या तो हमें हमारे अधिकार दो, या फिर जनता के गुस्से का सामना करो। यह प्रदर्शन सरकार की लगातार उपेक्षा, भ्रष्टाचार और संसाधनों के दुरुपयोग के खिलाफ सीधा संदेश है। इसके चलते पूरे क्षेत्र में कारोबार, बाजार और परिवहन ठप होने की आशंका है। बता दें कि एएसी की मांगों की लिस्ट लंबी है। 38 से ज्यादा मांगे हैं। सबसे अहम मांगों में कश्मीरी शरणार्थियों के लिए आरक्षित 12 विधानसभा सीटों को खत्म करना शामिल है। एएसी का कहना है कि इन सीटों के चलते स्थानीय प्रतिनिधित्व खराब होता जा रहा है।

### प्रदर्शनकारियों की प्रमुख मांगें

- अवामी एक्शन कमेटी (एएसी) ने 38 सूत्री मांगपत्र पेश किया है, जिसमें संरचनात्मक सुधारों पर जोर दिया गया है
- पीओके विधानसभा में पाक में रह रहे शरणार्थियों के लिए आरक्षित 12 सीटें खत्म की जाएं
- स्थानीय समुदायों को सस्ती आटे की आपूर्ति सुनिश्चित हो
- मंगला हाइड्रोपावर प्रोजेक्ट से जुड़े बिजली दरें न्यायसंगत हों
- इस्लामाबाद द्वारा लंबे समय से लंबित सुधार तुरंत लागू हों

### नेपाल के बाद पेरू में जेन जेड प्रदर्शन

## भ्रष्टाचार और पेंशन को लेकर सड़कों पर उतरे हजारों लोग




**एजेंसीःलीमा।** नेपाल के बाद अब दक्षिण अमेरिकी देश पेरू के जेन जेड भ्रष्टाचार को लेकर सड़कों पर उतर आए हैं। 27 सितंबर को राजधानी लीमा में हजारों युवाओं ने राष्ट्रपति दीना बोलुआर्ते के खिलाफ नारेबाजी और विरोध प्रदर्शन किया। इस प्रदर्शन में पुलिस और प्रदर्शनकारियों के बीच झड़पें हुई। पुलिस ने आंसू गैस के गोले छोड़ और लाठीचार्ज किया, जिसके जवाब में युवाओं ने पथराव किया। दरअसल, ये विरोध 20 सितंबर को पेंशन प्रणाली में किए गए बदलावों के बाद शुरू हुए। नए नियम के अनुसार, पेरू में 18 साल से अधिक उम्र के हर व्यक्ति को किसी न किसी पेंशन कंपनी से जुड़ना होगा। इसके अलावा राष्ट्रपति बोलुआर्ते और संसद के खिलाफ लंबे समय से जनता में असंतोष बना हुआ है। प्रदर्शन के लिए फेमस जापानी एनिमे 'वन पीस' के केरेक्टर 'लूफी' को अपना रोल मॉडल बनाया है। ये केरेक्टर न्याय के लिए लड़ता है।रिपोर्ट्स के अनुसार, पेरू के युवा शनिवार से राष्ट्रपति दीना बोलुआर्टे के खिलाफ फिर से प्रदर्शन कर रहे हैं। इन प्रदर्शनों से राजधानी लीमा सबसे ज्यादा प्रभावित है।

**कहीं अमेरिका ने तो नहीं कर दिया खेल**

प्रदर्शनकारी पेरू की सरकार के पेंशन कानून का विरोध कर रहे हैं, जिसके तहत 18 साल से अधिक उम्र के हर नागरिक को किसी न किसी पेंशन प्रदाता कंपनी के साथ जुड़ना अनिवार्य है। इसके अलावा पेरू के युवा भ्रष्टाचार से भी परेशान हैं। पेरू दक्षिण अमेरिकी देश है, जिसे चीन का करीबी माना जाता है।

## यूक्रेन को घातक 'टॉमहॉक' मिसाइल देगा यूएस, रूस ने पूछा चलाएगा कौन

**एजेंसीः वॉशिंगटन।** अमेरिका अब यूक्रेन के उस महत्वपूर्ण अनुरोध पर विचार कर रहा है, जिसमें रूस को पीछे धकेलने के लिए लंबी दूरी की विध्वंसक टॉमहॉक क्रूज मिसाइलों की मांग की गई है। अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वेंस ने रविवार को यह घोषणा करके अंतरराष्ट्रीय जगत में हलचल मचा दी है। हालांकि, वेंस ने साफ किया है कि अमेरिका का लक्ष्य है कि नाटो के यूरोपीय सदस्य राष्ट्र ये क्रूज मिसाइलें खरीदें और फिर उन्हें यूक्रेन को हस्तांतरित कर दें। वेंस ने कहा कि हम कई यूरोपीय देशों के ऐसे प्रस्तावों पर गंभीरता से गौर कर रहे हैं। इस खुलासे के बाद रूस ने तीखी प्रतिक्रिया दी है और सीधे सवाल किया है कि इन

- **अमेरिका ने दोगुना किया मिसाइल उत्पादन**



मिसाइलों को कौन दागेगा? टॉमहॉक एक सबसोनिक क्रूज मिसाइल है, जिसकी रेंज 2500 किमी तक होती है और इसका वॉरहेड (आयुध) 450 किलो तक होता है। यदि ये मिसाइलें यूरोप से लॉन्च की जाती हैं, तो ये मॉस्को के आसपास के इलाकों तक आसानी से पहुँच सकती हैं, जिससे रूस के लिए बड़ा खतरा पैदा हो जाएगा।

## होटल खाली...पर्यटक कैद, हर दिन हो रही बुकिंग कैंसिल



**एजेंसीःलेह।** लद्दाख के पर्यटन उद्योग को एक और बड़ा झटका लगा है। पहले से ही कई संकटों से जूझ रहे इस क्षेत्र में पिछले हफ्ते लेह में हुई हिंसा और कर्फ्यू के बाद हालात और बिगड़ गए हैं।स्थानीय होटल, ट्रांसपोर्ट और व्यापार से जुड़े लोगों का कहना है कि 22 अप्रैल को पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद से ही पर्यटकों का आना कम हो गया था, और अब 24 सितंबर को लेह में हुई झड़पों और कर्फ्यू ने स्थिति और खराब कर दी है। हिंसा के बाद लेह शहर में अनिश्चितकालीन कर्फ्यू लगा दिया गया है और मोबाइल इंटरनेट सेवाएं बंद हैं। शनिवार को सिर्फ चार घंटे की छूट दी गई थी, बाकी समय सड़कों पर सन्नाटा और सुरक्षाबल तैनात रहे। लेह के एक होटल मैनेजर नसीब सिंह ने बताया कि, पिछले एक हफ्ते से हर दिन मेहमानों की एडवांस बुकिंग कैंसल हो रही हैं।शहर बंद होने की वजह से जरूरी सामान की भी कमी हो गई है। नसीब सिंह ने कहा कि ऐसा हालात पहली बार देख रहे हैं।


## कार्यालय पुलिस अधीक्षक, रेवाड़ी

मुकदमा नं. 317 दिनांक 21.09.2025 धारा 127 (6) BNS थाना खोल जिला रेवाड़ी

गुमशुदा की पहचान-



नाम- नफेसिहं पुत्र भगवान सिहं निवासी मुन्दी थाना खोल जिला रेवाड़ी
उम्र-62 वर्ष
कद-5 फुट 8 ईंच
हुलिया- रंग गेहूआ होठ के निचले हिस्से मे बाई तरफ निशान छाव है सफेद कुरता पजामा पहने हुए है। जो थोड़ा मन्दबुद्धी है। दिनांक 14.09.2025 से घर से बिना बताये चला गया था। जिस संबंध में मुकदमा नं. 317 दिनांक 21.09.2025 धारा 127 (6) BNS थाना खोल जिला रेवाड़ी दर्ज किया गया है। जिसका अभी तक कोई सुराग नहीं चला है। यदि किसी थाने में या किसी व्यक्ति को इस बारे सूचना प्राप्त होती है तो निम्नलिखित नम्बरों पर फोन करके सूचित करे।

सम्पर्क नंबर-
1. अनुसंधानकर्ता - 9466082401
2. प्रबंधक अफसर थाना खोल- 7056666128
3. थाना खोल रेवाड़ी- 01281240034
4. कंट्रोल रुम रेवाड़ी- 01274-225156, 9306952004

## कार्यालय पुलिस अधीक्षक, रेवाड़ी

मु. नं. 102 दिनांक 21-6-2025 धारा 127 (6) BNS थाना सदर रेवाड़ी

गुमशुदा की पहचान बारे



नाम- अमिषा पत्नी सतीश निवासी राठीवासा थाना भौडाकला जिला गुरुग्राम हाल जैन सभा रेवाड़ी
उम 24 साल
कद -5 फुट
हुलिया रग गेंहूआ लम्बूतरा चेहरा पीठ पर तिल का निशान सुट सलवार पहने हुए है जो दिनांक 19-6-2025 को बिना बताए घर से चली गई। जिस समबन्ध में मुकदमा नं. 102 दिनांक 21-6-2025 धारा 127(6) BNS थाना सदर रेवाड़ी दर्ज किया गया है जिसका अभी तक कोई सुराग नहीं चला है यदि किसी थाने में या किसी वयक्ति को इस बारे सूचना प्राप्त है तो निम्नलिखित नम्बरों पर फोन करके सूचित करे ।

सम्पर्क नंबर-
1. अनुसंधानकर्ता -9416371956
2. प्रबन्धक अफसर-7056666123
3. थाना सदर -01274-222621
4. कन्ट्रोल रूम रेवाड़ी - 01274-225156,9306952004

पीआरडीएच-1084/11/3959/2026/39110/88/7 दि. 29.09.25


### अमेरिका को दिया बड़ा झटका

## चीन का बड़ा ऐलान... भारतीय फार्मा कंपनियों पर नहीं लगेगा कोई शुल्क

एजेंसी ▶▶ बीजिंग




फाइल फोटो

चीन ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को तगड़ा झटका दिया है। जहां एक ओर ट्रंप ने भारतीय फार्मा कंपनियों पर 100 फीसदी तक टैरिफ लगाया था, वहीं दूसरी ओर चीन ने भारतीय फार्मा कंपनियों पर टैरिफ हटा लिया है। अभी तक चीन भारतीय फार्मा कंपनियों ने 30 प्रतिशत टैरिफ लेता था। अब चीन में बिना किसी शुल्क के भारतीय दवाएं निर्यात हो सकेंगी। चीन का यह फैसला ट्रंप के खिलाफ एक बड़ा कदम माना जा रहा है। एससीओ शिखर सम्मेलन में भारत, चीन और रूस के साथ आने के बाद से ट्रंप को घेरने की योजना बन रही थी। अब दिशा में कदम उठाए जाने लगे हैं। चीन ने भारतीय दवाईंयों पर टैरिफ शून्य किया, भारत ट्रंप टैरिफ पर कोई प्रतिक्रिया नहीं कर रहा हैं, वहीं रूस ट्रंप की लाख धमकियों के बाद भी यूक्रेन के खिलाफ अपना रुख बनाए हुए है। तीन महाशक्तियों के एक साथ आने से ट्रंप की मुश्किलें बढ़ती दिख रही हैं। हाल ही में चीन के राजदूत ने भारत का दौरा किया था। इसके बाद विदेश मंत्री जयशंकर ने चीन का दौरा किया था। दोनों देशों के बीच एक बार फिर से ट्रेड डील की शुरुआत दिखाई दे रही है। चीन के राजदूत ने चीन में निवेश के लिए भारतीय कंपनियों का आव्हान किया था। उन्होंने भारत पर लगे 50 प्रतिशत अमेरिकी टैरिफ का विरोध किया था। चीन लगातार भारतीय कंपनियों के लिए नरम रुख दिखा रहा है। केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने बताया कि भारत ट्रेड के लिए नए देशों में भी संभावनाएं तलाश रहा है। कहा कि हम यूरोपीय संघ, न्यूजीलैंड, ओमान, पेरू और चिली के साथ भी बातचीत कर रहे हैं। कतर और बहरीन के मंत्रियों ने हाल ही में भारत का दौरा किया था और भारत के साथ मुक्त व्यापार समझौता करने में रुचि व्यक्त की थी। यूरेशिया के साथ विचारार्थ विषय अंतिम रूप दे दिए गए हैं। यह विकसित देशों सहित कई देशों की भारत में रुचि को दर्शाता है।


**हरियाणा सरकार — निविदा सूचना**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय रोहतक | (i) एमडीयू, रोहतक में फैकल्टी हाउस में प्रथम तल पर डाइनिपंग हॉल और वीवीआईपी सुइट हेतु फर्नीचर की आपूर्ति। (ii) एमडीयू, रोहतक में फैकल्टी हाउस के लिए फर्नीचर अर्थात गार्डन चेयर्स और टेबल्स की आपूर्ति। | 26.09.2025 16.10.2025 | ईएमडी रु. 27,040/- | https://mdu.ac.in | 9991366698 xen.civil@mdurohtak.ac.in |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद-13/2026/40/39120/I/88/7 दि. 29.09.25

**हरियाणा सरकार — निविदा सूचना**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | हरियाणा स्कूल शिक्षा परियोजना परिषद, पंचकूला | 1. पीएम श्री जीएसएसएस शेखुपुरा डारोली में चारदिवारी का निर्माण, 2. जीजीएसएसएस पीएम श्री भट्टू कलां में स्टाफ रूम, लाइब्रेरी और चारदिवारी का निर्माण, 3. जीएसएसएस किरधान जिला फतेहाबाद में एचएमआर सह स्टाफ रूम, कम्प्यूटर रूम, टूटी हुई/आंशिक चारदिवारी का निर्माण + 11 कार्य। | 26.09.2025 09.10.2025 | रु. 1197.78 लाख | www.hsspp.in | 9463239081 civilbranchssa4@gmail.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद-13/2026/40/39131/I/88/7 दि. 29.09.25

**हरियाणा सरकार — निविदा सूचना**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | हरियाणा चिकित्सा सेवाएं निगम लिमिटेड, पंचकूला (एचएमएससीएल) | आवश्यकता की अनुसूची में मद के तहत वर्णित अनुसार 2 वर्षीय दर अनुबंध पर रेट्रोफिट डीआर सिस्टम की आपूर्ति, स्थापना और प्रचालन हेतु निविदा (पंचकूला)। | 29.09.2025 13.10.2025 | रु.33,50,00,000/- | www.hmscl.org.in | 8929299829 equipmentgm2020@gmail.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद-13/2026/40/39139/I/88/7 दि. 29.09.25


# भारतीय सेना की बहादुरी के किस्से पढ़ेंगे इजराइल के छात्र

## हाइफा शहर में बलिदानी भारतीय सैनिकों को श्रद्धांजलि दी

एजेंसी ▶▶ हाइफा



इजराइल के हाइफा शहर के मेयर ने कहा कि इस शहर को ब्रिटिश ने नहीं, बल्कि भारतीय सैनिकों ने ओटोमन शासन से मुक्त कराया था, जिसे अब स्कूल की किताबों में भी शामिल किया जा रहा है। प्रथम विश्व युद्ध में भारतीय घुड़सवार रेजिमेंट ने बहादुरी से लड़ते हुए हाइफ की मुक्ति में हम भूमिका निभाई थी। हर साल भारत और इजराइल में इन सैनिकों के सम्मान में समारोह आयोजित करते हैं। इजराइल के हाइफा शहर में सोमवार को बलिदानी भारतीय सैनिकों को श्रद्धांजलि दी गई। इस अवसर पर हाइफा के मेयर ने कहा कि शहर के स्कूलों की इतिहास की किताबों में बदलाव किया जा रहा है, ताकि सही जानकारी दी जा सके कि इस शहर को ओटमन शासन से ब्रिटिश ने नहीं, बल्कि भारतीय सैनिकों ने मुक्त कराया था। प्रथम विश्व युद्ध के दौरान भारतीय घुड़सवार रेजिमेंट ने तलवार और भाले लेकर माउंट कार्मेल की चट्टानी ढलानों से ओटोमन सेना को खदेड़ा था और इस शहर को मुक्त कराया था। युद्ध के इतिहासकार इस इतिहास के आखिरी बड़ा घुड़सवार अभियान मानते हैं। मेयर याहाव ने 2009 में भी इसी जगह एक समारोह में कहा था कि शहर के इतिहास की किताबों में भारतीय सैनिकों द्वारा इसे मुक्त कराने की कहानी शामिल होगी और आज यह युवाओं के पास स्थापित तथ्य है। भारतीय सेना हर साल 23 सितंबर को हाइफा दिवस मनाती है, ताकि तीन बहादुर भारतीय घुड़सवार रेजिमेंट (मैसूर, हैदराबाद और जोधपुर लांसर्स) को सम्मानित किया जा सके, जिन्होंने 1918 में 15वें इंपीरियल सर्विस कैवली ब्रिगेड के घुड़सवार अभियान के बाद हाइफा को मुक्त कराया था। यहां भारतीय मिशन और हाइफा नगर निगम मिलकर हर साल भारत के बहादुर सैनिकों को श्रद्धांजलि देने के लिए कार्यक्रम आयोजित करते हैं।

- **हाइफा को ओटोमन शासन से ब्रिटिश नहीं भारतीय सैनिकों ने कराया था मुक्त**

### गहन शोध में पाया है शहर को भारत ने कराया मुक्त

हाइफा के मेयर योना याहाव ने कहा, मैं इस शहर में पैदा हुआ और यहीं से स्नातक किया हुआ हूं। हमें हमेशा बताया जाता था कि यह शहर ब्रिटिश ने मुक्त कराया था। लेकिन एक दिन शहर के इतिहास के किसी जानकार ने मेरे दरवाजे पर दस्तक दी और बताया कि उन्होंने गहन शोध किया है और पाया है कि इस शहर को मुक्त कराने वाले ब्रिटिश नहीं, बल्कि भारतीय थे।


**हरियाणा सरकार — निविदा सूचना**

| क्र. सं. | विभाग का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि | राशि/ईएमडी (लगभग) रु. में | विभाग की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | लोनिवि भ व प सोनीपत | सोनीपत जिले में सोनीपत में न्यू ज्यूडिशियल कोर्ट कॉम्पलैक्स में लिंक कॉरिडोर का प्रावधान + 1 कार्य। | 26.09.2025 03.10.2025 | 52.89 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1302200575 pwd-eepd2-sonepat@hry.nic.in |
| 2 | जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी सिरसा | सिरसा कस्बा :- रानियां रोड, सिरसा कस्बा में मशीन वाउंड स्पायर्ल लाइनिंग (एमडब्ल्यूएसएल) टेक्नोलॉजी द्वारा आकार 1800 मिमी आई/डी सीवर लाइन के मौजूदा मेन ट्रंक सीवर का मजबूतीकरण और उससे सम्बद्ध अन्य सभी कार्य। | 27.09.2025 17.10.2025 | 1441 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9467070175 eepsirsa@gmail.com |
| 3 | जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी सिरसा | सिरसा कस्बा :- एसटीपी केलनियां के आकार 1000×1500 मिमी आई/डी ब्रिक सीवर (सीआईपीपी द्वारा) नोड नं. 3135 के मौजूदा मेन ट्रंक सीवर का मजबूतीकरण और उससे सम्बद्ध अन्य सभी कार्य। | 27.09.2025 17.10.2025 | 1350 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9467070175 eepsirsa@gmail.com |
| 4 | जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी सिरसा | सिरसा कस्बा :- सिरसा कस्बा जिला सिरसा में सुपर सकर मशीन द्वारा मिनी बाईपास रानियां रोड पर 900 मिमी आई/डी आरसीसी पाइप और वॉल्मिकी चौक से पटेल चौक पर 1400 मिमी आई/डी आरसीसी पाइप की गाद निकालना, शिव चौक से वॉल्मिकी चौक से नोड नं. 3135 सरकुलर रोड पर आकार 900×1400 मिमी, 800 मिमी × 1300 मिमी आई/डी ब्रिक सीवर के मौजूदा मेन ट्रंक सीवर का मजबूतीकरण (सीआईपीपी द्वारा) और उससे सम्बद्ध अन्य सभी कार्य। | 27.09.2025 17.10.2025 | 1210.35 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9467070175 eepsirsa@gmail.com |
| 5 | पंचायती राज झज्जर | 33.71 - गांव सुरेहती ब्लॉक साल्हावास में नीम नाथ स्टेडियम की सीढ़ियों के ऊपर शैड का निर्माण। | 26.09.2025 03.10.2025 | 28.26 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9416721433 prexeeng.jjr@hry.nic.in |
| 6 | पंचायती राज ब्लॉक बोंद कलां | गांव अचीना में स्टेडियम में शैड का निर्माण (डी-प्लान) + 7 कार्य। | 27.09.2025 03.10.2025 | 40.44 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 8168502876 xenprcharkhidadri@gmail.com |
| 7 | सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग हरियाण, रोहतक | अपस्ट्रीम और डाउनस्ट्रीम में रोड क्रॉसिंग पर भालोठ सब ब्रांच के आरडी 140740 और 148961 पर फेंसिंग वायर का प्रावधान व फिक्सिंग + 3 कार्य। | बंद होने की तिथि 03.10.2025 | 11.25 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9812111077 xenwsdnrtk@gmail.com |
| 8 | सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग हरियाण, सिरसा | कैनाल कॉलोनी, हिसार रोड, सिरसा में क्वार्टर नं. जे-15 की मरम्मत। | बंद होने की तिथि 06.10.2025 | 0.75 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9996665761 xensrs.swd1925@yahoo.com |
| 9 | कृषि एवं किसान कल्याण, सोनीपत | गांव गंगाना, ब्लॉक मुंडलाना और जिला सोनीपत में सब-सर्फेस ड्रेनेज टेक्नोलॉजी के माध्यम से वाटर लॉग्ड और सैलाइन सोइल का रिक्लेमेशन (एसएसडी ब्लॉक जेडी-18 से जेडी-23) (रिवाइज)। | बंद होने की तिथि 15.10.2025 | 342.25 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9466096204 ascosonipat2023@gmail.com |
| 10 | कृषि एवं किसान कल्याण, सोनीपत | गांव छापरा, ब्लॉक कथूरा और जिला सोनीपत में सब-सर्फेस ड्रेनेज टेक्नोलॉजी के माध्यम से वाटर लॉग्ड और सैलाइन सोइल का रिक्लेमेशन (एसएसडी ब्लॉक सीएचआर-1 से सीएचआर-8) (रिवाइज) 2025. | बंद होने की तिथि 15.10.2025 | 311.04 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9466096204 ascosonipat2023@gmail.com |
| 11 | कृषि एवं किसान कल्याण, सोनीपत | गांव भादी, गन्नौर सोनीपत में वाटरलॉगिंग और रिक्लेमेशन कार्य के लिए वर्टिकल ड्रेनेज प्रोजैक्ट। | बंद होने की तिथि 13.10.2025 | 42.18 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9466096204 ascosonipat2023@gmail.com |
| 12 | एसएचकेएम राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय नल्हार, नूह | एसएचकेएम जीएमसी में ऑफ्थैल्मोलॉजी विभाग के लिए 10 कैटेरेक्ट सैट की खरीद के लिए निविदा। | 01.10.2025 15.10.2025 | 10,000/- | https://etenders.hry.nic.in/nicgep/app | 1267282007 tendergmcmewat@gmail.com |
| 13 | एसएचकेएम राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय नल्हार, नूह | शहीद हसन खान मेवाती राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय, नल्हार में 12 अदद लिफ्टों (मेक ओरबिस) के लिए व्यापक रखरखाव अनुबंध (सीएमसी) के प्रावधान के लिए निविदा। | 01.10.2025 15.10.2025 | 24.64 लाख | https://etenders.hry.nic.in/nicgep/app | 1267282007 tendergmcmewat@gmail.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.etenders.hry.nic.in    पीआरडीएच-11/2026/260/39141/I/88/7 दि. 29.09.25

## चिंतन

# टीम इंडिया ने पाक को किया अंतरराष्ट्रीय मंच पर बेनकाब

टीम इंडिया ने बिलकुल वैसा ही किया जैसा किया जाना चाहिए था। आतंकवाद के पोषक पाकिस्तान को बेनकाब किया जाना बहुत जरूरी है और टीम इंडिया ने दुबई इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में पाकिस्तान को जिस तरह से सबक सिखाया, उससे न केवल अंतरराष्ट्रीय मंच पर पाक की किरकिरी हुई, बल्कि विश्व बिरादरी में यह संदेश भी गया कि नया भारत दुश्मन को चौतरफा झटके देना जानता है। एशिया कप 2025 के फाइनल में भारत ने पाकिस्तान को 5 विकेट से रौंदकर 9वीं बार खिताब तो अपने नाम किया ही बिना ट्राफी के जैसा जश्न मनाया वो भी काबिलेतारीफ है। भारतीय टीम का ये जश्न देखने लायक था, क्योंकि खिलाड़ियों ने बिना ट्रॉफी लिए ही पाकिस्तानियों की छाती पर तांडव किया। एशिया कप में भारत और पाकिस्तान के बीच खेले गए पहले मैच से ही तनाव का माहौल था। टीम इंडिया ने तय कर लिया था कि वे पाकिस्तान के खिलाड़ियों के साथ मैच में हाथ नहीं मिलाएंगे। लीग मैच में जीत के बाद उन्होंने ऐसा ही किया। इस पर पाकिस्तान की ओर से तरह-तरह की प्रतिक्रियाएं भी आईं, लेकिन भारतीय खिलाड़ियों ने इसकी जरा भी परवाह नहीं की। इसके बाद पाकिस्तान के जख्मों पर नकम छिड़कते हुए कप्तान सूर्यकुमार यादव ने जीत को भारत के आर्म्ड और पहलगाम आतंकी हमले में मारे गए फैमिली को इसे समर्पित कर दिया। सूर्यकुमार के इस कथन से पाकिस्तानियों को आग लग गई। इसके बाद सुपर-4 मुकाबले में पाकिस्तान के हारिस रऊफ और साहिबजादा फरहान ने भारत के खिलाफ मैच में इशारेबाजी कर घटिया हरकत की। जिस पर टीम इंडिया ने आपत्ति जताई और तय कर लिया कि अगर वह फाइनल में पहुंचती है व चैंपियन बनती है तो वह पाकिस्तान के ही एसीसी चीफ मोहसिन नकवी के हाथ से ट्रॉफी नहीं लेंगे। बता दें कि एशिया कप के चैंपियन को एसीसी के चीफ ही ट्रॉफी हैंडओवर करते हैं। ऐसे में टीम इंडिया ने पहले से ही तय प्लानिंग के मुताबिक मोहसिन नकवी के हाथों से ट्रॉफी नहीं ली। मोहसिन नकवी स्टेडियम में ही बनाए गए मंच पर आए और लगातार घोषणा होती रही कि ट्राफी लें, लेकिन टीम इंडिया के खिलाड़ी इसे अनसुना करते रहे। लगभग आधे घंटे तक नकवी वहीं, खड़े रहे और फिर बेशर्मी दिखाते हुए ट्रॉफी को अपने साथ लेकर चले गए। इसके बाद जो हुआ उसे पाकिस्तान कभी नहीं भूल पाएगा। टीम इंडिया के तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह ने स्टेज पर मौजूद सभी खिलाड़ियों को बिना ट्रॉफी के जश्न मनाने के लिए कहा। फिर क्या था, अर्शदीप ने सबको बताया कि किसको, कैसे क्या करना है। उसके बाद कप्तान बिना ट्रॉफी लिए रोहित शर्मा के अंदाज में स्टेज पर चढ़े और चैंपियन की तरह एक्ट किया। इस एक्ट के दौरान टीम इंडिया के सभी खिलाड़ी जमकर जश्न मनाते रहे। कप्तान ने जैसे ही ट्राफी ली सभी खिलाड़ियों ने जमकर स्वागत किया। खास बात यह रही कि ट्राफी हाथ में न होने के बावजूद टीम इंडिया ने इस अंदाज में फोटो भी खिंचवाए जैसे कि ट्राफी से साथ किया जाता था। इस दौरान स्टेडियम में दुनियाभर के दर्शक, खेल प्रेमी मौजूद थे। भारतीय खिलाड़ियों के इस एक्ट ने सबके सामने आतंकवाद के पोषक पाकिस्तान को बेनकाब कर दिया। पूरी चैंपियनशिप के दौरान टीम इंडिया ने न केवल पाकिस्तान को एक के बाद एक तीन बार हराया, बल्कि हर बार यह अहसास भी करवाया कि ये नया भारत है, जो न केवल जैसे को तैसा करना जानता है, बल्कि हर दुःसाहस का मुंहतोड़ जवाब भी देता है।



मंथन
मनोज कुमार अग्रवाल

# ऐसी क्या दीवानगी जिसमें जाए जान

तमिलनाडु के करूर में टीवीके प्रमुख विजय की रैली के दौरान मची भगदड़ में मृतकों की संख्या बढ़कर 40 हो गई है। देश में कभी कोई धार्मिक आयोजन, मंदिर दर्शन, कुंभ स्नान, खेल मैदान या धर्मगुरु बाबा की रैली निर्दोषों की जान लेती रही है, लेकिन इस बार राजनीति में पैर जमा रहे हीरो विजय के चक्कर में बेगुनाहों की जान चली गई। यह काफी दर्दनाक रहा। हालांकि अपने देश में वास्तविकता यही है कि इतने हादसे होने के बावजूद भी भीड़ नियंत्रण को लेकर ठोस रणनीति नहीं बनती और इसका खामियाजा आमजन को भुगतना पड़ता है। अब जरूरत है भगदड़ जैसी होने वाले त्रासदी को रोकने के लिए नई रणनीति के तहत काम किया जाए, ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति को रोका जा सके।

अजीब दीवानगी है एक चहेते हीरो की रानीतिक रैली में शामिल होने के लिए चालीस जान चली गई। अपने देश में भगदड़ से आम लोगों की मौत होना एक नियति बनती जा रही है, क्योंकि देश के किसी न किसी हिस्से में कुछ समय के अंतराल पर ऐसी खबरें आती ही रहती हैं। इसका दुःखद पहलू यह है कि जब भी ऐसी कोई खबर आती है, तो दुःख जताने के साथ जांच कमेटी बैठा दी जाती है। साथ ही मुआवजा देकर मरहम लगाकर ऐसे मामलों की लीपापोती कर दी जाती है, लेकिन इससे सबक लेते हुए ऐसे दर्दनाक हादसों को रोकने के लिए कोई ठोस कदम बेहद कम ही उठाए जाते हैं। ऐसा ही मामला तमिलनाडु के करूर में टीवीके प्रमुख और अभिनेता विजय की रैली के दौरान मची भगदड़ में देखने को मिला है। इस हादसे में मृतकों की संख्या बढ़कर 40 हो गई है। कभी कोई धार्मिक आयोजन, मंदिर दर्शन, कुंभ स्नान, खेल मैदान या धर्मगुरु बाबा की रैली निर्दोषों की जान लेती रही है, लेकिन इस बार राजनीति में पैर जमा रहे हीरो विजय के चक्कर में बेगुनाहों की जान चली गई। यह काफी दर्दनाक रहा।

मिल रही जानकारी के अनुसार इस भगदड़ को लेकर कोर्ट में एक याचिका भी दाखिल की गई है। विजय उनकी पार्टी कोर्ट के सामने इस हादसे को लेकर संदेह जता रही है। इसके बाद करूर भगदड़ की जांच रिटायर्ड हाईकोर्ट जस्टिस अरूणा जगदीशन की अध्यक्षता वाली कमेटी को सौंपी गई है। सोमवार को रिटायर जस्टिस करूर सिविल अस्पताल पहुंचीं। घायलों का हाल जाना।

इससे पहले विजय की पार्टी ने कोर्ट को बताया कि इस पूरे हादसे के पीछे एक सोची समझी राजनीतिक साजिश है, ये साजिश किसने रची इसकी जांच कराना भी बेहद जरूरी है। बता दें कि अभिनेता-राजनेता विजय की पार्टी टीवीके ने शनिवार को करूर में हुई रैली में हुई भगदड़ के पीछे डीएमके की साज़िश का आरोप लगाया है। इस भगदड़ में 40 लोग मारे गए और लगभग 100 घायल हुए। टीवीके के वकील अरिवझगन ने बताया कि पार्टी ने मद्रास उच्च न्यायालय में एक याचिका दायर की है जिसमें अदालत से एक विशेष जांच दल गठित करने या मामले को केंद्रीय एजेंसी सीबीआई को सौंपने का आग्रह किया था। वहीं, सोमवार को भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने राजग के 8 सदस्यीय दल का गठन किया है। जो करूर का दौरा करेगा। मथुरा सांसद हेमा मालिनी को दल का कन्वीनर बनाया गया है। अनुराग ठाकुर, तेजस्वी सूर्या भी इसमें शामिल हैं।

मृतकों में महिलाएं और बच्चे भी शामिल हैं। मृतकों का आकंड़ा बढ़ने की आशंका है। इस साल 2025 में मंदिरों, रेलवे स्टेशन और महाकुंभ में भगदड़ में कई लोगों की जान गई है। देश में पिछले दो दशक में दो दर्जन बार भगदड़ में करीब 1500 लोगों की जानें जा चुकी हैं, जबकि हजारों लोग घायल हुए हैं।

2025 को भगदड़ दुर्घटनाओं का साल कहा जाए तो गलत नहीं होगा इस साल की शुरुआत में 8 जनवरी को तिरुमाला हिल्स में भगवान वेंकटेश्वर स्वामी मंदिर में वैकुंठ द्वार दर्शनम के लिए टिकट लेने के लिए सैकड़ों श्रद्धालुओं के बीच हुई धक्का-मुक्की में छह श्रद्धालुओं की जान चली गई। दर्जनों लोग घायल हो गए। महाकुंभ के दौरान 29 जनवरी को संगम क्षेत्र में भगदड़ मच गई।



मौनी अमावस्या के अवसर पर लाखों तीर्थयात्री स्नान के लिए जगह पाने के लिए धक्का-मुक्की कर रहे थे। भगदड़ में 30 लोगों की मौत हो गई, 60 लोग घायल हो गए। आईपीएल 2025 में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु की जीत के जश्न में बेंगलुरु के चिन्नास्वामी स्टेडियम के बाहर हादसा हो गया। विक्ट्री परेड शुरू होने से पहले अचानक भीड़ बेकाबू हो गई, जिससे भगदड़ मची। इस हादसे में 11 लोगों की जान चली गई और कम से कम 50 लोग घायल हुए।

15 फरवरी को नई दिल्ली रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म नंबर 14 और 15 पर भगदड़ मच गई। भगदड़ में 18 लोगों की जान चली गई, 15 घायल हो गए। तीन मई को गोवा के शिरगाओ गांव में श्री लैराई देवी मंदिर के वार्षिक उत्सव के दौरान मची भगदड़ में 6 लोगों की मौत और करीब 100 लोग घायल हो गए।

बता दें इस से पहले 4 दिसंबर 2024 को हैदराबाद में अल्लू अर्जुन की ब्लॉकबस्टर 'पुष्पा 2' की स्क्रीनिंग के दौरान मची भगदड़ में 35 वर्षीय महिला की मौत हो गई। तीन जुलाई 2024 को उत्तर प्रदेश के हाथरस में स्वयंभू बाबा भोले बाबा उर्फ नारायण साकार हरि द्वारा आयोजित 'सत्संग' (प्रार्थना सभा) में भगदड़ से 121 लोगों की मौत हो गई।

मध्य प्रदेश के इंदौर में एक मंदिर में 31 मार्च 2023 रामनवमी के अवसर पर आयोजित 'हवन' समारोह के दौरान 'बावड़ी' या कुएं के ऊपर बनी स्लैब के ढह जाने से 36 लोगों की जान चली गई। 2022 के पहले दिन जम्मू-कश्मीर में माता वैष्णो देवी मंदिर में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ के कारण मची भगदड़ में 12 लोगों की मौत हो गई। 29 सितंबर 2017 को मुंबई में पश्चिमी रेलवे के एलफिंस्टन रोड स्टेशन को मध्य रेलवे के परेल स्टेशन से जोड़ने वाले पुल पर मची भगदड़ में 23 लोगों की मौत हो गई। गोदावरी नदी के तट पर 14 जुलाई 2015 को हुई भगदड़ में 27 तीर्थयात्रियों की मौत हो गई।

दशहरा समारोह 3 अक्टूबर 2014 को मेला समाप्त होने के तुरंत बाद पटना के गांधी मैदान में मची भगदड़ में 32 लोगों की मौत हो गई। 13 अक्टूबर 2013 को मध्य प्रदेश के दतिया में रतनगढ़ मंदिर के पास नवरात्रि उत्सव के दौरान भगदड़ में 115 लोगों की जान चली गई और 100 से अधिक घायल हो गए। 19 नवंबर, 2012 पटना में गंगा के किनारे अदालत घाट पर छठ पूजा के दौरान पुल के ढह जाने से मची भगदड़ में 20 लोग मारे गए।

8 नवंबर, 2011 हरिद्वार में गंगा नदी के किनारे घाट पर भगदड़ मचने से 20 लोग मारे गए। 14 जनवरी, 2011 केरल के इडुक्की के पुलमेडु में जीप के दुर्घटनाग्रस्त हो जाने से मची भगदड़ में 104 श्रद्धालु मारे गए, 40 से अधिक घायल हो गए।

30 सितंबर, 2008 राजस्थान के जोधपुर में चामुंडा देवी मंदिर में बम विस्फोट की अफवाहों के कारण मची भगदड़ में 250 श्रद्धालु मारे गए, 60 से अधिक घायल हो गए। 3 अगस्त, 2008 हिमाचल प्रदेश के बिलासपुर जिले में नैना देवी मंदिर में चट्टान गिरने की अफवाह उड़ी, जिसमें 162 लोग मारे गए। वास्तविकता यही है कि अपने देश में भीड़ नियंत्रण को लेकर ठोस रणनीति नहीं बनती और यही कारण है कि ऐसे हादसे होते रहते हैं। जरूरत है कि भगदड़ जैसी होने वाले त्रासदी को रोकने के लिए नई रणनीति के तहत काम किया जाए, ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति को रोका जा सके।

( लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

## कंजक पूजन
डॉ. घनश्याम बादल



# आज के समय बहुत ज़रूरी है कन्या सशक्तिकरण

इस समय शारदीय नवरात्र चल रहे हैं। नवरात्र में कन्या पूजन में भक्तजन कन्याओं को भोजन कराते हैं। नए वस्त्र और उपहार आदि भेंट करते हैं। यह दर्शाता है कि देश में कन्याओं का बहुत सम्मान है, लेकिन यदि वास्तव में कन्याओं का सम्मान है तो उन्हें समाज में उनका उचित स्थान क्यों नहीं मिल पाया है यह आज भी एक महा प्रश्नहै । किसी भी संस्कृति में अच्छी परंपराओं का निभाया जाना अच्छी बात है, लेकिन केवल परंपरा निर्वाह का दिखावा करना अच्छा संकेत नहीं है, बेहतर हो कि कन्या पूजन पर नया चिंतन करें। मान्यता है कि नौ देवियां देवी शक्ति का प्रतिरूप हैं और नौ अलग-अलग रूपों में ममत्व, वात्सल्य, पराक्रम, वीरता की प्रतिमूर्ति होने के साथ-साथ दुष्ट दलन एवं भक्तों की रक्षा भी करती हैं। उनके प्रतीक रूप में ही कन्या पूजन किया जाता है, लेकिन जब उन्हीं शक्तिरूपा कन्याओं का शोषण होता है तो समाज की नीयत पर भी संदेह होता है जो एक और तो कंजकों का पूजन करता है, वहीं दूसरी ओर उन्हें अपनी हवस का शिकार बनाता है। तो इन नवरात्रों में नए चिंतन के साथ मनाना सुनिश्चित करें।

भूखे को भोजन कराना पुण्य प्रदान करने वाला है। वर्तमान संदर्भों में यदि नवरात्र में देखें तो इसमें प्रायः संपन्न घरों की, आस पड़ोस की बच्चियों को ही भोजन करवाते देखा जाता है। कहीं, कूड़ा बीनती, सफाई कार्य करती या फिर दूसरों के घरों में काम करने वाली बाइयों की बच्चियों को बहुत कम ही लोग भेजन करवाते हैं। ऐसा कन्या भोज कितना उचित है आज इस पर विचार मंथन एवं चिंतन की ज़रूरत है। आज आवश्यकता है कि हम नवरात्र समय और परिस्थिति के अनुसार थोड़ा हटकर मनाएं। यदि केवल दिखावे के लिए या पुण्य कमाने के लिए कन्या पूजन करेंगे तो अपशकुन तय है।

चिकित्सा विज्ञान कहता है कि बहुत अधिक खाना या खाने में वसा होना स्वास्थ्य खराब कर सकता है, शरीर में बेड कोलेस्ट्रॉल बढ़ सकता है और बच्चियां तो बहुत छोटी होती हैं नवरात्र में इन कन्याओं को कई-कई घरों में भोजन करते हुए देखा जा सकता है । अब बच्चों को तो ज्ञान नहीं और थोड़ा बहुत दक्षिणा में मिलने वाले पैसों का लालच भी आ जाता है। मगर यह हमारा कर्तव्य है कि हम उन्हें बीमारी का शिकार न बनने दें। बजाय पकवानों के पोषक तत्वों वाला संतुलित खाना उन्हें परोसें। इससे भी बेहतर हो कि उन्हें ड्राई फ्रूट आदि देने की परंपरा शुरु करें, ताकि बच्चे लंबे समय तक उन्हें खा भी सकें।

कंजक जिमने के पीछे भाव होता है कि बालिकाओं को सम्मान देना इसलिए सामाजिक रूप से ऐसा वातावरण तैयार करें कि केवल कन्याओं को ही नहीं संपूर्ण महिला शक्ति को सम्मान से जीने का वातावरण मिले। नवरात्र में दान करके भी पुण्य कमा सकते हैं, अनेक ऐसे लोग हैं जो पर्याप्त मात्रा में भोजन नहीं ले पा रहे हैं। इसके लिए आप अपने आसपास की किसी भी धार्मिक संस्था या एनजीओ को यह बता दें कि आप कितने लोगों को भोजन या वस्त्र आदि दान करना चाहते हैं और ऐसे में नियत समय पर आकर उनका प्रतिनिधि आपसे वह भोजन वस्त्र ले जाए तथा उस भोजन को जरूरतमंदों, कुष्ठ रोगियों अनाथालय आदि के जरूरतमंद लोगों को जिनमें कन्याएं भी हो सकती हैं खिला सकते हैं। साथ ही साथ अपनी श्रद्धा अनुसार उपयुक्त दक्षिणा राशि भी उस संस्था को दान भी दे सकते हैं । कन्या पूजन में ऐसे बच्चों की मदद करें, जिन्हें वास्तव में मदद की ज़रूरत है। यदि आप प्रतिवर्ष केवल एक कन्या को भी उसकी वार्षिक फीस यूनिफॉर्म पढ़ाई लिखाई का सामान आदि दे पाएं तो एक स्त्री जीवन को आप सचमुच शक्ति रूपा बनने में मदद कर रहे होंगे और यह सबसे अच्छी देवी आराधना होगी ।

बच्चियों को दक्षिणा में नकद पैसे न देकर यदि उनके लिए स्कूल की यूनिफॉर्म, किताबें उनके लिए पढ़ाई-लिखाई का सामान अथवा उनके खाने-पीने की ऐसी वस्तुएं दें जो लंबे समय तक में प्रयोग में ला सकें तो शायद नवरात्र कहीं अधिक सार्थक होगा। इससे भी बढ़कर अंत में भूलकर भी उपहार में प्लास्टिक का सामान न तो दें न ही प्लास्टिक के बर्तनों में उन्हें भोजन कराएं, क्योंकि इससे उनके शरीर में माइक्रोप्लास्ट के जाने का खतरा बढ़ जाता है और कैंसर होने की संभावना भी अधिक हो जाती है। यदि सच्चे अर्थों में नवरात्र का पुण्य अर्जित करना है तो फिर निस्वार्थ भाव से कन्याओं को प्रोत्साहित करें उन्हें आत्म सुरक्षा कला,संस्कृति परंपरा एवं राष्ट्रीयता के साथ-साथ आत्म सम्मान की भावना का प्रशिक्षण ज़रूर दिलवाएं। ऐसा करके हम नवरात्र एवं बेटी दिवस दोनों को सार्थक कर सकते हैं। इसलिए संकल्प लें और कन्या सशक्तिकरण की दिया में कदम उठाएं।

( लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

## धन्वंतरि का ध्यान कर स्वास्थ्य के प्रति सचेष्ट रहें



संकलित
दर्शन

धन त्रयोदशी या धनतेरस पर्व की विशेषता यही है कि उस दिन आप यह मानें कि आप जो चाहते हैं, वह धन आपके पास है। केवल सोना-चांदी ही धन नहीं है, ज्ञान भी धन है। यह सबसे बड़ा धन है। आपको अपने ज्ञान को संजोना चाहिए और प्रचुरता का अनुभव करना चाहिए। जीवन में धन्यभागी अनुभव करना, कृतज्ञता का अनुभव करना सबसे बड़ा धन है, जिनमें कृतज्ञता का अभाव होता है, वे धनी नहीं होते हैं। स्वास्थ्य भी धन है। स्वास्थ्य यदि ठीक नहीं, तो भौतिक धन का क्या उपयोग हो सकता है। धन त्रयोदशी देवताओं के वैद्य भगवान धन्वंतरि की जयंती भी है। कहा जाता है कि वह समुद्र मंथन में अमृत का कलश लेकर प्रकट हुए थे। अतः धन त्रयोदशी पर धन्वंतरि का ध्यान कर अपने स्वास्थ्य के प्रति भी सचेष्ट रहें। योग व ध्यान करें। आपके पास जो मानव शरीर है, यह भी तो ईश्वर का दिया बड़ा उपहार है। यह भी धन है। हमारी चेतना में ऐसा गुण है कि जो बीज आप बोते हैं, वही प्रकट होता है। यदि आप यह सोचें कि वर्तमान में मेरे पास पर्याप्त धन है, तब आप धन के पीछे पागल नहीं होते। जब आप सोचते हैं कि मेरे पास पर्याप्त धन है, चेतना में धैर्य आता है, हिम्मत आती है। कहा गया है, उद्योगिनं पुरुषसिंहमुपैति लक्ष्मीः, जिसका अर्थ है, जो मेहनत करता है और शेर जैसा निर्भय होकर चलता है, लक्ष्मी भी उसी के पास आती हैं। धनतेरस के दिन अपनी चेतना से 'अभाव के भाव' को उखाड़ कर फेंक दीजिए। अपने मन से, 'मैं विपन्न हूं, मैं भिखारी हूं' ये सब बातें हटा दीजिए।


## गणेश विनायक जी की कथा



संकलित
प्रेरणा

एक गांव में मां-बेटी रहती थीं। एक दिन वह अपनी मां से कहने लगी कि गांव के सब लोग गणेश मेला देखने जा रहे हैं, मैं भी मेला देखने जाऊँगी। मां ने जाने से पहले बेटी को दो लड्डू दिए और एक घंटी में पानी दिया। मां ने कहा कि एक लड्डू तो गणेश जी को खिला देना और थोड़ा पानी पिला देना। दूसरा लड्डू तुम खा लेना और बचा पानी भी पी लेना। लड़की मेले में चली गई। मेला खत्म होने पर सभी गांववाले वापिस आ गए लेकिन लड़की वापिस नहीं आई। लड़की मेले में गणेश जी के पास बैठ गई और कहने लगी कि एक लड्डू और पानी गणेश जी तुम्हारे लिए और एक लड्डू और बाकी बचा पानी मेरे लिए। इस तरह कहते-कहते सारी रात बीत गई। गणेश जी यह देखकर सोचने लगे कि अगर मैने यह एक लड्डू और पानी नहीं पीया तो यह अपने घर नहीं जाएगी। यह सोचकर गणेश जी एक लड़के के वेश में आए और उससे एक लड्डू लेकर खा लिया और साथ ही थोड़ा पानी भी पी लिया फिर वह कहने लगे कि मांगों तुम क्या मागती हो? लड़की मन में सोचने लगी कि क्या मांगू? अन्न मांगू या धन मांगू या अपने लिए अच्छा वर मांगू या खेत मांगू या महल मांगू! वह मन में सोच रही थी तो गणेश जी उसके मन की बात को जान गए। वह लड़की से बोले कि तुम अपने घर जाओ और तुमने जो भी मन में सोचा है वह सब तुम्हें मिलेगा। लड़की घर पहुंची तो मां ने पूछा कि इतनी देर कैसे हो गई? बेटी ने कहा कि आपने जैसा कहा था मैंने वैसा ही किया है और देखते ही देखते जो भी लड़की ने सोचा था वह सब कुछ हो गया।

## अंतर्मन




### आज की पाती

#### दिल के रोगों के प्रति सचेत रहें

विश्व हृदय दिवस हमें यह सोचने पर मजबूर करता है कि क्या हम अपने सबसे महत्वपूर्ण अंग- हृदय- की सेहत पर पर्याप्त ध्यान दे रहे हैं। आंकड़े बताते हैं कि भारत में गैर-संचारी रोगों से होने वाली मौतों में लगभग 27 फीसदी सिर्फ हृदय रोगों के कारण होती हैं। चौंकाने वाली बात यह है कि इनमें बड़ी संख्या युवाओं की है, जो सामान्य और स्वस्थ दिखते हुए भी अचानक हृदयघात का शिकार हो जाते हैं। दुर्भाग्यवश, हम चेहरे और शरीर की देखभाल में तो समय निकालते हैं, लेकिन दिल की सुरक्षा को नजरअंदाज़ कर देते हैं। यह अंग बिना रुके दिन-रात काम करता है और जीवन को धड़कन देता है। ऐसे में जागरूकता व संतुलित जीवनशैली ही इसे मजबूत रख सकती है।

*- नीलकंठ साहू, दुर्ग*

## करंट अफेयर

# लंदन में भारतीय उच्चायोग ने 'विकसित भारत रन' मनाया

लंदन में भारतीय उच्चायोग और ब्रिटेन स्थित वाणिज्य दूतावासों ने 'सेवा पर्व 2025' के अवसर पर कई 'विकसित भारत रन' कार्यक्रमों का आयोजन किया जिसमें समुदाय के सदस्यों ने 'सेवा, रचनात्मकता एवं सांस्कृतिक गौरव' के संदेश के साथ एकजुट होकर कार्यक्रम में हिस्सा लिया। ब्रिटेन में भारतीय उच्चायुक्त विक्रम दोराईस्वामी ने रविवार को उत्तर-पश्चिम लंदन के हैरो में आत्मनिर्भर भारत संकल्प के साथ इस कार्यक्रम का उद्घाटन किया। यह संकल्प दुनिया भर के भारतीयों को देश की संस्कृति, परंपरा और विरासत को आगे बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध करता है। वरिष्ठ राजनयिक ने बाद में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की 'एक पेड़ मां के नाम' पहल के तहत मध्य लंदन स्थित उच्चायुक्त के आधिकारिक आवास पर चेरी का एक पौधा लगाया जो 'धरती माता की पोषण भावना और अधिक टिकाऊ एवं हरित भविष्य के प्रति प्रतिबद्धता' को श्रद्धांजलि है। लंदन स्थित भारतीय उच्चायोग ने कहा, ''हैरो में 'विकसित भारत रन' के सभी विजेताओं और प्रतिभागियों को बधाई। पहले कदम से लेकर आखिरी पड़ाव तक उन्होंने प्रतिबद्धता, दृढ़ता और एकता की भावना को मूर्त रूप दिया।'




## ऑफ बीट

# मद्यपान यकृत की बीमारी को बढ़ाने के लिए जिम्मेदार



यकृत बेहद जरूरी अंग है। इंसान को जीने के लिए इसकी जरूरत होती है। यकृत चयापचय और भोजन भंडारण में योगदान देता है, रक्त का थक्का जमाने में मदद करने वाले प्रोटीन का उत्पादन करता है और प्रतिरक्षा प्रणाली में अहम भूमिका निभाता है। कोशिका के स्तर पर, शराब एक विषैला पदार्थ है जिसका चयापचय (विघटन) मुख्यत: यकृत में होता है। जब शराब की मात्रा बहुत अधिक हो जाती है, तो यकृत की कोशिकाएं सूज जाती हैं और क्षतिग्रस्त हो जाती हैं (यकृत की सूजन को हेपेटाइटिस कहते हैं)। समय के साथ, सूजन या क्षतिग्रस्त कोशिकाओं की जगह फाइब्रोसिस आ जाता है, यानी सामान्य यकृत ऊतक का स्थान नुकसान पहुंचाने वाले ऊतक ले लेते हैं, जिसके परिणामस्वरूप सिरोसिस की स्थिति उत्पन्न हो जाती है और यकृत के कार्य करने की क्षमता में शिथिलता आ जाती है। सिरोसिस अपने आप में घातक हो सकता है और यकृत कैंसर का कारण भी बन सकता है। शराब यकृत रोग में किस प्रकार हिस्सेदार? शराब के कारण होने वाले यकृत रोग को शराब संबंधित रोग या एएलडी कहा जाता है, जिसे पहले अल्कोहलिक लिवर डिसीज कहा जाता था। ज्यादा शराब पीने वाले, अक्सर शराब सेवन विकार (एयूडी) से पीड़ित लोगों में सिरोसिस और 'लिवर फेलियर' हो सकता है।

## ट्रेंड

### अद्वितीय मिसाल



दिल्ली के भाजपा कार्यकर्ताओं का इतिहास संघर्ष और समर्पण की अद्वितीय मिसाल रहा है। इन्होंने हर चुनौती के बीच ना केवल संगठन को जीवंत रखा, बल्कि इसे सशक्त बनाने में भी अपना अद्भुत योगदान दिया है।

-नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री

### किसान होता है खुश



किसान का हृदय तब प्रसन्न होता है जब फसल फलती-फूलती दिखाई देती है। हमने शिमला मिर्च की खेती की थी और आज बेहतरीन क्वालिटी की शिमला मिर्च हमारे हाथ में है। मेहनत लगी, परिणाम सुखद है। अब ये बाजार में बिकने भी जा रही है।

-शिवराज सिंह चौहान, केंद्रीय मंत्री

### एआई तारीफ कर रहा



समाजवादियों द्वारा बनवाए गए 'आगरा-लखनऊ एक्सप्रेसवे' की तारीफ़ तो एआई भी कर रहा है। ईमानदारी से पूरे किए गए संकल्प ही ऐतिहासिक बनते हैं और बड़े कामों की फेहरिस्त में अपनी जगह बनाते हैं। समाजवादी काम, जनता के नाम।

-अखिलेश यादव, सपा नेता

### सच्चाई का आकलन



क्या हो अगर आपको जो कुछ भी सिखाया गया है वो सब झूठ हो? सच सिर्फ़ छुपाया नहीं जाता, उसका मूल रूप से आकलन किया जाता है। दा तेज स्टोरी में 31 अक्टूबर को अपने नज़दीकी सिनेमाघरों में सच्चाई उजागर करेंगे।

-परेश रावल, अभिनेता

### अपने विचार

**हरिभूमि कार्यालय**

टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से **hbcgpati@gmail.com** पर भेज सकते हैं।

# राव नरेंद्र सिंह बने हरियाणा कांग्रेस के नए अध्यक्ष, भूपिंदर सिंह हुड्डा विधायक दल के नेता

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

हरियाणा कांग्रेस में लंबे समय से चले आ रहे नेतृत्व संकट के बीच अब बड़ा बदलाव सामने आया है। कांग्रेस हाईकमान द्वारा राव नरेंद्र सिंह को प्रदेश अध्यक्ष तथा भूपिंदर सिंह हुड्डा को विधायक दल नेता बनाए जाने की औपचारिक घोषणा कर दी गई।

सूबे की कांग्रेसी सियासत में लंबे समय से चला आ रहा एक राजनीतिक वैक्यूम आलाकमान ने भर दिया। कयासों का दौर खत्म कर दिया। सच ये भी है कि एक बार फिर कैप्टन अजय यादव चूके। अहीर राजनीति के पुराने खिलाड़ी अपेक्षाकृत युवा अहीर नेता राव नरेंद्र सिंह से रेस में पिछड़ गए। 2024 के विधानसभा चुनावों के बाद से भारी खींचतान के बीच कांग्रेस हरियाणा में प्रमुख पदों पर नई नियुक्ति करने में असफल दिख रही थी। न प्रदेश अध्यक्ष पद पर उदय भान के इस्तीफे के बाद कौन का जवाब मिल रहा था और न विधायक दल के नेता पद पर स्पष्टता थी। अब स्थिति साफ़ कर दी गई। प्रदेश अध्यक्ष पद के लिए राव नरेंद्र सिंह, कुमारी सैलजा, रणदीप सुरजेवाला, कैप्टेन अजय यादव के नाम चर्चा में थे। विधायक दल नेता पद के लिए कांग्रेस हाईकमान ने भूपिंदर सिंह हुड्डा के नाम पर विचार करने का रुख अपनाया है। मतलब साफ़ है हुड्डा खेमे की गोलबंदी को तोड़ने में शैलजा, सुरजेवाला गुट एकबार फिर नाकाम रहा।

राव नरेंद्र सिंह को गत 23 को अचानक दिल्ली बुलाया गया और बिहार में होने वाली कांग्रेस वर्किंग कमेटी बैठक में शामिल किये जाने की जानकारी दी गई तभी हरिभूमि ने अपने पाठकों तक ये खबर पहुंचाई थी कि 'राव नरेंद्र को मिल सकता है हरियाणा पीसीसी की कमान'।

### कौन हैं राव नरेंद्र

राव नरेंद्र सिंह दक्षिण हरियाणा की राजनीति के जाने-माने चेहरा हैं। वे तीन बार विधायक रह चुके हैं- 1996 व 2000 में अटेली से और 2009 में नारनौल से। 2009-14 के दौरान वे स्वास्थ्य मंत्री भी रहे। शुरू में उन्होंने हरियाणा जनहित कांग्रेस से राजनीति की, बाद में कांग्रेस में शामिल हुए। उनके पिता स्व॰ राव बंसी सिंह भी राजनीतिक पृष्ठभूमि से थे। उनकी यह भूमिका चयनित करने का कारण यह माना जा रहा है कि कांग्रेस दक्षिण हरियाणा में अपनी पकड़ मजबूत करना चाहती है और ओबीसी अहीर समुदाय को नेतृत्व के ज़रिये जोड़ना चाहती है। राव नरेंद्र किसी प्रमुख गुट के प्रतिबद्ध नेता नहीं माने जाते। इस वजह से उनके चयन से पार्टी के भीतर गुटीय प्रतिरोध कम होने की संभावना है और नेतृत्व चयन में संतुलन की भावना ज़्यादा दिख सकती है।

### हुड्डा से नहीं डिगा है आलाकमान का विश्वास

विरोधी खेमे के लाख जतन के बावजूद भूपिंदर हुड्डा एक बार फिर कांग्रेस विधायक दल के नेता का पद हासिल करने में कामयाब रहे। भूपिंदर सिंह हुड्डा कांग्रेस के वरिष्ठ नेता हैं और पहले भी हरियाणा के मुख्यमंत्री रह चुके हैं। मौजूदा समय में भी वे हरियाणा विधानसभा में विपक्ष के नेता की भूमिका निभा रहे थे।

*उत्तरप्रदेश के बाद 'आई लव मोहम्मद' को लेकर महाराष्ट्र में तनाव*

# आपत्तिजनक रंगोली पर बढ़ा विवाद, पुलिस ने भांजी लाठियां, 30 लोगों को हिरासत में लिया

एजेंसी ▶▶ अहिल्यानगर

यहां 'आई लव मोहम्मद' विवाद को लेकर हुए प्रदर्शन के हिंसक हो जाने के बाद कम से कम 30 लोगों को हिरासत में लिया गया।

पुलिस के अनुसार किसी ने नवरात्रि के दौरान मुस्लिम समुदाय के खिलाफ आपत्तिजनक रंगोली बनाई थी। इसके बाद समुदाय के लोग शिकायत करने पुलिस स्टेशन पहुंचे और अपनी शिकायत दर्ज कराई। इसके बाद रंगोली को बनाने वाले एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया, लेकिन समूह ने तोफखाना पुलिस स्टेशन के अधिकार क्षेत्र के तहत कोटला में विरोध प्रदर्शन किया।



### पुलिस पर कर दिया पथराव

पुलिस ने बताया कि प्रदर्शन खत्म करने के लिए मनाने की कोशिश की, तो उन्होंने पथराव शुरू कर दिया। इसमें कुछ वाहनों को नुकसान हुआ है। पुलिस ने भीड़ को तितर-बितर करने के लिए लाठीचार्ज किया। इसके बाद भगदड़ मच गई। कुछ देर बाद स्थिति नियंत्रण में आ गई।


**सभी को अपने धर्म का पालन करने का हक: फडणवीस**

महाराष्ट्र के सीएम देवेंद्र फड़नवीस ने कहा कि हमें देखना होगा कि क्या इसके पीछे कोई साजिश है। हमें यह भी देखना होगा कि कौन सामाजिक माहौल बिगाड़ने की कोशिश कर रहा है। सभी को अपने धर्म का पालन करने का अधिकार है, लेकिन तनाव पैदा करना गलत है।

## खबर संक्षेप

### बुजुर्ग को किया डिजिटल अरेस्ट, 8 लाख रु. ठगे

**लखनऊ।** साइबर जालसाज ने दिल्ली पुलिस का इंस्पेक्टर बन बुजुर्ग को 24 घंटे तक डिजिटल अरेस्ट रखा।



मनी लॉन्ड्रिंग का फर्जी आरोप लगाते हुए गिरफ्तारी का डर दिखाया। 8 लाख रुपए ट्रांसफर कर लिए। पीड़ित ने सआदतगंज कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई है। इंस्पेक्टर संतोष कुमार आर्य ने बताया कि जिस खाते में रुपए भेजे गए, वह बेंगलुरु का है।

### पैसे देकर एथेनॉल पर भ्रामक खबरें फैला रहे

**मुंबई।** केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने पेट्रोल में 20 प्रतिशत एथेनॉल



मिश्रण को लेकर अपने ऊपर लगे आरोपों पर चुप्पी तोड़ी है। गडकरी ने कहा यह उनके फैसलों से नाखुश एक शक्तिशाली आयात 'लॉबी' का काम है। अपनी तुलना एक 'फलदार पेड़' से करते हुए कहा कि मैं जवाब नहीं देता, क्योंकि यह खबर बन जाती है।

### धामी ने सीबीआई जांच की 'स्वीकृति'

**देहरादून।** उत्तराखंड अधीनस्थ सेवा चयन आयोग के स्नातक स्तरीय परीक्षा के पेपर लीक मामले



में युवाओं का धरना जारी है। सीएम पुष्कर सिंह धामी युवाओं के बीच पहुंचे। उन्होंने सीबीआई जांच की संस्तुति की। इससे पहले जिलाधिकारी और एसएसपी ने युवाओं से बात की थी। लेकिन युवा सीबीआई जांच की मांग पर अड़े थे।

### डॉक्टर ने 21वीं मंजिल से कूदकर दी जान

**नोएडा।** उत्तर प्रदेश के ग्रेटर नोएडा में एक बहुमंजिला इमारत से कूदकर ट्रेनी डॉक्टर ने कथित तौर



पर आत्महत्या कर ली। यह घटना सोमवार की है। ट्रेनी डॉक्टर ने इमारत की 21वीं मंजिल से छलांग लगा दी। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस कारणों का पता लगाने का प्रयास कर रही है।घटना बिसरख थाना क्षेत्र के 14 एवेन्यू की है।

### 7वीं मंजिल से गिरे 10 मजदूर, 2 की मौत

**अहमदाबाद।** गुजरात के अहमदाबाद शहर में रविवार को एक दर्दनाक हादसा हुआ। एक



आवासीय इमारत की छत से होर्डिंग लगाने के दौरान नीचे गिरने से दो मजदूरों की मौत हो गई और एक अन्य गंभीर रूप से घायल हो गया। यह हादसा उस समय हुआ जब मजदूर होर्डिंग लगाने का काम कर रहे थे। मजदूरों की संख्या कम से कम 10 थी,कुछ को हल्की चोटें हैं।

## महागठबंधन में सीट बंटवारे से पहले कांग्रेस ने तैयारी तेज की

# 70 सीटों पर नाम किए जा रहे तय, चुनावी रणनीति पर किया जा रहा निर्णायक मंथन

### 7 घंटे चली इस बैठक में सीटवार विस्तार से चर्चा की



**पार्टी ने रविवार को स्क्रीनिंग कमेटी की बैठक की**

सहयोगी दलों के साथ महत्वपूर्ण मुद्दे साझा किए




एजेंसी ▶▶ पटना

बिहार विधानसभा चुनाव से पहले कांग्रेस ने तैयारी तेज कर दी है। महागठबंधन में सीट बंटवारे से पहले ही पार्टी ने अपनी चुनावी तैयारियों तेज कर दी है।पार्टी ने अपनी स्क्रीनिंग कमेटी की बैठक रविवार को की। 7 घंटे चली इस बैठक में सीट वार विस्तार से चर्चा हुई। कांग्रेस करीब 40 सीटों पर प्रत्याशी तय करने के निकट पहुंच गई है। कांग्रेस मुख्यालय में बैठक में सांसद इमरान प्रतापगढ़ी, प्रभारी सचिव सुशील पासी के अलावा प्रदेश अध्यक्ष राजेश राम, शकील अहमद खान और मदन मोहन झा और कमेटी के अन्य सदस्य मौजूद रहे। बैठक की अध्यक्षता कमेटी के चेयरमैन अजय माकन ने की। बिहार कांग्रेस अध्यक्ष राजेश राम का कहना है कि बिहार में कांग्रेस एक साथ कई मुद्दों पर काम कर रही है। अभी सभी सीटों और उसके संभावित उम्मीदवारों को लेकर चर्चा हो रही है। इसके अलावा जो सीटें हमें पहले मिली थी। उस पर किस तरह से चुनाव लड़ना है। इस पर चुनावी रणनीति तैयार की जा रही है। चुनावी तैयारियों और रणनीतियां को लेकर हम अपने सहयोगी दलों के साथ भी संपर्क में है। महत्वपूर्ण मुद्दे और रणनीतियां भी उनसे भी साझा कर रहे है।

### कांग्रेस बेहतर उम्मीदवारों की तलाश कर रही

इस बैठक में कहा जा रहा है कि कांग्रेस पिछले चुनावों से सीख लेते हुए इस बार ज्यादा सीटों पर जीत हासिल करने के लिए बेहतर उम्मीदवारों की तलाश कर रही है। उम्मीदवारों के चयन के लिए सर्वे रिपोर्ट के साथ जिला कांग्रेस कमेटी की रिपोर्ट और पर्यवेक्षकों की रिपोर्ट को भी आधार बनाया जा रहा है। पार्टी 70 सीटों पर उम्मीदवारों के चयन की तैयारी कर रही है। क्योंकि यह वही 70 सीट है जो पार्टी के पिछले चुनाव में हिस्से आई थी। बिहार कांग्रेस नेता शकील अहमद खान का कहना कि बिहार चुनाव को लेकर कांग्रेस ने तैयारी शुरू कर दी है।

### इसलिए कर रही जल्दबाजी

अभी बिहार चुनाव को लेकर विपक्षी गठबंधन में सीटों के बंटवारा नहीं हुआ है। ऐसे में कांग्रेस अपने कोटे वाली 70 सीटों पर नजर बनाए है, क्योंकि घटक दलों के बीच सीट बदलने की संभावना कम है। पार्टी से जुड़े नेताओं का कहना है कि इस चुनाव में पार्टी की कोशिश नए चेहरों को मौका देने की हैं जबकि कुछ मौजूदा विधायकों की सीट भी बदली जा सकती है। पुरानी जीती हुई सीटों पर फिर से कैसे जीत हासिल कर सके इसके लिए भी रणनीति तैयार की जा रही है। 2020 चुनाव में कांग्रेस 70 में से सिर्फ 17 सीट जीतने में सफल रही थी जबकि 13 सीटों पर 10 हजार से कम वोटों के अंतर से पार्टी को हार का सामना करना पड़ा था।

**बिहार में भाजपा का बड़ा फैसला**

## 19 नेताओं की बनाई खास टीम, महाराष्ट्र के भी नेता शामिल

बिहार चुनाव के मद्देनजर भाजपा कमर कस रही है। भाजपा ने मेनिफेस्टो कमेटी के गठन के बाद अब प्रदेश चुनाव समिति भी स्थापित कर दी है। इसमें 15 नेताओं को जगह दी है जबकि पदेन सदस्य के रूप में एक, विशेष आमंत्रित सदस्य के रूप में 3 लोगों को शामिल किया है।



19 नेताओं की टीम तय की गई है, जो प्रदेश चुनाव समिति के रूप में विधानसभा चुनावों के लिए काम करेगी। प्रदेश चुनाव समिति में डॉ. दिलीप कुमार जायसवाल, सम्राट चौधरी, विजय कुमार सिन्हा, राधा मोहन सिंह, गिरिराज सिंह, नंदकिशोर यादव हैं।

### 45 सदस्यीय चुनाव अभियान समिति भी बनाई

चुनाव प्रचार की तैयारियों के लिए भाजपा ने एक 45 सदस्यीय चुनाव अभियान समिति भी बनाई है। इस समिति में केंद्रीय और राज्य स्तरीय मंत्री, सांसद, विधायक, पूर्व सांसद और संगठन के सीनियर नेता भी शामिल हैं। इसका नेतृत्व प्रदेश अध्यक्ष डॉ. दिलीप कुमार जायसवाल करेंगे। समिति का गठन करते समय सामाजिक और क्षेत्रीय संतुलन का खास ध्यान रखा गया है।इस समिति का मुख्य कर्तव्य प्रचार अभियान की रणनीति बनाना और उसे बूथ स्तर तक प्रभावी रूप से लागू कराना है। साथ ही केंद्रीय नेतृत्व से आने वाले बड़े नेताओं के बिहार दौरे और प्रचार का समन्वय भी यही समिति करेगी।

**ये नेता विशेष तौर पर आमंत्रित**

पदेन सदस्य के तहत धर्मशिला गुप्ता को जगह मिली है। विशेष आमंत्रित सदस्य के रूप में विनोद तावड़े, दीपक प्रकाश और नागेन्द्र जी का नाम शमिल है।

# हम अपने देश में बनी चीजें ही खरीदने लगें, तो दुनिया हमारी प्रगति नहीं रोक सकती : शिवराज सिंह

**केंद्रीय मंत्री बोले:** भारत के सामान पर टैरिफ लगाए जाने की परवाह देश को नहीं है, 144 करोड़ उपभोक्ताओं से बड़ा बाजार कहीं नहीं



हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

*चौहान ने बुधनी विधानसभा क्षेत्र में लगभग 110 करोड़ रुपये की लागत से विभिन्न विकास कार्यों का भूमिपूजन और शिलान्यास किया*

केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि भारत के सामान पर टैरिफ लगाए जाने की परवाह देश को नहीं है। उन्होंने स्पष्ट किया कि 144 करोड़ उपभोक्ताओं से बड़ा बाजार कहीं नहीं है। अगर हम अपने देश में बनी चीज़ें ही खरीदने लगें, तो दुनिया हमारी प्रगति नहीं रोक सकती। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के स्वदेशी मंत्र के तहत भारत तेजी से आत्मनिर्भर बन रहा है। पहले मोबाइल विदेशों से मंगाए जाते थे, अब भारत उनका निर्यात कर रहा है। देश में सेमीकंडक्टर चिप निर्माण भी शुरू हो चुका है। भारतीय युवाओं के पास असाधारण प्रतिभा है और वे हर उस चीज़ का उत्पादन करने में सक्षम हैं, जो बाहर से आती रही है। संसदीय क्षेत्र विदिशा की बुधनी में सेवा पखवाड़ा में सहभागिता की।पौधरोपण व 'स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार' व रक्तदान में शामिल रहे।

### विशाल बाजार को उन्होंने देश की ताकत बताया

केंद्रीय कृषि मंत्री ने कहा कि भारत की बढ़ती आबादी और विशाल बाजार देश की ताकत है। अमेरिका की आबादी 30 करोड़ है, पूरे यूरोप की 50 करोड़, जबकि भारत 144 करोड़ के साथ जल्द ही 150 करोड़ की दहलीज पार करने वाला है। हमारे लोगों के हितों की रक्षा करते हुए ही कोई समझौता होगा।

### जीएसटी कटौती से फायदा हो रहा

चौहान ने नेक्स्ट जनरेशन जीएसटी रिफॉर्म पर कहा कि जीएसटी दरों में कमी का सीधा लाभ जनता तक पहुँचना चाहिए। उन्होंने कहा कि खाने-पीने का सामान, कपड़े, बर्तन जैसी रोजमर्रा की वस्तुएँ और कृषि उपकरण सस्ते हुए हैं। 35 हार्सपावर के ट्रैक्टर पर जीएसटी घटने से किसानों को करीब 41 हजार रुपए तक का सीधा लाभ मिलेगा। उन्होंने कहा, ये फायदा किसानों और आम जनता तक पहुँचना ही चाहिए। जीएसटी की घटी दरों का पूरा लाभ उपभोक्ताओं को ट्रांसफर करना आवश्यक है।

# कनाडा ने लॉरेंस बिश्नोई गैंग को घोषित किया आतंकवादी संगठन

बोली कनाडाई सरकार गैंग की वजह से उनके देश में तैयार हो रहा है भय का माहौल

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

भारत की जेल में बंद लॉरेंस बिश्नोई के गैंग को कनाडा की सरकार ने अपने देश में एक आतंकवादी संगठन घोषित कर दिया है। जिसके पीछे गैंग की वजह से उनके देश में तैयार हो रहा डर का वातावरण मुख्य वजह बताई गई है।

इस घोषणा के बाद आगामी समय में कनाडा में मौजूद बिश्नोई गैंग से जुड़ी हुई तमाम संपत्तियों (धन, वाहन सहित) को जब्त करने के साथ ही उसके बैंक खाते फ्रीज किए जा सकते हैं। इसके अलावा जरूरत पड़ने पर बिश्नोई के समर्थकों के खिलाफ मुकदमा भी चलाया जा सकता है। कनाडा के सार्वजनिक प्रसारक सीबीसी ने वहां की सरकार के माध्यम से यह जानकारी दी है। जिसमें कनाडा के मंत्री गैरी आनंद सांगरी का जिक्र करते हुए बताया गया है कि लॉरेंस बिश्नोई गैंग द्वारा कनाडा में कुछ समुदायों खासकर प्रवासी भारतीय समुदाय के लोगों को निशाना बनाया जा रहा है।

इसमें उनके खिलाफ हिंसा-गोलीबारी, आतंक फैलाने से लेकर उगाही के लिए धमकी देना शामिल है। मूल रूप से पंजाब के फाजिल्का का रहने वाले लॉरेंस बिश्नोई 2014 से भारतीय जेल में बंद है। प्राप्त जानकारी के मुताबिक, वह जेल के अंदर से ही अपनी गतिविधियां चला रहा है। कनाडा में बीते वक्त में कुछ मामलों में उसका नाम प्रमुखता से लिया गया है।

### कानून से जुड़ी एजेंसियों की बढ़ेगी ताकत

कनाडा की सरकार ने एक प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा कि उसके इस कदम से आपराधिक आतंकवादी समूह पर इस तरह से प्रतिबंध लगाने से हमें उनके खिलाफ कार्रवाई करने और जरूरी उपाय करने में मदद मिलेगी। साथ ही आतंकवादी प्रावधानों के तहत मामले में कानूनी कार्रवाई के संबंध में अतिरिक्त प्रावधान मिल जाएंगे। अब अगर गैंग द्वारा किसी कनाडाई व्यक्ति की मदद से कोई अपराध किया जाता है। तो सरकार को उसकी संपत्ति को जब्त करने से लेकर उसके खिलाफ कानूनी कार्रवाई करने का पूरा अधिकार होगा।

*कार्नी के भारत संग संबंधों को मधुर बनाने की पहल के बीच*

# कनाडा में भारतीयों के खिलाफ की गई अभद्र टिप्पणी, तो भारतीय समुदाय में फैला आक्रोश

हिंदू समूह कोहना ने की इसकी कड़ी निंदा

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

प्रधानमंत्री मार्क कार्नी द्वारा भारत के साथ अपने देश के संबंधों को लगातार बेहतर बनाने की पहल के बीच कनाडा में भारतीयों के खिलाफ अभद्र टिप्पणी का एक बड़ा मामला सामने आया है।

इसमें मिसिसागा में बच्चों के एक पार्क के करीब 'इंडियन रैट्स' लिखी हुई एक बेहद घृणास्पद टिप्पणी को लेकर विवाद खड़ा हो गया है। भारतीय समुदाय के लोग इससे बेहद नाराज हैं और उन्होंने हिंदू समूह कोलिजन ऑफ हिंदूज ऑफ नॉर्थ अमेरिका (कोहना) के नेतृत्व में इसे नस्लवाद और हिंदूफोबिया बताते हुए कड़ी निंदा की है। बताते चलें कि कोहना अमेरिका और कनाडा में हिंदुओं के कल्याण और अधिकारों की वकालत करता है।

### घृणास्पद टिप्पणी से स्तब्ध कोहना

कोहना समूह ने एक्स पर एक पोस्ट साझा कर कहा कि हम मिसिसागा में भारतीय समुदाय के लोगों के खिलाफ की गई इस बेहद घृणास्पद और नस्लवादी टिप्पणी को देखकर स्तब्ध हैं। जो कनाडा में भारत के लोगों के खिलाफ बढ़ते नस्लवादी सिलसिले और नफरत का उदाहरण प्रस्तुत करता है। इस तरह के शब्दों को सार्वजनिक जगहों पर लगाया जाना एक बड़ी घटना की ओर इशारा करता है। जिस पर कार्रवाई की जानी चाहिए। समूह ने पील की स्थानीय पुलिस से इस मामले की घृणा अपराध के तौर पर देखते हुए जांच करने की अपील की है। इसके अलावा उसकी तरफ से यह मांग भी की गई है कि हिंदूफोबिया को नस्लवाद के विभिन्न रूपों सहित अपराध के एक रूप के तौर पर शामिल किया जाना चाहिए।

### यह थी पीएम कार्नी की घोषणा

भारतीयों के खिलाफ यह घृणास्पद टिप्पणी कनाडा के प्रधानमंत्री मार्क कार्नी द्वारा बीते दिनों एच1बी वीजा में की गई अप्रत्याशित फीस बढ़ोतरी वाले विदेशी कर्मियों को अमेरिका में मौका न मिलने की स्थिति में अपने देश में काम करने का मौका देने के ऐलान के ठीक बाद सामने आई है। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने वीजा की इस श्रेणी की फीस को 1 हजार डॉलर से बढ़ाकर 1 लाख डॉलर (88 लाख रुपए तक) कर दिया है। कुशल भारतीय टेक कर्मियों की मांग बढ़ सकती है।

## वर्ल्ड फूड इंडिया का समापन, 18,000 रिवर्स क्रेता-विक्रेता बैठकें आयोजित की

# खाद्य और कृषि से जुड़े देश के सबसे बड़े अयोजन में 95,000 से अधिक प्रतिभागी हुए शामिल, रुचि बढ़ी

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

वर्ल्ड फूड इंडिया 2025 का नई दिल्ली के प्रगति मैदान स्थित भारत मंडपम में सोमवार को समापन हुआ। 4 दिनी कार्यक्रम को भारत के खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र में ऐतिहासिक माना जा रहा है। इस आयोजन में उद्योग और आम लोगों की व्यापक भागीदारी देखी गई। इस में 18,000 से ज्यादा रिवर्स क्रेता-विक्रेता बैठकें आयोजित की गईं। इसमें 95,000 से अधिक लोगों ने भाग लिया जो इस आयोजन के पैमाने और इससे जुड़ी रुचि को दर्शाता है।

इस कार्यक्रम का उद्घाटन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रूस के उप-प्रधानमंत्री दिमित्री पेत्रुशेव, केंद्रीय मंत्रियों चिराग पासवान और प्रतापराव जाधव तथा खाद्य प्रसंस्करण एवं रेल राज्य मंत्री रवनीत सिंह की उपस्थिति में किया था। इस अवसर पर खाद्य एवं कृषि के भविष्य पर विचार-विमर्श हेतु वैश्विक नेताओं, नीति निर्माताओं, उद्योग जगत के दिग्गजों और नवप्रवर्तकों ने भाग लिया। शिखर सम्मेलन के दौरान, वर्ल्ड फूड इंडिया 2025 ने 1,02,000 करोड़ मूल्य के समझौता ज्ञापनों पर हस्ताक्षर किए जो भारतीय खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र में अब तक की सबसे बड़ी निवेश प्रतिबद्धताओं में से एक है। खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय ने निफ्टेम-टी और निफ्टेम-के सहित प्रमुख शैक्षणिक और अनुसंधान संस्थानों के साथ सहयोग को भी साकार किया। इससे खाद्य सुदृढ़ीकरण, न्यूट्रास्युटिकल्स और स्टार्ट-अप इनक्यूबेशन में प्रौद्योगिकी हस्तांतरण और साझेदारी को समर्थन मिला है।

केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी और चिराग पासवान की सह-अध्यक्षता में आयोजित सीईओ गोलमेज सम्मेलन में अग्रणी भारतीय और बहुराष्ट्रीय कंपनियों के 100 से अधिक सीईओ ने भाग लिया। चर्चाओं में सतत निवेश, बायोडिग्रेडेबल पैकेजिंग, अपशिष्ट मूल्य निर्धारण, समुद्री अर्थव्यवस्था की क्षमता और लागत कम करने तथा प्रतिस्पर्धात्मकता बढ़ाने के लिए लॉजिस्टिक्स एवं परिवहन में सुधार पर ध्यान केंद्रित किया गया। कई देशों की सरकारों के बीच बैठकों ने भारत की अंतर्राष्ट्रीय साझेदारियों को और मजबूत किया है। रूस, श्रीलंका, मोरक्को, मालदीव, पुर्तगाल, न्यूज़ीलैंड, ज़िम्बाब्वे, युगांडा, एस्वातिनी, कोट डी आइवर और कुवैत के प्रतिनिधिमंडलों ने कृषि और खाद्य प्रसंस्करण में गहन सहयोग के अवसरों की तलाश के लिए भारतीय समकक्षों के साथ बातचीत की। इससे वैश्विक कृषि-खाद्य मूल्य श्रृंखलाओं में एक भागीदार के रूप में भारत की भूमिका को और मजबूत किया।

## एनआरसी लागू करने की हो रही कोशिश

# केरल विधानसभा में एसआईआर के खिलाफ प्रस्ताव किया पारित

एजेंसी ▶▶ तिरुवनंतपुरम

केरल विधानसभा ने सोमवार को राज्य में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के खिलाफ सर्वसम्मति से



एक प्रस्ताव पारित किया। इस प्रस्ताव में चुनाव आयोग से मतदाता सूची का पुनरीक्षण पारदर्शी तरीके से करने की अपील की गई है। सीएम पिनाराई विजयन ने प्रस्ताव पेश किया। कांग्रेस के नेतृत्व वाले विपक्षी गठबंधन यूडीएफ ने भी विजयन द्वारा पेश किए गए प्रस्ताव का समर्थन किया।

### जल्दबाजी में किया जा रहा कार्य

मुख्यमंत्री ने एसआईआर को लागू करने चुनाव आयोग द्वारा जल्दबाजी में उठाए गए कदमों को लेकर चिंता जाहिर की और गलत मंशा होने की आशंका जाहिर की। सीएम ने कहा कि आयोग एसआईआर के जरिए पिछले दरवाजे से एनआरसी लागू करने की कोशिश कर रहा है। बिहार में लोगों को मतदाता सूची से अतार्किक तरीके से बाहर किया गया।

## मौद्रिक नीति समिति की द्विमासिक समीक्षा बैठक शुरू

# एक अक्टूबर को आरबीआई कर सकता है बड़ा ऐलान, घट सकती है ब्याज दर

एजेंसी ▶▶| मुंबई

नीतिगत ब्याज दरों के बारे में फैसला करने वाली मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) की द्विमासिक समीक्षा बैठक सोमवार को शुरू हो गई। विशेषज्ञों का मानना है कि इस बार नीतिगत दरों को स्थिर रखा जा सकता है जबकि कुछ जानकारों ने 0.25 प्रतिशत की कटौती की संभावना जताई है।

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के गवर्नर संजय मल्होत्रा की अध्यक्षता वाली छह-सदस्यीय एमपीसी की बैठक में लिए गए फैसले की घोषणा बुधवार को की जाएगी। यह बैठक ऐसे समय में हो रही है जब वैश्विक तनाव और अमेरिका की तरफ से भारतीय निर्यात पर 50 प्रतिशत का ऊंचा शुल्क लगाए जाने से भारी दबाव बना हुआ है।

### इस साल एक प्रतिशत की कटौती की जा चुकी

रिजर्व बैंक इस साल फरवरी से अब तक तीन चरणों में नीतिगत रेपो दर में कुल एक प्रतिशत अंक की कटौती कर चुका है। हालांकि अगस्त की द्विमासिक समीक्षा में उसने रेपो दर में कोई बदलाव न करते हुए उसे 5.50 प्रतिशत पर स्थिर रखा था।

### दिसंबर में कटौती संभव

गोल्डमैन सैश की रिपोर्ट में रेपो दर को यथावत और नीतिगत रुख को तटस्थ रखे जाने की उम्मीद जताई गई है। हालांकि यह रिपोर्ट कहती है कि एमपीसी की दिसंबर में होने वाली अगली बैठक में 0.25 प्रतिशत की एक और कटौती हो सकती है।




### घरों की खरीद तेज होगी

घरों की बिक्री के ऑनलाइन मंच हाउसिंग डॉटकॉम के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) प्रवीण शर्मा ने कहा, /"त्योहारी मौसम घरों की खरीदारी के लिहाज से सबसे माकूल समय रहता है। ऐसे में अगर आरबीआई ब्याज दरों में और कटौती करता है तो इससे घरों की खरीद की रफ्तार को तेजी मिलेगी।/"

### त्योहारी मौसम में अच्छी बिक्री रहने की उम्मीद

हालांकि स्थिर रहने पर भी इस त्योहारी मौसम में बिक्री अच्छी रहने की उम्मीद है। हालांकि, बीएलएस ई-सर्विसेज के चेयरमैन शिखर अग्रवाल ने उम्मीद जताई कि मजबूत घरेलू मांग और हालिया जीएसटी सुधारों को देखते हुए रिजर्व बैंक फिलहाल इंतजार करने की रणनीति अपना सकता है।

### ब्याज में कटौती से घर खरीदने की क्षमता बढ़ेगी

क्रिसुमी कॉरपोरेशन के चेयरमैन अशोक कपूर ने भी कहा कि खुदरा मुद्रास्फीति के निचले स्तर पर रहने के बीच रेपो दर में कटौती से घरों की खपत तेज होगी।

## चांदी 1.5 लाख रुपये के नए रिकॉर्ड पर, सोना भी 1,500 रुपये उछला



**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में सोमवार को चांदी की कीमत 7,000 रुपये उछलकर 1.5 लाख रुपये प्रति किलोग्राम के अबतक के उच्चतम स्तर पर पहुंच गई। सोना भी मजबूत वैश्विक रुझानों के बीच 1,500 रुपये चढ़कर 1,19,500 रुपये प्रति 10 ग्राम के नए शिखर पर पहुंच गया। अखिल भारतीय सर्राफा संघ ने यह जानकारी दी। स्थानीय सर्राफा बाजार में 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत 1,500 रुपये बढ़कर 1,19,500 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी करों सहित) के सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गई, जो पिछले सत्र में 1,18,000 रुपये प्रति 10 ग्राम थी। वहीं 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना भी 1,500 रुपये की तेजी के साथ 1,18,900 रुपये प्रति 10 ग्राम के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया, जो शनिवार को 1,17,400 रुपये प्रति 10 ग्राम था। चांदी की कीमतों में भी भारी तेजी देखी गई और यह 7,000 रुपये उछलकर 1,50,000 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी करों सहित) के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गई। इससे लगातार चौथे सत्र में बढ़त दर्ज की गई। पिछले कारोबार में चांदी कीमत 1,43,000 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी। विदेशी बाजार में सोने और चांदी दोनों में जोरदार तेजी दर्ज की गई।

# शेयर बाजार में सातवें दिन भी गिरावट दर्ज


**एजेंसी : मुंबई।** विदेशी पूंजी निकासी जारी रहने और बैंक शेयरों में बिकवाली के बीच घरेलू शेयर बाजार सोमवार को उतार-चढ़ाव भरे सत्र में मामूली गिरावट के साथ लगातार सातवें दिन नुकसान के साथ बंद हुए। सेंसेक्स में 61 अंक और निफ्टी में 20 अंक की गिरावट रही। इस सप्ताह के मध्य में नीतिगत ब्याज दरों पर आरबीआई का निर्णय आने से पहले निवेशकों ने सतर्क रुख अपनाया। इसके अलावा लगातार विदेशी पूंजी निकासी से भी निवेशक धारणा कमजोर रही। बीएसई का 30 शेयरों पर आधारित मानक सूचकांक सेंसेक्स सीमित कारोबार में उतार-चढ़ाव का सामना करने के बाद 61.52 अंक यानी 0.08 प्रतिशत की गिरावट के साथ 80,364.94 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान इसने 80,851.38 के ऊपरी और 80,248.84 के निचले स्तर को भी छुआ। एनएसई का मानक सूचकांक निफ्टी भी लगातार सातवें सत्र में गिरावट के साथ 19.80 अंक यानी 0.08 प्रतिशत गिरकर 24,634.90 पर आ गया। इसके साथ ही पिछले सात कारोबारी सत्रों में बीएसई सेंसेक्स में 2,649.02 अंक यानी 3.19 प्रतिशत की गिरावट आ चुकी है। जियोजित इन्वेस्टमेंट्स लि. के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, /"घरेलू बाजार में उतार-चढ़ाव भरा सत्र स्थिर स्तर पर बंद हुआ। छुट्टियों से प्रभावित संक्षिप्त सप्ताह और लगातार विदेशी संस्थागत निवेशकों की बिकवाली से निवेशक अधिक सतर्क हो गए।



*मारुति के शेयर में रही गिरावट :सेंसेक्स के समूह में शामिल कंपनियों में से मारुति, एक्सिस बैंक, लार्सन एंड टुब्रो, आईसीआईसीआई बैंक, भारती एयरटेल, इन्फोसिस, अदाणी पोर्ट्स और हिंदुस्तान यूनिलीवर में गिरावट रही। हालांकि, टाइटन, भारतीय स्टेट बैंक, इटर्नल और ट्रेंट के शेयर प्रमुख रूप से लाभ में रहे।*

## मूडीज ने स्थिर परिदृश्य के साथ भारत की रेटिंग 'बीएए3' पर बरकरार रखी

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



मूडीज रेटिंग्स ने सोमवार को भारत के लिए 'स्थिर' परिदृश्य के साथ दीर्घकालिक स्थानीय और विदेशी मुद्रा जारीकर्ता रेटिंग और स्थानीय मुद्रा वरिष्ठ असुरक्षित रेटिंग को बीएए3 पर बरकरार रखा। स्थानीय-मुद्रा और विदेशी-मुद्रा जारीकर्ता रेटिंग, किसी देश की समग्र ऋण-पात्रता और दायित्वों को पूरा करने की क्षमता को बताती है। वहीं स्थानीय मुद्रा वरिष्ठ असुरक्षित रेटिंग, उधारकर्ता की असुरक्षित ऋण चुकाने की क्षमता को दर्शाती है। यह कर्ज लेने वाले की अपनी मुद्रा में ऐसा ऋण होता है जिसके लिए कोई गारंटी नहीं होती। इसके साथ वैश्विक रेटिंग एजेंसी ने भारत की अन्य अल्पकालिक स्थानीय मुद्रा रेटिंग को भी पी-3 पर कायम रखा। एक बयान में कहा गया, ''रेटिंग की पुष्टि और स्थिर परिदृष्य हमारे इस विचार को दर्शाते हैं कि भारत की मौजूदा ऋण क्षमताएं बनी रहेंगी। इनमें देश की तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था, मजबूत बाहरी स्थिति और मौजूदा राजकोषीय घाटे के लिए स्थिर घरेलू वित्तपोषण आधार शामिल है।

**PUBLIC NOTICE**

General Public is hereby informed that my clients Sh. Virender S/o Lt. Sh. Kartar Singh (Age 49 YO) & Smt. Sunita W/o Sh. Virender (Age 47 YO), both R/o- RZ-82/236, Gali No.8, Dayal Park, West Sagarpur, SouthWest Delhi, New Delhi-110046, have evicted/disowned their daughter-in-law i.e. Jyoti W/o Ashish, D/o Sunil Dhaka & Son i.e., Ashish S/o Virender from all their self-earned /acquired movable and immovable properties and had disowned, dis-inherited, debarred and severed all relations from them. Anyone dealing with their daughter-in-law i.e. Jyoti W/o Ashish(Age 24YO), D/o Sunil Dhaka & Son i.e., Ashish S/o Virender (Age 28YO), will be doing so at his own risk and cost and Sh. Virender S/o Lt. Sh. Kartar Singh (Age 49 YO) & Smt. Sunita W/o Sh. Virender (Age 47 YO) will not be liable for the same.

PRAVEEN NARAYAN (ADVOCATE)
Enrl. No.D/3027/19 Ch. No.622, Dwarka Courts, Delhi-75, P:7703995663

**PUBLIC NOTICE**

To be known to all that I, **Vivek Anand S/o Lt. Sh. Hakikat Rai Anand R/o A-2/130-B, First Floor, Paschim Vihar, New Delhi,** am the owner of **DDA MIG Flat No.130-B, First Floor, Pkt-A-2, Paschim Vihar, New Delhi,** lost/misplaced my **Original Possession Letter, and NOC for water and Electricity connection etc.** of the above said flat. An FIR to this effect has been lodged in Police Station, vide **LR No. 3250250/2025 dt. 29/09/2025.** Any person claiming any right, interest having any objection may write/contact with above named person at above address/phone No. 9899006100 within 15 days from the date of publication of this notice and can personally inform or write to Dy. Director (MIG)H or Asstt, Director(MIG) D-Block, Third Floor, Vikas Sadan, INA, New Delhi.

# युवा मन की भावनात्मक आवश्यकताओं से न हो खिलवाड़ राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य कार्य बल पर संगोष्ठी आयोजित

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶| गुरुग्राम



इंटरैक्ट सेंटर ने व्यावहारिक विज्ञान संकाय, विधि संकाय और फैकल्टी ऑफ एप्लाइड एंड बेसिक साइंस के सहयोग से अपनी पहली अंतरविषयक संगोष्ठी "संकट से देखभाल तकः राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य कार्य बल क्यों महत्वपूर्ण है? भारत के सर्वोच्च न्यायालय का एक ऐतिहासिक निर्णय" आयोजित की। इस संगोष्ठी का आयोजन प्रो. (डॉ.) आभा सिंह, प्रो वाइस चांसलर और प्रो. (डॉ.) रेणु मालवीय, डीन –एफबीएससी के प्रभावशाली नेतृत्व में किया गया। मनोविज्ञान, मनोरोग, फोरेंसिक और विधि के विशेषज्ञों ने चर्चा को समृद्ध किया और छात्रों की भलाई और मानसिक लचीलापन बढ़ाने में शैक्षणिक संस्थानों की सामूहिक जिम्मेदारी पर जोर दिया। डॉ. रोमा कुमार, वरिष्ठ सलाहकार मनोवैज्ञानिक, गंगा राम अस्पताल बचपन से ही लचीलापन विकसित करना आवश्यक है।

### विशिष्ट वक्ताओं में शामिल थे

- तुलना खुशी की दुश्मन है, फिर भी बच्चों से अक्सर अपेक्षाएं होती हैं कि वे एक निश्चित ढंग से प्रदर्शन करें। सामाजिक स्वीकृति का दबाव उनके मानसिक स्वास्थ्य पर असर डालता है। निरंतर मूल्यांकन बच्चों की व्यक्तिगतता को कमजोर करता है, इसलिए आत्म-मूल्य को तुलना से ऊपर रखना आवश्यक है।
  - डॉ. विपुल रस्तोगी, क्लिनिकल रीजनल हेड, सुकून हेल्थ
- आज के बच्चे कम उम्र से ही अकादमिक, सामाजिक और डिजिटल रूप से तीव्र प्रतिस्पर्धा का सामना करते हैं। उनके जिज्ञासु मन अक्सर इस दबाव में सही दिशा तलाशते हैं। सहानुभूति, संतुलित सीमाएं और रचनात्मक खोज के अवसर प्रदान करना उनके मार्गदर्शन के लिए महत्वपूर्ण है।
  - डॉ. रंजीत सिंह, संस्थापक एवं सीईओ, एसआईएफएस इंडिया, साइबर फोरेंसिक विशेषज्ञ
- अब समय आ गया है कि हम घर, स्कूल, कॉलेज, विश्वविद्यालय और प्रशिक्षण केंद्रों में युवा मनों (बच्चों, छात्रों) की भावनात्मक आवश्यकताओं के प्रति जागरूक हों और स्वस्थ वातावरण तैयार करें।
  - एडवोकेट अनुभुवनचंद्रन, एडवोकेट ऑन रिकॉर्ड, सर्वोच्च न्यायालय

**सूचना**

सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्पले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

### तीन को खुलेगा वीवर्क इंडिया का आईपीओ

**नई दिल्ली।** सह-कार्यशील स्थान परिचालक वीवर्क इंडिया ने अपने आगामी 3,000 करोड़ रुपये के आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) के लिए 615 से 648 रुपये प्रति शेयर का मूल्य दायरे तय किया है। कंपनी ने सोमवार को बयान में कहा कि यह निर्गम सार्वजनिक अभिदान के लिए तीन अक्टूबर को खुलेगा और सात अक्टूबर को बंद होगा।

## रुपया अब तक के अपने सबसे निचले स्तर पर

**एजेंसी : मुंबई।** अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में सोमवार को डॉलर के मुकाबले रुपया सात पैसे की गिरावट के साथ 88.79 (अस्थायी) के अपने अबतक के सबसे निचले स्तर पर बंद हुआ। विदेशी पूंजी की लगातार निकासी और जोखिम से बचने की धारणा में वृद्धि के कारण रुपये में गिरावट आई। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने कहा कि वैश्विक व्यापार अनिश्चितताओं और अमेरिकी वीजा शुल्क वृद्धि के भारत के आईटी सेवा निर्यात पर पड़ने वाले प्रभाव को लेकर निवेशकों की चिंता के कारण रुपया अपने सर्वकालिक निचले स्तर के आसपास मंडरा रहा है। इसके अलावा, एक अक्टूबर को भारतीय रिजर्व बैंक की मौद्रिक नीति समीक्षा बैठक के नतीजों से रुपये और सरकारी बॉन्ड की चाल पर असर पड़ने की संभावना है। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में, रुपया अमेरिकी मुद्रा के मुकाबले 88.69 पर खुला और अंततः सात पैसे की गिरावट के साथ 88.79 (अस्थायी) पर बंद हुआ, जो अब तक का इसका सबसे निचला बंद स्तर है। मिराए एसेट शेयरखान के शोध विश्लेषक (मुद्रा और जिंस) अनुज चौधरी ने कहा, "हमारा अनुमान है कि कमजोर घरेलू बाजारों और कच्चे तेल की बढ़ती कीमतों के कारण रुपया कमजोर बना रहेगा। आयातकों के माह के अंत में डॉलर मांग भी रुपये पर दबाव डाल सकती है।



# टेस्ला ने भारत में 'मॉडल वाई' की आपूर्ति शुरू की



एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

इलेक्ट्रिक वाहन कंपनी टेस्ला इंडिया ने सोमवार को कहा कि उसने जुलाई में पेश किए गए वाहन 'मॉडल वाई' की आपूर्ति शुरू कर दी है। कंपनी ने एक बयान में कहा कि मॉडल की पेशकश के दो महीने के भीतर ही इसकी आपूर्ति शुरू करना भारत में इलेक्ट्रिक वाहनों को खरीदने और टिकाऊ विकास के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण कदम है। कंपनी ने बताया कि नए मॉडल वाई के खरीदारों को उनके घर के भीतर चार्जिंग की आसान सुविधा के लिए पार्किंग क्षेत्र में मुफ्त वॉल कनेक्टर भी दिया जाएगा। अमेरिकी अरबपति एलन मस्क की कंपनी टेस्ला का मॉडल वाई वर्ष 2023 और 2024 में दुनिया का सबसे ज्यादा बिकने वाला इलेक्ट्रिक वाहन रहा है।

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**धारा 82 CrPC देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **पप्पू पुत्र** उदय कांत झा **निवासी** मकान नं0 21, गली नं0–1, एफ–ब्लॉक, दयालपुर, करावल नगर, दिल्ली, ने **FIR No. 343/2016, U/S 354D/506/509 IPC, पुलिस स्टेशन सदर बाज़ार, उत्तर जिला, दिल्ली,** के अधीन दंडनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किया गया गिरफ्तारी के वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **पप्पू** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **पप्पू** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR No. 343/2016, U/S 354D/506/509 IPC, पुलिस स्टेशन सदर बाज़ार, उत्तर जिला, दिल्ली,** के उक्त अभियुक्त **पप्पू** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **31.10.2025** को या इससे पहले हाज़िर हो।

आदेशानुसार
सुश्री मान्या
न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी (महिला कोर्ट)–02,
कमरा नं0–273, द्वितीय तल, सैंट्रल जिला,
तीस हजारी कोर्ट, दिल्ली

DP/12893/N/2025
(Court Matter)

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**(धारा 82 सीआरपीसी/84 भा.न.स.स.देखिए)**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि **सरताज** पुत्र श्री समशाद, निवासी- मकान संख्या 250, वेलकम, दिल्ली ने **प्रथम सूचना रिपोर्ट संख्या 205/2017 धारा 4(ए) दिल्ली पर्यटक दुर्व्यवहार निवारण अध्यादेश 2010, थाना कश्मीरी गेट, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है की किया है) और उस पर जारी किये गए गिरफ्तारी के वारंट को यह कह कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **सरताज** मिल नहीं रहा और मुझे समाधानप्रद रूप से दर्शित कर दिया गया है की उक्त अभियुक्त **सरताज** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा है)। इस लिए इस के द्वारा उद्घोषणा कि जाती है की उक्त अभियुक्त **सरताज, प्रथम सूचना रिपोर्ट संख्या 205/2017 धारा 4(ए) दिल्ली पर्यटक दुर्व्यवहार निवारण अध्यादेश 2010, थाना कश्मीरी गेट, दिल्ली** न्यायालय के समक्ष या मेरे समक्ष उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **01.11.2025** को या उससे पहले हाजिर हो।

आदेश से
**श्री वैभव गर्ग**
न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी-11
केंद्रीय, न्यायालय संख्या 138
तीस हजारी न्यायालय, दिल्ली

DP/12950/N/2025

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**(धारा 82 सीआरपीसी/84 भा.न.स.स.देखिए)**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि **अखिल शर्मा** पुत्र दिनेश कुमार शर्मा, निवासी- मकान संख्या एफ-24/184 सेक्टर 3, रोहिणी, दिल्ली ने **प्रथम सूचना रिपोर्ट संख्या 62/19 धारा 354डी/506/509 भा.द.स, थाना दक्षिण रोहिणी, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है की किया है) और उस पर जारी किये गए गिरफ्तारी के वारंट को यह कह कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **अखिल शर्मा** मिल नहीं रहा और मुझे समाधानप्रद रूप से दर्शित कर दिया गया है की उक्त अभियुक्त **अखिल शर्मा** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा है)। इस लिए इस के द्वारा उद्घोषणा कि जाती है की उक्त अभियुक्त **अखिल शर्मा, प्रथम सूचना रिपोर्ट संख्या 62/19 धारा 354डी/506/509 भा.द.स, थाना दक्षिण रोहिणी, दिल्ली** न्यायालय के समक्ष या मेरे समक्ष उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **20.12.2025** को या उससे पहले हाजिर हो।

आदेश से
**सुश्री नेहा गोयल**
मेट्रोपॉलिटन मजिस्ट्रेट
महिला न्यायालय-02
रोहिणी न्यायालय, दिल्ली

DP/12870/RD/2025

## राशिफल

**मेष** — किसी अज्ञात भय से परेशान हो सकते हैं। कारोबार के विस्तार में किसी मित्र का सहयोग मिल सकता है। स्वास्थ्य को लेकर परेशानी बनी रहेंगी।

**वृष** — मन में उतार–चढ़ाव रहेगा। नौकरी के परीक्षा एवं साक्षात्कारादि कार्यों में सफलता मिलेगी। आय में वृद्धि मिलेगी। सुस्वादु खानपान में रुचि रहेगी।

**मिथुन** — पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। लाभ के अवसर मिलेंगे। परिश्रम अधिक रहेगा। रहन–सहन अव्यवस्थित रहेगा। सुखद समाचार की प्राप्ति होगी।

**कर्क** — आत्मविश्वास तो बहुत रहेगा, परन्तु अति उत्साही होने से बचें। बातचीत में सन्तुलित रहें। कारोबार पर ध्यान दें। कठिनाइयां आ सकती है। संतान को कष्ट

**सिंह** — व्यर्थ के क्रोध से बचें। सम्पत्ति में वृद्धि हो सकती है। माता का साथ मिलेगा। पिता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। अज्ञात भय से परेशान रहेंगे।

**कन्या** — पठन–पाठन में रुचि रहेगी। शैक्षिक एवं बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता बढ़ेगी। बौद्धिक कार्यों से आय में वृद्धि हो सकती है। लाभ के अवसर मिलेंगे।

**तुला** — मन में आशा–निराशा के भाव हो सकते हैं। पिता का सानिध्य मिलेगा। कारोबार में परिवर्तन की सम्भावना बन रही है। धार्मिक कार्यों में रुचि बढ़ेगी।

**वृश्चिक** — परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान पर जा सकते हैं। यात्रा सुखद रहेगी। खर्च अधिक रहेंगे। सेहत का का ध्यान रखें। क्रोध की अधिकता रहेगी।

**धनु** — मन में उतार–चढ़ाव रहेंगे। तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे। किसी विशेष कार्य के लिए विदेश यात्रा के योग बन रहे हैं। व्यर्थ की चिंता रहेंगी।

**मकर** — क्रोध से बचें। लेखनादि–बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता बढ़ेगी। आय में वृद्धि होगी। किसी सम्पत्ति से भी धन मिल सकता है। मित्रों से भेंट हो सकती है।

**कुंभ** — रहन–सहन कष्टमय हो सकता है। कारोबार में सुधार होगा। परिवार का साथ मिलेगा। परिवार की किसी महिला से धन की प्राप्ति होगी।

**मीन** — पठन–पाठन में रुचि रहेगी। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। सन्तान के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। खर्च अधिक रहेंगे। भाइयों से मनमुटाव की स्थिति रहेगी।

# मारुति बनी दुनिया की आठवीं मोस्ट-वैल्युएबल ऑटोमेकर कंपनी

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारतीय कार निर्माता मारुति सुजुकी ने ग्लोबल ऑटो इंडस्ट्री में अपनी ताकत का फिर से सबूत दिया है। कंपनी ने दुनिया के सबसे वैल्युएबल ऑटोमेकरों की लिस्ट में आठवां स्थान हासिल किया है। बता दें कि मारुति सुजुकी की कुल मार्केट कैप लगभग 57.6 बिलियन डॉलर है।

- ग्लोबल रैंकिंग में नंबर एक पर रही टेस्ला
- मारुति सुजुकी का कुल मार्केट कैप लगभग 57 .6 बिलियन डॉलर

इस उपलब्धि के साथ मारुति सुजुकी ने फॉक्सवैगन, फोर्ड, जनरल मोटर्स जैसे दिग्गजों से आगे निकल गई है। खबर के अनुसार, भारतीय मार्केट में बजटफ्रेंडली छोटी कारों ने कंपनी को घरेलू ग्राहकों के बीच मजबूत पकड़ दी है। कंपनी के वैश्विक निर्यात में भी बढ़ोतरी दर्ज की गई।

## मारुति सुजुकी ने फोर्ड और फॉक्सवैगन को भी पीछे छोड़ा


### जीएसटी में कमी का फायदा


मार्केट एक्सपर्ट के अनुसार, मारुति सुजुकी की यह ग्लोबल सफलता कई कारकों का नतीजा है। इनमें से एक महत्वपूर्ण वजह भारत में नए जीएसटी स्ट्रक्चर का होना है। बता दें कि जीएसटी सुधार के बाद कंपनी की छोटी कारों की कीमतें और अधिक किफायती हो गई हैं जिससे ग्राहकों की बुकिंग में भारी उछाल देखने को मिला। इसके अलावा, नए जीएसटी स्ट्रक्चर के बाद विदेशी निवेशकों की नजरें भारतीय ऑटो स्टॉक्स पर लौट आई हैं जिससे वो सबसे भरोसेमंद ब्रांड के रूप में देखा जा रहा है।



### नंबर-1 पर है टेस्ला

ग्लोबल रैंकिंग की बात करें तो टेस्ला इस समय टॉप पर है। टेस्ला का मार्केट कैप 1.4 ट्रिलियन डॉलर है। इसके बाद टोयोटा का स्थान है जिसकी मार्केट कैप 314 बिलियन डॉलर है। जबकि तीसरे स्थान पर बीवाईडी है, 133 बिलियन डॉलर के साथ। इसके अलावा, फेरारी, बीएमडब्ल्यू और मर्सिडीज-बेंज क्रमशः चौथे, पांचवें और छठे स्थान पर हैं। मारुति सुजुकी का मार्केट कैप 57.6 बिलियन डॉलर है जो फोर्ड ( 46.3 बिलियन डॉलर), जनरल मोटर्स ( 57.1 बिलियन डॉलर) और फॉक्सवैगन ( 55.7 बिलियन डॉलर) से अधिक है।





# विश्व कप मिशन : घरेलू जमीन पर इतिहास रचने उतरेगी भारतीय महिला टीम

एजेंसी ▸▸ गुवाहाटी

अच्छे फॉर्म में चल रही भारतीय महिला क्रिकेट टीम घरेलू मैदानों पर खेलने का फायदा उठाकर 47 साल बाद पहला आईसीसी खिताब जीतने के इरादे से मंगलवार को श्रीलंका के खिलाफ वनडे विश्व कप के पहले मैच में उतरेगी। विश्व रैंकिंग में तीसरे स्थान पर काबिज हरमनप्रीत कौर की अगुवाई वाली टीम 13वें विश्व कप में हालात से वाकफियत का पूरा फायदा उठाना चाहेगी। टूर्नामेंट 12 साल बाद भारत में हो रहा है। इसमें आठ शीर्ष टीमें आस्ट्रेलिया, इंग्लैंड, भारत, न्यूजीलैंड, दक्षिण अफ्रीका, श्रीलंका, बांग्लादेश और पाकिस्तान भाग लेंगी। सभी टीमें भारत में चार और कोलंबो में एक स्थान पर 28 लीग मैच राउंड रॉबिन आधार पर खेलेंगी।

### ईनामी राशि रिकॉर्ड 13.88 मिलियन डॉलर होगी

इस बार विश्व कप में ईनामी राशि रिकॉर्ड 13.88 मिलियन डॉलर है, जो 2022 की तुलना में चार गुना अधिक है। पुरुषों के 2023 विश्व कप में ईनामी राशि 10 मिलियन डॉलर थी और यह उससे भी अधिक है। श्रीलंका में 11 राउंड रॉबिन मैच खेले जाएंगे, जिसमें पाकिस्तान के 7 लीग मैच और भारत के खिलाफ 5 अक्टूबर का मैच शामिल है। एक सेमीफाइनल भी वहां होगा और पाकिस्तान फाइनल में पहुंचता है तो फाइनल भी वहीं खेला जाएगा।

### स्मृति बल्लेबाजी की धुरी

मौजूदा फॉर्म को देखें तो भारतीय टीम ने हाल ही में इंग्लैंड को वनडे और टी20 श्रृंखलाओं में हराया है। इसके अलावा आस्ट्रेलिया के खिलाफ भी हार का सिलसिला तोड़ा है। भारतीय टीम ने आस्ट्रेलिया के खिलाफ दिल्ली में आखिरी वनडे में जीत के लिए 413 रन का लक्ष्य लगभग पार कर ही लिया था। भारतीय उपकप्तान स्मृति मंधाना बल्लेबाजी की धुरी रही हैं, जो शानदार फॉर्म में हैं। उन्होंने इस साल चार वनडे शतक लगाए और उनका स्ट्राइक रेट 115.85 रहा है। युवा सलामी बल्लेबाज प्रतिका रावल के साथ उन्होंने भारत को अच्छी शुरुआत दी है।

- महिला विश्व कप का पहला मैच आज दोपहर 3 बजे से गुवाहाटी में भारत और श्रीलंका के बीच



### भारतीय टीम को दबाव में आने की आदत से पार पाना होगा

भारतीय टीम को बड़े मौकों पर दबाव में आने की आदत से भी पार पाना होगा। विश्व कप 2017 में जीत के करीब पहुंचकर टीम ने मैच गंवा दिया था और 2022 राष्ट्रमंडल खेल फाइनल में भी मामूली अंतर से आस्ट्रेलिया से हारी थी। टूर्नामेंट की सह मेजबान श्रीलंकाई टीम 2022 विश्व कप के लिए क्वालीफाई नहीं कर सकी थी। श्रीलंका की उम्मीदें 20 वर्ष की हरफनमौला ड्यूमी विहांगा पर टिकी हैं जिसने त्रिकोणीय श्रृंखला में 11 विकेट लिये थे।

### रेणुका की चोट के बाद वापसी

वहीं पांचवां विश्व कप खेल रही हरमनप्रीत बड़े टूर्नामेंटों में हमेशा अच्छा खेलती हैं। उन्होंने आस्ट्रेलिया के खिलाफ अर्धशतक और इंग्लैंड के खिलाफ शतक लगाया था। चोट से उबरी जेमिमा रौड्रिग्स ने इंग्लैंड के खिलाफ अभ्यास मैच में 66 रन बनाए थे और वह मध्यक्रम को मजबूती देती हैं। रिचा घोष, हरलीन देयोल और दीप्ति शर्मा बल्लेबाजी को गहराई देते हैं जबकि अमनजोत कौर सीम गेंदबाजी हरफनमौला हैं। रेणुका सिंह चोट के बाद वापसी कर रही हैं, जिससे तेज आक्रमण मजबूत हुआ है। बाईस बरस की क्रांति गौड़ ने भी तेज गेंदबाजी में विविधता दिखाई है।

### दीप्ति, राधा, स्नेह और श्रीचरणी पर दारोमदार

इस साल इंग्लैंड दौरे पर चेस्टर ली स्ट्रीट में 52 रन देकर छह विकेट लेने वाली गौड़ जसप्रीत बुमराह और कुलदीप यादव के बाद इंग्लैंड में वनडे में छह विकेट लेने वाली तीसरी भारतीय खिलाड़ी है। रेणुका के अलावा भारत के तीन अन्य तेज गेंदबाजों क्रांति, अरुंधति रेड्डी और अमनजोत ने मिलकर 25 वनडे खेले हैं और गेंदबाजों ने हाल ही में 300 से अधिक स्कोर बनाने का विरोधी टीम को मौका दिया है। रेड्डी को अभ्यास मैच के दौरान चोट भी लगी थी जबकि अमनजोत ने भी चोट से उबरकर न्यूजीलैंड के खिलाफ वापसी की है। स्पिनर दीप्ति शर्मा, राधा यादव, स्नेह राणा और एन. श्री चरणी पर काफी दारोमदार होगा।

## खबर संक्षेप



### भारत का क्लीन स्वीप ओजस्वी के स्वर्ण पदक

**नई दिल्ली।** ओजस्वी ठाकुर की अगुआई में भारत ने आईएसएसएफ जूनियर निशानेबाजी विश्व कप की 10 मीटर महिला एयर राइफल स्पर्धा में पदकों का क्लीन स्वीप किया। ओजस्वी के स्वर्ण के अलावा हृदया श्री कोंदुर और शंभावी क्षीरसागर ने क्रमशः रजत और कांस्य पदक हासिल किया। ओजस्वी ने कर्णी सिंह निशानेबाजी रेंज में फाइनल में अपने आठवें और 16वें शॉट में 10.9 के परफेक्ट स्कोर के साथ कुल 252.7 अंक के साथ खिताब जीता। हृदया श्री 250.2 अंक के साथ दूसरे जबकि क्वालीफिकेशन में शीर्ष पर रही शंभावी 229.4 अंक के आथ तीसरे स्थान पर रही। भारतीय तिकड़ी ने क्वालीफिकेशन में भी दबदबा बनाते हुए पहले तीन स्थान हासिल किए। शंभावी 632.0 अंक के साथ शीर्ष पर रहीं जबकि उनके बाद ओजस्वी ने 631.9 और हृदया श्री ने 629.8 अंक जुटाए। क्वालीफिकेशन में आठवें स्थान पर रहीं क्रोएशिया की अनामरिजा तुर्क ने फाइनल में 206.6 अंक के साथ चौथा स्थान हासिल किया।

### सहजा-श्रीवल्ली को बीजेके कप में टीम की कमान

**नई दिल्ली।** अखिल भारतीय टेनिस संघ (एआईटीए) ने 14-16 नवंबर तक बेंगलुरु में होने वाले बिली जीन किंग (बीजेके) कप प्ले ऑफ के लिए सहजा यमलापल्ली की अगुवाई में पांच सदस्यीय टीम की घोषणा की। राष्ट्रीय चयन पैनल ने रैंकिंग के अनुसार सहजा (347), श्रीवल्ली भामिदीपति (374), अंकिता रैना (447), रिया भाटिया (499) और युगल विशेषज्ञ प्रार्थना थोम्बारे (131) को चुना। वैदेही चौधरी रिजर्व खिलाड़ी होंगी। जील देसाई और श्रुति अहलावत को प्रशिक्षण शिविर का हिस्सा बनने के लिए आमंत्रित किया गया है। भारत को स्लोवेनिया और नीदरलैंड के साथ ग्रुप जी में रखा गया है। इस ग्रुप की विजेता टीम को 2026 क्वालीफायर में जगह मिलेगी जबकि अन्य दो टीमें अगले साल ग्रुप एक में प्रतिस्पर्धा करेंगी। विशाल उप्पल टीम के कप्तान होंगे जबकि राधिका कानिटकर कोच होंगी।



### ताइवान मास्टर्स : संयुक्त 43वें स्थान पर संधू



**ताइपे सिटी।** भारतीय गोल्फर युवराज संधू अंतिम दौर में दो ओवर 74 के स्कोर से मरकरीज ताइवान मास्टर्स गोल्फ टूर्नामेंट में संयुक्त रूप से 43वें स्थान पर रहे। प्रतियोगिता के अंतिम दिन खिलाड़ियों को जूझना पड़ा और बहुत कम खिलाड़ी ही अंडर पार का स्कोर बना पाए। संधू ने अंतिम दौर में चार बर्डी, तीन बोगी और एक ट्रिपल बोगी की। थाईलैंड के रतानोन वनासरिचान ने अंतिम दौर में एक ओवर 73 के स्कोर से पांच अंडर के कुल स्कोर के साथ एक शॉट के अंतर से खिताब जीता।

# टूर्नामेंट में अजेय रहा भारत, अभिषेक, कुलदीप ने बिखेरी चमक, सूर्यकुमार, हार्दिक रहे नाकाम

**एशिया कप में अभिषेक ने बनाए सर्वाधिक 314 रन और कुलदीप ने झटके 17 विकेट**

एजेंसी ▸▸ दुबई

भारत और पाकिस्तान के बीच तल्ख रिश्तों के कारण एशिया कप में मैदान से बाहर की चीजें काफी हावी रही लेकिन इस हंगामे के बीच प्रतिभा की चमक, नए सितारों का उदय और असफलता के आंसू देखने को मिले। भारत पूरे टूर्नामेंट के अपने सात मैचों के दौरान अजेय रहा। टीम को हालांकि श्रीलंका ने सुपर चार के महत्वहीन मैच में कड़ी टक्कर दी और पाकिस्तान के खिलाफ फाइनल मुकाबले का फैसला भी टूर्नामेंट के आखिरी ओवर में हुआ। पाकिस्तान ने भारत के खिलाफ खेले गए तीनों मैचों को छोड़कर अपने बाकी सभी मैच जीते। गत चैंपियन श्रीलंका को सुपर चार चरण में पाकिस्तान और बांग्लादेश से हार का सामना करना पड़ा। टूर्नामेंट से पहले अफगानिस्तान से काफी उम्मीदें थे लेकिन टीम सुपर चार चरण में पहुंचने में विफल रही।



### सूर्यकुमार मैच फीस करेंगे सशस्त्र बलों और पहलगाम पीड़ितों को दान

कप्तान सूर्यकुमार यादव एशिया कप से मिलने वाली पूरी मैच फीस भारतीय सशस्त्र बलों और पहलगाम आतंकवादी हमले के पीड़ितों को दान करेंगे। भारत ने रविवार को पाकिस्तान को पांच विकेट से हराकर एशिया कप जीता। सूर्यकुमार ने मैच के बाद एक्स पर लिखा,' मैंने इस टूर्नामेंट से अपनी पूरी मैच फीस हमारे सशस्त्र बलों और पहलगाम आतंकवादी हमले के पीड़ितों को दान करने का फैसला किया है। आप हमेशा मेरे ख्यालों में हैं। जय हिंद।' भारतीय खिलाड़ियों को टी20 प्रारुप में हर मैच में चार लाख रुपए मिलते हैं यानी टूर्नामेंट के सात मैचों के लिए सूर्यकुमार को 28 लाख रुपए मिलेंगे। सूर्यकुमार ने 14 सितंबर को पहले ग्रुप मैच में पाकिस्तान पर मिली जीत को पहलगाम आतंकवादी हमले के पीड़ितों और भारतीय सशस्त्र बलों को समर्पित किया था। पाकिस्तान ने उन पर राजनीतिक बयान देने का आरोप लगाकर आईसीसी से शिकायत दर्ज कराई थी और उन पर प्रतिबंध की भी मांग की थी।

### उतार-चढ़ाव से भरे टूर्नामेंट की समाप्ति पर आंकड़ों का विश्लेषण

- भारत का यह नौवां एशिया कप खिताब (वनडे और टी20 प्रारुपों को मिलाकर) है। यह टी20 अंतरराष्ट्रीय में लक्ष्य का पीछा करते हुए पाकिस्तान के खिलाफ भारत की लगातार नौवीं जीत भी है।
- अभिषेक शर्मा ने टी20 प्रारुप के रैंकिंग में शीर्ष स्थान को सही साबित करते हुए सात मैचों में 314 रन बनाए। इस दौरान उन्होंने तीन अर्धशतक जड़े और उनका सर्वोच्च स्कोर 75 का रहा। बायें हाथ के इस सलामी बल्लेबाज ने 44.85 की औसत और 200 के स्ट्राइक रेट से रन बनाकर भारत को ज्यादातर मैचों में ताबड़तोड़ शुरुआत दिलाई।
- भारतीय कप्तान सूर्यकुमार यादव ने टूर्नामेंट में संघर्ष किया और सात मैचों में केवल 72 रन बनाए, जिसमें उनका उच्चतम स्कोर नाबाद 47 रन रहा। उप-कप्तान शुभमन गिल के प्रदर्शन में भी निरंतरता की कमी रही। उन्होंने सात मैचों में 47 के सर्वोच्च स्कोर के साथ 127 रन बनाए।
- तिलक वर्मा टूर्नामेंट के बड़े सितारों में से एक बनकर उभरे। उन्होंने सात मैचों में 213 रन बनाए, जिसमें पाकिस्तान के खिलाफ फाइनल में मैच जीतने वाली 69 रन की नाबाद पारी शामिल थी। यह टूर्नामेंट में उनका उच्चतम स्कोर भी था।
- हरफनमौला हार्दिक पांड्या के लिए भी यह टूर्नामेंट साधारण रहा। वह चोट के कारण फाइनल नहीं खेल सके। उन्होंने छह मैचों में 48 रन बनाए और चार विकेट लिए (120 रन देकर), उनका इकोनॉमी रेट 8.57 रहा।
- सुपर चार मैच में भारत के खिलाफ अपनी 'बंदूक दिखाने जैसे जश्न' के लिए आलोचना का सामना करने वाले सलामी बल्लेबाज साहिबजादा फरहान ने सात मैचों में 58 के सर्वोच्च स्कोर के साथ 217 रन बनाए। वह पाकिस्तान के लिए सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज रहे।

### भारत-पाक खिलाड़ियों के बीच तनातनी

भारतीय टीम एशिया कप चैंपियन बनीं लेकिन पूरे टूर्नामेंट में टीम के शानदार प्रदर्शन की जगह भारत और पाकिस्तान के बीच मैदान पर अपेक्षित सौहार्द की जगह तनातनी ने सुर्खियां बटोरी, जहां दोनों टीमों के खिलाड़ियों ने मैच के दौरान और इसके बाद आक्रामक रवैया दिखाया। यह टूर्नामेंट शुरू से ही तनावपूर्ण रहा और फाइनल तक माहौल और गर्मा गया। भारत ने रविवार को रोमांचक फाइनल में पांच विकेट से जीत दर्ज की। इस टकराव की शुरुआत उस समय हुई जब भारत ने पहलगाम आतंकी हमले और भारतीय सुरक्षाबलों के समर्थन में पाकिस्तान के खिलाड़ियों से हाथ मिलाने से इनकार कर दिया। फाइनल आते-आते यह पूरी तरह एक दूसरे के खिलाफ टकराव जैसी स्थिति में बदल गया। भारतीय तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह ने 18वें ओवर में एक शानदार यॉर्कर से हारिस रऊफ को बोल्ड किया और इसका जश्न सुपर चार चरण में रऊफ के 'विमान गिरने' के इशारे की नकल कर बनाया।

### वे काफी कुछ कह रहे थे, मैं बस बल्ले से जवाब देना चाहता था : तिलक

तिलक वर्मा एशिया कप के फाइनल के दौरान जब क्रीज पर आए तो पाकिस्तान के खिलाड़ियों ने उनके खिलाफ 'काफी टीका-टिप्पणी' की जिसने इस भारतीय बल्लेबाज को उनके अब तक के करियर की सबसे शानदार पारियों में से एक खेलने के लिए प्रेरित किया। शुरुआती ओवरों में विकेट गिरने के कारण भारतीय टीम मुश्किल स्थिति में थी। दोनों टीमों के बीच तनाव वाले माहौल के बीच तिलक को बहुत कुछ कहा भी गया, लेकिन उन्होंने अपना संयम बनाए रखा और काफी दबाव वाली परिस्थितियों में कमाल की बल्लेबाजी की।

### भारतीय खिलाड़ियों ने सोशल मीडिया पर ट्रॉफी की 'इमोजी' के साथ मनाया जीत का जश्न

रऊफ ने इस हरकत से भारत के 'ऑपरेशन सिंदूर' का मजाक उड़ाया था। भारतीय सेना ने पहलगाम में 26 पर्यटकों की हत्या के बाद पाकिस्तान के खिलाफ 'ऑपरेशन सिंदूर' नामक सैन्य अभियान चलाया था। फाइनल में रऊफ के विकेट उखाड़ने के बाद बुमराह की यह प्रतिक्रिया उसी मजाक उड़ाने की कोशिश का करारा जवाब था। भारत ने बेहद तनावपूर्ण माहौल में खेले गए फाइनल मैच में कई बार पिछड़ने के बाद शानदार वापसी करते हुए यादगार जीत दर्ज की। नकवी पुरस्कार समारोह के दौरान मंच से उतरने को तैयार नहीं थे और भारतीय खिलाड़ी उनके हाथों पुरस्कार नहीं लेना चाहते थे। भारतीय खिलाड़ियों ने इसके बाद सोशल मीडिया पर ट्रॉफी की 'इमोजी' के साथ जीत का जश्न मनाया।

**चीन ओपन**

## स्वियातेक ने जीता 400वां मैच, चौथे दौर में पहुंची

### अगले दौर में अमेरिका की ऐमा नवारो से भिड़ेंगी



एजेंसी ▸▸ बीजिंग

विंबलडन चैंपियन इगा स्वियातेक ने कैमिला ओसोरियो को हराकर करियर की 400वीं जीत दर्ज की और चीन ओपन टेनिस टूर्नामेंट के चौथे दौर में जगह बनाई।

डब्ल्यूटीए-1000 प्रतियोगिता में लगातार तीन साल 25 या इससे अधिक जीत दर्ज करने वाली पहली खिलाड़ी स्वियातेक ने कोलंबिया की ओसोरियो के 0-6 के स्कोर पर मुकाबले के बीच से हटने पर अगले दौर में प्रवेश किया। पिछले हफ्ते सियोल में कोरिया ओपन का खिताब जीतने वाली शीर्ष वरीय स्वियातेक ने चार बार फ्रेंच ओपन और एक बार अमेरिकी ओपन का भी खिताब जीता है। वह अगले दौर में अमेरिका की ऐमा नवारो से भिड़ेंगी।

### मीरा ने जेसिका को 6-4, 6-1 से हराया



अन्य मुकाबलों में चौथी वरीय मीरा आंद्रीवा ने जेसिका बोजास मनेइरो को 6-4, 6-1 से हराया जबकि मार्ता कोस्त्युक ने एलियकसांद्रा सेसनोविच को 6-4, 6-2 से हराया। नवारो जब लोइस बोइसन के खिलाफ 6-2, 1-0 से आगे चल रही थी तो फ्रांस की खिलाड़ी ने मुकाबले से हटने का फैसला किया। महिला प्रतियोगिता के साथ ही हो रहे एटीपी 500 पुरुष टूर्नामेंट में शीर्ष वरीय यानिक सिनर ने फाबियान मारोजसान को 6-1, 7-5 से हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया। इटली के 24 साल के सनिर अगले दौर में तीसरे वरीय एलेक्स डि मिनोर से भिड़ेंगे, जिन्होंने चोट के कारण जाकुब मेनसिक के 1-4 के स्कोर पर मुकाबले से हटने पर अगले दौर में जगह बनाई।

## जापान ओपन : शीर्ष वरीयता जोड़ी को हराकर फाइनल में बोपन्ना-युजुकी

एजेंसी ▸▸ टोकियो

भारत के अनुभवी टेनिस खिलाड़ी रोहन बोपन्ना और जापान के उनके जोड़ीदार ताकेरु युजुकी ने सत्र का अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए सेमीफाइनल में शीर्ष वरीयता प्राप्त क्रिश्चियन हैरिसन और इवान किंग की अमेरिका की जोड़ी को बेहद रोमांचक मैच में हराकर खिताबी मुकाबले का टिकट पक्का किया।



बोपन्ना और युजुकी ने धैर्य दिखाते हुए हैरिसन और किंग को 4-6, 6-3, 18-16 से हराया बोपन्ना और युजुकी ने पहला सेट गंवाने के बाद दूसरे सेट में जोरदार वापसी की और फिर मैराथन सुपर टाई-ब्रेक में धैर्य बनाए रखा। उन्होंने तीसरे मैच प्वाइंट को भुनाकर मुकाबला अपने नाम किया। इस दौरान 44 वर्षीय बोपन्ना ने अपनी शानदार सर्विस का अच्छा इस्तेमाल किया, जबकि युजुकी ने शानदार रिटर्न और नेट के इस्तेमाल प्रभावित किया। इस जीत से बोपन्ना एक और फाइनल में पहुंच गए हैं। इससे पहले, 2025 में बोपन्ना का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन क्वीन्स क्लब में एटीपी 500 के क्वार्टर फाइनल तक पहुंचना था।

## क्रिस वोक्स ने क्रिकेट को कहा अलविदा



**लंदन।** इंग्लैंड के ऑलराउंडर क्रिस वोक्स ने पिछले हफ्ते एशेज टीम में जगह नहीं मिलने के बाद अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास की घोषणा की। तेज गेंदबाजी ऑलराउंडर वोक्स ने इंग्लैंड के क्रिकेटर के रूप में अपने 15 साल के करियर में 62 टेस्ट मैच खेले, जिसमें उन्होंने 2034 रन बनाए और 192 विकेट लिए। वोक्स (36 वर्ष) ने 122 एकदिवसीय और 33 टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच भी खेले, जिनमें उन्होंने क्रमशः 1524 और 147 रन बनाए। उन्होंने सफेद गेंद के प्रारुप में कुल 204 विकेट चटकाए। वोक्स ने कहा, 'वह क्षण आ गया है और मैंने फैसला किया है कि मेरे लिए अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लेने का सही समय आ गया है।' वोक्स ने अपना आखिरी टेस्ट मैच भारत के खिलाफ द ओवल में खेला था जब वह पांचवें टेस्ट में मेहमान टीम को श्रृंखला बराबर करने से रोकने की नाकाम कोशिश करते हुए अपनी बांह को पट्टी से बांधकर बल्लेबाजी करने आए थे। उन्होंने कहा, 'इंग्लैंड के लिए खेलना एक ऐसी चीज थी, जिसका मैं बचपन से ही सपना देखता था और मैं उन सपनों को जीने के लिए बेहद भाग्यशाली महसूस करता हूं।' वोक्स ने कहा, 'इंग्लैंड का प्रतिनिधित्व करना, 'थ्री लायंस' के ठप्पे वाली जर्सी पहनना और पिछले 15 वर्षों में टीम के साथियों के साथ मैदान साझा करना, ऐसी चीजें हैं, जिन्हें मैं बहुत गर्व के साथ याद करूंगा।' वोक्स इंग्लैंड की दो आईसीसी विश्व कप जीत का हिस्सा थे।

**ग्नजडिलोव का तीसरा विश्व चैंपियनशिप खिताब**

## डेनिस ने तोड़ा विश्व रिकॉर्ड, गोला फेंक में जीता गोल्ड

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

तटस्थ पैरालंपिक एथलीट (एनपीए) डेनिस ग्नजडिलोव ने विश्व पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप के तीसरे दिन सोमवार को एफ40 गोला फेंक में दो बार विश्व रिकॉर्ड तोड़ने के साथ स्वर्ण पदक जीता। रूस के 38 वर्षीय इस खिलाड़ी ने अपने शुरुआती प्रयास में 10.66 मीटर की दूरी हासिल की लेकिन इसके बाद के उनके चारों प्रयास स्वर्ण पदक के लिए काफी थे। उन्होंने अपने तीसरे प्रयास में 11.85 मीटर की दूरी के साथ पैरालंपिक स्वर्ण पदक विजेता पुर्तगाल के मिगुएल मोंटेइरो के विश्व रिकॉर्ड को तोड़ा और फिर अपने पांचवें प्रयास में इसमें सुधार करते हुए 11.92 मीटर की दूरी हासिल की। तोक्यो 2020 पैरालंपिक स्वर्ण पदक विजेता ग्नजडिलोव का यह तीसरा विश्व चैंपियनशिप खिताब है।



### दयावंती ने चक्का फेंक में हासिल किया चौथा स्थान

इस दौरान चुनौती पेश कर रहे भारतीय खिलाड़ियों में दयावंती ने सोमवार सुबह महिलाओं की चक्का फेंक एफ46 फाइनल में अपने आखिरी प्रयास में 27.94 मीटर का थ्रो करके चौथा स्थान हासिल किया। इस थ्रो से उन्होंने एशियाई रिकॉर्ड तो बनाया लेकिन वह कांस्य पदक विजेता अमेरिका की एलिसिया ग्युरेरो से 1.51 मीटर पीछे रह गईं। आयुष वर्मा पुरुषों की गोला फेंक एफ5 फाइनल में पांचवें स्थान पर रहे। उनका सर्वश्रेष्ठ प्रयास 7.23 मीटर का रहा जो कांस्य पदक जीतने वाले खिलाड़ी से 97 सेंटीमीटर कम था।

### पोलैंड पदक तालिका में शीर्ष पर पहुंचा

यूक्रेन पर हमले के बाद से रूस और बेलारूस पर प्रतिबंध के कारण इन दोनों देशों के खिलाड़ी एनपीए के तहत प्रतिस्पर्धा कर रहे हैं। छोटे कद के खिलाड़ियों की इस स्पर्धा में पुर्तगाल के मिगुएल मोंटेइरो (11.31 मीटर) और इराक के गर्राह तनायश (10.86 मीटर) ने कांस्य पदक जीता। सोमवार सुबह को दो अन्य चैंपियनशिप रिकॉर्ड कायम हुए और इस दौरान पोलैंड पदक तालिका में शीर्ष पर पहुंच गया। पुरुषों की गोला फेंक एफ53 फाइनल में पोलैंड के बार्टोस्ज गोरजाक ने 8.67 मीटर का थ्रो करके मीट रिकॉर्ड को अपने नाम किया। महिलाओं के चक्का फेंक एफ44 फाइनल में मैक्सिको की ओसिरिस एनेथ माचाडो ने 44.36मीटर के थ्रो के साथ चैंपियनशिप रिकॉर्ड बनाते हुए स्वर्ण पदक हासिल किया। फौस्टिना कोटलोव्स्का ने महिलाओं की चक्का फेंक एफ 64 स्पर्धा में पोलैंड को दिन का दूसरा स्वर्ण पदक दिलाया। इन दो स्वर्ण पदकों की मदद से पोलैंड पदक तालिका में चार स्वर्ण और चार कांस्य पदकों के साथ शीर्ष पर पहुंच गया। वह ब्राजील (तीन स्वर्ण, पांच रजत, दो कांस्य) और चीन (तीन स्वर्ण, चार रजत, तीन कांस्य) से आगे निकल गया।

हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक देवेन्द्र सिंह बाल्यान द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सैंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली-110035 से प्रकाशित। सम्पादक : डॉ.हिमांशु द्विवेदी। आरएनआई नं 69631/1998, फोन : 011-40451115/16, 40451109


Hero
1.25M
CELEBRATING
125 MILLION CUSTOMERS
★★★★★
हीरो का स्कूटर
स्कूटर का हीरो
SCAN TO WATCH OUR
NEW HERO DESTINI FILM
— THE ALL NEW —
Destini
125
बड़े और चौड़े एलॉय व्हील्स
प्रीमियम क्रोम एक्सेंट्स
बड़ी और आरामदायक सीट 785mm
बेस्ट-इन क्लास माइलेज#
सेगमेंट में पहली बार ऑटो-कैंसल विंकर्स
पुराना एक्स-शोरूम | GST बेनिफिट्स | नया एक्स-शोरूम
₹82 266** से शुरू | ₹6 428** | ₹75 838** से शुरू
सीमित समय ऑफ़र
प्रतिदिन की EMI ₹75$ से शुरू
डाउन पेमेंट ₹1999$ से शुरू
इंस्टेंट डिस्काउंट ₹10 000$ तक
HDFC BANK FESTIVE TREATS क्रेडिट कार्ड
Powered by pine labs
INDIA'S FIRST 5 YEAR WARRANTY*
*Conditions apply
Hero GoodLife
जीतने का मौका
100% कैशबैक | 24 कैरेट सोने का सिक्का
और भी बहुत सुनिश्चित बेनिफिट्स*
Also available on
Flipkart amazon.in
Hero MotoCorp Ltd. Regd. Office: The Grand Plaza, Plot No.2, Nelson Mandela Road, Vasant Kunj Phase - II, New Delhi - 110070, India. | CIN: L35911DL1984PLC017354 | For further information, contact your nearest Hero MotoCorp authorised outlet or visit us on www.HeroMotoCorp.com. Accessories and features shown may not be a part of standard fitment. Always wear a helmet while riding a two-wheeler. **Ex-showroom price of Destini 125 in Delhi and may change without any prior notice. $Finance offer is at the sole discretion of the Financier, subject to its respective T&Cs. Available at select dealerships. #Based on the testing report of govt. Certified agency. Actual mileage may vary as per riding conditions. As per cumulative dispatch numbers till August 2025. *T&C apply.
TOLL FREE
1800 266 0018
Authorised Dealers: South Delhi:Lajpat Nagar: Sapphire Hero- 9289923175, Pashupati HeroAdchini (Main Mehrauli Road)- 9289922381, Singla HeroPulPrahladpurBadarpur- 9289922771, Okhla Phase II: ARC Hero-9289922461, East Delhi:Durgapuri(Loni Road, Shahadra):Himgiri Hero- 9289922380, PushtaKartar Nagar: Aman Hero- 9289922735, Dilshad Garden: RK Hero- 9289923010, PatparganjPandav Nagar:SinglaAutoneeds Hero- 9289923222, North Delhi:Azadpur: ShramanHero- 9289923185, Pitampura:Shraman Hero – 9289924252,Rithala (Rohini): Metro Hero- 9289922597,BudhVihar:JMD Autoworld Hero- 9289924188, Central Delhi:Karol Bagh(Faiz Road):EssAay Hero- 9289922382, Upper India Hero- 9289924343, West Delhi:Roshan Vihar (Najafgarh):Avni Hero- 9289922671, PaschimVihar (Peeragarhi):Shivganga Hero-9289922796, PalamDabri Road (Dwarka):Singla Hero- 9289922530, Tilak Nagar: Khanna Hero- 9289922383, Bali Nagar: Khanna Hero- 9289924309, Nawada: Khanna Hero- 9289924310.Ghaziabad: Globe Hero- Meerut, Delhi Road- 9289922073, Aman Hero- Shiv Puri, Vijay Nagar- 9289232123;Sahibabad:Sahib Hero- 9289922486; Noida: Dhansri Hero, H-206A, Sector 63- 9289923044, Uppal Hero (B 124, Sector-5)- 9289922462, Singla Hero (C-70, Sector-58)- 9289923059; BulandShahr: Shri Durga Hero, Delhi Road- 9289922504, Krishna Hero, RajeBabu Road- 9289922410, Hapur: Globe Hero- 9289923209,Gurugram: Globe Agencies, Sec–18, Noble Enclave- 9289233915, Himgiri Hero- 9289923046, Sharma Hero, Basai Road Sector 11- 9289923221, Autoneeds Hero- 9289922051, Jasodha Hero- 9289922495, Himgiri Hero (Wazirabad)- 9289924247, Himgiri Hero (Railway Road)- 9289924248;Sohna:Auto Links Hero, No. 160/2 Delhi Road- 9289924089; Faridabad:Sehgal Hero- 9289922419, Sehgal Hero, NIT- 7217627327.
RS/Hero/09/25